# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



महादेव हिल का खूबसूरत नजारा

# बड़ा फैसला होगा- 80 एकड़ के लॉजिस्टिक हब के संचालन की जिम्मेदारी दुबई की कंपनी को दी जाएगी


## राजा भभूत सिंह के शौर्य को समर्पित होगी आज पचमढ़ी में मोहन कैबिनेट

मप्र में किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी का यह महत्वपूर्ण निवेश होगा इसके जरिए सरकार विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करेगी

विजन-2047 पर अधिकारियों का प्रजेंटेशन भी होगा, इसमें मप्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अहम निर्णय लिए जाएंगे


इसी राजभवन में होगी बैठक


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष में मप्र कैबिनेट की बैठक पिछली बार इंदौर में रखी गई थी। इस बार गोंड शासक राजा भभूत सिंह के शौर्य और पराक्रम को चिर स्थायी बनाने मोहन सरकार प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में कैबिनेट की बैठक करने जा रही है। इसमें इटारसी के पास करीब 80 एकड़ क्षेत्र में बने लॉजिस्टिक हब के संचालन को दुबई की नामी कंपनी डीपी वर्ल्ड (दुबई पोर्ट) को देने जा रही है। मप्र में किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी का यह महत्वपूर्ण निवेश होगा। इसके जरिए सरकार विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार 3 जून को पचमढ़ी के राजभवन में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई है। इसमें सरकार के सभी मंत्री व वरिष्ठ अधिकारी शिरकत करेंगे। इस कैबिनेट में कई महत्वपूर्ण मुद्दों को मंजूरी दी जाएगी। इसके अलावा विजन-2047 पर अधिकारियों का प्रजेंटेशन भी होगा। इसमें मप्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अहम निर्णय लिए जाएंगे। बैठक को ऐतिहासिक बनाने के लिए वरिष्ठ अधिकारी पचमढ़ी पहुंच चुके हैं। पिछले एक सप्ताह से स्थानीय स्तर पर तैयारी की जा रही थी। मुख्यमंत्री व उनकी पूरी टीम सुबह भोपाल से रवाना होगी। कैबिनेट की बैठक विशेष रूप से जनजातीय समाज और शौर्य पराक्रम के प्रतीक रहे राजा भभूत सिंह की स्मृति को समर्पित होगी। इनकी ऐतिहासिक भूमिका को कैबिनेट की बैठक के दौरान पुनः स्मरण किया जाएगा। पचमढ़ी गोंड शासक राजा भभूत सिंह के ऐतिहासिक योगदान को समेटे हुए है। उन्होंने इस पहाड़ी भूभाग का उपयोग शासन संचालन, सुरक्षा और सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा के लिए किया।

## राजा भभूत सिंह ने सतपुड़ा की वादियों में आजादी की मशाल जलाई

विरासत से विकास और अपने जनजातीय नायकों को सम्मान देने के मुख्यमंत्री डॉ. यादव और राज्य शासन के सूत्र वाक्य के तहत बैठक में राजा भभूत सिंह के शौर्य तथा पराक्रम को याद किया जाएगा।



पचमढ़ी के राजा भभूत सिंह ने जल, जंगल, जमीन एवं अपने क्षेत्र को बाहरी आक्रांताओं तथा अंग्रेजों से बचाए रखने के लिए समाज को एकजुट कर अंग्रेजी शासन का मुकाबला किया। राजा भभूत सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम के समय महान स्वतंत्रता सेनानी तात्या टोपे की मदद भी की। वे तात्या टोपे के आह्वान पर देश की आजादी की मशाल लेकर सतपुड़ा की सुरम्य वादियों में निकल पड़े। उन्होंने सतपुड़ा की वादियों में आजादी की मशाल जलाई। राजा भभूत सिंह ने अंग्रेजों की आंख में धूल झोंकते हुए अक्टूबर 1858 के अंतिम सप्ताह में तात्या टोपे के साथ ऋषि शांडिल्य की पौराणिक तपोभूमि सांडिया के पास नर्मदा नदी पार की। भभूत सिंह और तात्या टोपे ने नर्मदांचल में आजादी के आंदोलन की योजना बनाई। पचमढ़ी में सतपुड़ा की गोद में तात्या टोपे ने अपनी फौज के साथ भभूत सिंह से मिलकर 8 दिनों तक पड़ाव डाला और आगे की तैयारी करते रहे। हर्राकोट के जागीरदार भभूत सिंह का जनजातीय समाज पर बहुत अधिक प्रभाव था। उन्होंने जनजातीय समाज को स्वतंत्रता आंदोलान के लिए तैयार किया।

### शानदार विरासत है पचमढ़ी की

पचमढ़ी भगवान भोलेनाथ की नगरी के रूप में भी प्रसिद्ध है। पचमढ़ी की



धूपगढ़ चोटी समुद्र तल से लगभग 1,350 मीटर (4,429 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। यह स्थल सतपुड़ा पर्वतमाला का प्रमुख आकर्षण है। धूपगढ़ से दिखाई देने वाला सूर्योदय और सूर्यास्त न केवल पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करता है, बल्कि यह स्थल गोंड साम्राज्य की रणनीतिक शक्ति और प्राकृतिक संरक्षण दृष्टिकोण को भी दर्शाता है।












## जेईई एडवांस्ड एग्जाम में कोटा के रजित गुप्ता बने ऑल इंडिया टॉपर

# पहली बार किसी टॉपर ने कहा मेरी सफलता की कुंजी है खुशी

रजित ने 360 में से 332 अंक प्राप्त किए


रजित गुप्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2025 के रिजल्ट में रजित गुप्ता ने टॉप किया है। आईआईटी दिल्ली जोन के रजित ने 360 में से 332 अंक प्राप्त करके अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस साल की परीक्षा का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर द्वारा कराया गया था। अपनी सफलता से उत्साहित रजित ने कहा कि खुशी मेरी सफलता की कुंजी है। मैं हर स्थिति में खुश रहता हूं। मैं पढ़ाई के लिए कभी भी सख्त शेड्यूल का पालन नहीं करता था, क्योंकि इससे अनावश्यक दबाव बनता है। इसलिए मैं तभी पढ़ता था जब मेरा मन करता था, लेकिन मैं जितने समय भी पढ़ता था, अच्छी तरह से पढ़ता था। रजित ने देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल कर कॅरियर सिटी कोटा नाम एक बार फिर विश्व पटल पर रोशन किया।

### रजित का मंत्र

मैं हर स्थिति में खुश रहता हूं। मैं पढ़ाई के लिए कभी भी सख्त शेड्यूल का पालन नहीं करता था, क्योंकि इससे अनावश्यक दबाव बनता है। इसलिए मैं तभी पढ़ता था जब मेरा मन करता था, लेकिन मैं जितने समय भी पढ़ता था, अच्छी तरह से पढ़ता था।

### जेईई एडवांस के टॉपर्स की लिस्ट

- रजित गुप्ता
- सक्षम जिंदल
- माजिद मुजाहिद हुसैन
- पार्थ मंदार वर्तक
- उज्ज्वल केसरी
- अक्षत कुमार चौरसिया
- साहिल मुकेश देव
- देवेश पंकज भैया
- अर्णव सिंह
- वडलामुडी लोकेश

इस साल परीक्षा आईआईटी कानपुर ने कराई थी

ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल कर कॅरियर सिटी कोटा का नाम एक बार फिर विश्व पटल पर रोशन



### 12वीं पास के लिए आईआईटी दिल्ली में नया कोर्स

आईआईटी दिल्ली ने पहली बार केमिस्ट्री में बैचलर ऑफ साइंस प्रोग्राम लॉन्च किया है। इस नए यूजी कार्यक्रम में जेईई एडवांस्ड 2025 के माध्यम से स्टूडेंट्स को जेओएसएए काउंसलिंग की मदद से एडमिशन दिया जाएगा।

### 54,378 कैंडिडेट्स ने किया क्वालीफाई

नीट परीक्षा के लिए कुल 1,87,223 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 1,80,422 छात्र ने दोनों पेपर में उपस्थित हुए जबकि 54,378 छात्र पास हुए हैं।

### तीसरे नंबर पर मध्य प्रदेश

## इंदौर की हर्षिता लड़कियों में टॉपर


हर्षिता गोयल


माजिद मुजाहिद


मोहम्मद हमजा

बुरहानपुर के माजिद की एआईआर- 3 रैंक, इंदौर की हर्षिता कानपुर जोन में लड़कियों में टॉपर, 434वीं रैंक मिली, भोपाल के टॉपर मोहम्मद हमजा की 1595 रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जेईई एडवांस्ड 2025 की टॉपर्स लिस्ट में तीसरे स्थान पर मध्य प्रदेश के माजिद मुजाहिद हुसैन हैं। कानपुर जोन में इंदौर की हर्षिता गोयल लड़कियों में टॉपर रही हैं। हर्षिता की 434वीं रैंक आई है। हर्षिता जेईई मेन-2025 के पहले चरण में 99.90 परसेंटाइल के साथ लड़कियों में सिटी और स्टेट में टॉपर रही हैं। सिटी टॉपर लिस्ट में शामिल मोहम्मद हमजा की जेईई एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंकिंग 1595 है। हमजा ने बताया कि यह लगातार दूसरा साल है, जब उन्होंने जेईई मेन क्लियर किया। पिछली बार उनकी रैंक 4 हजार के करीब थी।

### आज भोपाल आएंगे राहुल गांधी

# तीन बैठकें लेकर कांग्रेस के अधिवेशन में भी लेंगे हिस्सा

» कांग्रेस के सृजन अभियान का करेंगे शुभारंभ

» जातिगत जनगणना के लिए होगा अभिनंदन



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पार्टी को नए सिरे से गढ़ने के उद्देश्य से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मंगलवार 30 जून को भोपाल आ रहे हैं। वे यहां लगभग 6 घंटे रह कर कांग्रेस की तीन प्रमुख बैठकें लेकर रवींद्र भवन में आयोजित पार्टी के अधिवेशन में हिस्सा लेंगे। राहुल संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य गुजरात की तर्ज पर मप्र में शुरू किए गए कांग्रेस के सृजन अभियान का शुभारंभ भी करेंगे। पार्टी केंद्र सरकार द्वारा कराई जाने वाली जातिगत जनगणना का श्रेय राहुल गांधी को दे रही है। पार्टी का मानना है कि राहुल गांधी के देश भर में दबाव बनाने के कारण ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए राजी हुए हैं। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस राहुल गांधी का अभिनंदन कर आभार व्यक्त करेगी।

### यह है राहुल का भोपाल का कार्यक्रम

राहुल गांधी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार की सुबह 10.20 बजे भोपाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय आकर पूर्वान्ह 11 से 12 बजे पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक में हिस्सा लेंगे। 12 से साढ़ 12 बजे तक पार्टी के सांसदों, विधायकों की बैठक होगी। इसके तत्काल बाद राहुल 12.30 से 1.30 बजे तक कांग्रेस के एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों और प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारियों की बैठक लेंगे। अपरान्ह डेढ़ से ढाई बजे तक का समय लंच आदि के लिए आरक्षित रखा गया है। राहुल ढाई बजे रवींद्र भवन पहुंचेंगे और 4 बजे तक एआईसीसी-पीसीसी डेलीगेट्स, जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्षों के अधिवेशन को संबोधित करेंगे। इसके बाद राहुल 4.20 बजे भोपाल से रवाना हो जाएंगे।

### खबर संक्षेप

#### पतंजलि आयुर्वेद को हाईकोर्ट से झटका

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाबा रामदेव की कंपनी पंतजलि आयुर्वेद को तगड़ा झटका दिया है।



कंपनी की ओर से हाईकोर्ट में 273.5 करोड़ रुपए के जीएसटी नोटिस खिलाफ याचिका दाखिल की गई थी, जिसको कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि जीएसटी एक्ट तहत पेनाल्टी लगाई जा सकती है।

### फाइनल आज : आरसीबी व पंजाब किंग्स में मुकाबला

# आज मिलेगा आईपीएल 2025 का नया 'किंग'

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा मैच

#### शाम 7:30 बजे से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में पंजाब किंग्स ने क्वालीफायर-2 में पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को 5 विकेट से हराकर 11 साल बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में जगह बना ली है। पंजाब किंग्स ने आखिरी बार 2014 में आईपीएल फाइनल खेला था और उसे कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

ईपीएल के इतिहास में (कुल 18 सीजन) यह सिर्फ दूसरा मौका है जब पंजाब की टीम प्लेऑफ और फाइनल में पहुंची है। अब खिताबी मुकाबले में 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स की भिड़ंत रजत पाटीदार की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगी। इस बार इंडियन प्रीमियर लीग को एक नया चैंपियन मिलेगा, क्योंकि पंजाब किंग्स और आरसीबी दोनों को अपने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यूं तो 10वीं बार आईपीएल प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन उसे कभी खिताबी जीत नसीब नहीं हुई।



#### आरसीबी चौथी बार खेलेगी फाइनल

यह चौथा मौका है जब आरसीबी की टीम आईपीएल का फाइनल खेलेगी। इससे पहले 2009, 2011 और 2016 में उसे फाइनल में क्रमशः डेक्कन चार्जर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। मॉडर्न डे क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली अपने आईपीएल करियर की शुरुआत से ही आरसीबी के साथ जुड़े हैं और उन्हें भी पहली आईपीएल ट्रॉफी का इंतजार है। आरसीबी ने 29 मई को खेले गए क्वालीफायर-1 मुकाबले में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की की थी।

### मैहर में सनकी आशिक की करतूत

## शादी के लिए नहीं माने तो प्रेमी ने गर्लफ्रेंड के पिता को मारी गोली

■ आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**सतना।** रामनगर इलाके के रामचुआ गांव में एक सनकी आशिक ने युवती के पिता की गोली मारकर हत्या कर दी है। रविवार देर रात पहुंचे बाइक सवार युवक ने महेंद्र सिंह को गोली मार दी। इससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है आरोपियों ने



जब फायरिंग की तो महेंद्र सिंह के छाती पर गोली लगी। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। महेंद्र सिंह की बेटी रीवा में रहकर पढ़ाई करती थी। इसी दौरान इसकी दोस्ती ध्रुव कुमार नाम के युवक से हो गई। 2023 में दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी, फिर एक दूसरे से मेल मुलाकात होती रही। कभी-कभार आरोपी उसके गांव भी मिलने आता रहा, लेकिन पिता ने इस रिश्ते का विरोध किया। शादी के लिए इनकार करने का खामियाजा पिता को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। जिस युवक ने महेंद्र सिंह को गोली मारी है वह उनकी बेटी से शादी करना चाहता था, लेकिन उन्हें यह रिश्ता बिल्कुल पसंद नहीं था। लिहाजा उन्होंने कई बार मना किया, फिर भी वह उसका पीछा नहीं छोड़ रहा था।

### पुलिस अफसरों ने राजा की अंतिम रील के जरिए लोकेशन का पता लगाया

अब सोनम की तलाश तेज, नवदंपती हनीमून के लिए गए थे

# शिलांग के डबलडेकर रूट की खाई में दस दिन बाद मिला राजा का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शिलांग के डबलडेकर रूट की खाई में मिला शव राजा का ही है। शिनाख्त के बाद भाई ने इसकी पुष्टि की। इसके बाद खोजी दल ने आस-पास के इलाकों में सोनम की तलाश तेज कर दी है। पुलिस अफसरों ने राजा की अंतिम रील के जरिए लोकेशन का पता लगाया। शादी के बाद हनीमून में पर गए इंदौर के राजा और सोनम की तलाश कर रही टीम को डबल डेकर रूट पर एक शव मिला था। इसकी पहचान की गई। परिवार वालों ने शव की पहचान राजा के रूप में की है।

सीएम यादव ने की थी मेघालय के सीएम से बात, तब सर्चिंग हुई तेज



विजयवर्गीय ने खोज के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी चर्चा की थी



#### राजा ने ओशरा हिल्स के आसपास रील बनाई थी

जिस स्थान पर शव मिला है, उसके आसपास खोजी दल ने अभियान और तेज किया है, ताकि सोनम के बारे में जानकारी मिल सके। पुलिस अफसरों ने राजा की अंतिम रील के जरिए लोकेशन पता की। राजा ने ओशरा हिल्स के आसपास रील बनाई थी। शव भी उसी इलाके में मिला है। सोमवार को शुरू हुए खोजी अभियान के दौरान मौके पर राजा और सोनम रघुवंशी के भाई भी पहुंच गए थे, लेकिन वे खाई के ऊपर थे। उन्हें शव मिलने की जानकारी मिली। वे शिनाख्त करने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि शव राजा का ही है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी इस बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट की। उन्होंने कहा कि राजा का शव मिलने की जानकारी मिली है। यह समाचार पीड़ादायक है। विजयवर्गीय ने उनकी खोज के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी चर्चा की थी।


1857 की क्रांति
की मशाल जलाने वाले
सतपुड़ा के पराक्रमी सपूत
भभूत सिंह
के अमर बलिदान और
शौर्य को समर्पित
उनकी
कर्मस्थली में
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
3 जून, 2025 । अपराह्न 2:00 बजे । राजभवन, पचमढ़ी
"पचमढ़ी नैसर्गिक सौंदर्य से समृद्ध और प्रदेश का सर्वाधिक आकर्षक पहाड़ी पर्यटन स्थल होने के साथ अतीत में आदिवासी समाज के बलिदान की दृष्टि से एक प्रमुख स्थल रहा है। तात्या टोपे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राजा भभूत सिंह ने आज़ादी की जंग में वीरता का प्रदर्शन किया। भभूत सिंह में शिवाजी महाराज की छवि दिखायी देती थी। उनके बलिदान को स्मरण करते हुए पचमढ़ी में मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक का आयोजन राजा भभूत सिंह के गौरवशाली योगदान को जनमानस के समक्ष लाने का प्रयास है।"
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
जनजातीय संस्कृति के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मध्यप्रदेश
• प्रदेश के 89 जनजातीय बहुल विकासखंडों में पेसा नियम लागू
• जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए धरती-आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जनजातीय समुदाय के सामाजिक, आर्थिक उत्थान एवं मूलभूत सुविधाओं के विकास को मिल रही है गति
• जनजातीय बहुल दूरस्थ क्षेत्रों के 21 जिलों में पीएम जन-मन योजना अंतर्गत 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित
• मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना से सीधे जनजातीय ग्रामों तक पहुंच रहा राशन। स्थानीय जनजातीय युवाओं को मिल रहा रोज़गार
• विशेष पिछड़ी जनजाति युवाओं को सेना, अर्द्ध-सैनिक बलों और पुलिस सेवाओं में भर्ती के लिए प्रशिक्षण हेतु जनजातीय बटालियन का गठन
• तेंदूपत्ता संग्रहण का पारिश्रमिक ₹ 3000 से बढ़ाकर ₹ 4000 प्रति बोरा किया गया
• शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, 82 आवासीय कन्या परिसर एवं 8 आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित
D-11036/25
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

जबलपुर

मंगलवार, 3 जून 2025

- ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-7
- वर्ष : 20, अंक : 34
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com


मौसम

अधि. 38

न्यून. 25


8 राफेल सौदे पर संशय के बादल



मैट्रो 14 हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति न देने ..




**इस साल** 25 मई को नौतपे के पहले दिन 34.8 डिग्री हुआ दर्ज, 2 जून तक औसत पारा रहा 37 डिग्री

**वर्ष 2004** से अब तक 13 मई 2004 को 29.1 डिग्री हुआ दर्ज

नौतपे के दौरान 30 मई 2023 को भोपाल में 32.8 डिग्री तक रहा पारा

# वाह रे..नौतपा: 22 साल में तीसरा सबसे ठंडा बीता नौतपा, बढ़ने के बजाए घट गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को नौतपे के अंतिम दिन गर्मी बढ़ने के बजाए घटते क्रम में दर्ज हुई। इस साल राजधानी में पूरे नौतपा भर पारा सामान्य से औसतन 4 से 5 डिग्री तक नीचे रहने से यह नौतपा 22 साल में दूसरा सबसे ठंडा बीता है। वर्ष 2023 में नौतपे के दौरान 30 मई को पारा 32.8 डिग्री तक रहा है। इस साल नौतपे की शुरूआत में ही 25 मई को पारा 34.8 डिग्री रहा। इसके बाद औसतन 37 डिग्री दर्ज हुआ। 13 मई वर्ष 2004 में यहां पारा 29.1 डिग्री तक रहा है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 13 मई वर्ष 2004 में मई में यहां तापमान 29 डिग्री तक रहा, जबकि 2023 में नौतपे में 32 डिग्री के करीब पहुंचा था। इस साल औसत पारा सामान्य से 4 डिग्री तक कम रहा।

### भोपाल में पारा एक डिग्री गिरकर 36.4 डिग्री रहा

सोमवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में औसतन डेढ़ डिग्री तक कमी आई। भोपाल, गुना, रतलाम, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, नौगांव और सागर आदि जिलों में एक से दो डिग्री तक कमी आई। नरसिंहपुर में सर्वाधिक 2.8 डिग्री की गिरावट के साथ प्रदेश का औसत अधिकतम पारा 38 डिग्री रहा, जो सामान्य से औसतन 4 डिग्री कम है। भोपाल में एक डिग्री गिरकर 36.4 डिग्री रहा। यहां नॉर्मल से 4.8 डिग्री कम है।

### आज इन जिलों में बादल और बारिश

भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, नरिसंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, आदि जिलों में मंगलवार तक हल्की बादल, बारिश की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### एक्स चैट किया लॉन्च होगी वीडियो ऑडियो



**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने एक नई मैसेजिंग सर्विस एक्स चैट को पेश कर दिया है जो कि एक्स के डिजिटल इकोसिस्टम का हिस्सा है। इस प्राइवेसी फोकस्ड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म एक्स चैट के कम्युनिकेशन टूल में आर्टिफिशियल इंटेंजीलेंस को इंटीग्रेट किया गया है जिससे यह वॉट्सएप और अन्य लोकप्रिय इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफर्म को टक्कर देगा। बिटकॉइन जैसे एन्क्रिप्शन, ऑडियो और वीडियो कॉल की सुविधा प्रदान करेगी।

### उत्तराखंड: आईपीएस रचिता जुयाल का इस्तीफा




**देहरादून।** उत्तराखंड की चर्चा में रहने वाली तेज-तर्रार आईपीएस रचिता जुयाल पिछले दिनों अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अचानक अपनी ड्यूटी को अलविदा कह दिया जबकि उनकी सर्विस को सिर्फ 10 साल ही हुए थे। रचिता ने एक वीडियो जारी कर इस्तीफे के पीछे व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। रचिता बॉलीवुड एक्टर राघव जुयाल की भाभी हैं और उनकी पहचान एक तेज-तर्रार ऑफिसर के तौर पर होती है।

### पाक का वीडियो शेयर किया, मौलाना पर केस



**महिदपुर।** उज्जैन जिले में महिदपुर नगर के एक मौलाना द्वारा सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी वीडियो शेयर करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई अखंड हिंदू सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज प्रजापत द्वारा थाने में प्रस्तुत आवेदन के आधार पर की गई है। पुलिस ने आरोपी की तलाश में दबिश दी है। मौलाना तुरब अली ने फेसबुक अकाउंट पर दो वीडियो शेयर किए थे, जिनमें पाकिस्तानी मौलानाओं द्वारा गोवंश की कुर्बानी से संबंधित धार्मिक बातें कही जा रही थीं।

### पीएम मोदी कल करेंगे मंत्रिपरिषद की बैठक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक होगी। बैठक में मंत्रियों को 'ऑपरेशन सिंदूर' का ब्योरा दिए जाने की संभावना है। तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने के मौके पर भाजपा की ओर से शुरू किए जाने वाले कार्यक्रमों में भी इस अभियान का जिक्र होगा।

**विमान की** रांची में इमरजेंसी लैंडिंग

## इंडिगो फ्लाइट से 'टकराया 'गिद्ध, 175 यात्री थे सवार

करीब 4 हजार फीट की ऊंचाई पर यह घटना

गिद्ध से टकराने के कारण विमान को नुकसान



एजेंसी ▶▶ रांची

पटना से रांची आ रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई 6152) सोमवार को गिद्ध से टकरा गई। फ्लाइट में करीब 175 यात्री सवार थे। यह घटना रांची एयरपोर्ट से 10-12 समुद्री मील दूर और 3 से 4 हजार फीट की ऊंचाई पर हुई। पायलट ने विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की। सभी यात्री और क्रू सदस्य सुरक्षित हैं लेकिन विमान को नुकसान पहुंचा है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक आरआर मौर्य ने बताया कि यह घटना दोपहर सवा एक बजे हुई।

पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत आपात लैंडिंग की। विमान एयरबस 320 है, जो पटना से रांची आ रहा था और बाद में कोलकाता जाने वाला था। अधिकारी ने बताया कि गिद्ध से टकराने के कारण विमान को नुकसान पहुंचा है। विमान की जांच के लिए इंजीनियरों की टीम पहुंची है जो नुकसान का आकलन कर रही है। फिलहाल विमान को ग्राउंड कर दिया गया है और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

### क्यों होती हैं बर्ड स्ट्राइक की घटनाएं?

*पक्षी भोजन, पानी या घोंसले की तलाश में अक्सर हवाई अड्डों के पास मंडराते हैं। आस-पास के लैंडफिल या अपशिष्ट उपचार संयंत्र भी पक्षियों को आकर्षित करते हैं। कुछ मौसमों में जब पक्षी प्रवास करते हैं, तो उनकी संख्या आसमान में बढ़ जाती है, जिससे टकराव का खतरा बढ़ जाता है। चूंकि विमान बहुत तेज गति से उड़ते हैं। पक्षियों के लिए इतनी तेजी से आ रहे विमान को देखना और उससे बचना मुश्किल हो जाता है। सबसे गंभीर स्थिति तब होती है जब पक्षी विमान के इंजन में घुस जाता है। इससे इंजन के ब्लेड क्षतिग्रस्त हो सकते हैं, जिससे इंजन फेल हो सकता है या उसमें आग भी लग सकती है। इसके अलावा, पक्षी विमान की विंडस्क्रीन से भी टकरा जाते हैं, जिससे विंडस्क्रीन टूट जाती है।*

विदेश गए सातों डेलिगेशन से मिलेंगे प्रधानमंत्री मोदी

# 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दुनियाभर में हुई बातचीत पर लेंगे फीडबैक

*इस अभियान का मकसद आतंकवाद के खिलाफ दुनियाभर में सहमति बनाना और विशेष रूप से पाकिस्तान की भूमिका को उजागर करना है*

**यह बैठक** 9 या 10 जून के आसपास होने की संभावना



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही विदेशों का दौरा कर लौटने वाले प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मुलाकात करेंगे। यह बैठक 9 या 10 जून के आसपास होने की संभावना है। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल अपने-अपने विदेश दौरों की जानकारी और अनुभव प्रधानमंत्री को ब्रीफ करेंगे। इन प्रतिनिधिमंडलों ने दुनिया भर के 33 देशों का दौरा किया है और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष मजबूती से रखा है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत सात बड़े प्रतिनिधिमंडल विदेशों में गए थे, जिनका मुख्य उद्देश्य विश्व समुदाय के सामने भारत की स्थिति स्पष्ट करना था।

आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए 33 देशों का दौरा किया

अमेरिका, यूरोप, मध्य पूर्व, अफ्रीका और पूर्वी एशिया जैसे देशों का दौरा किया



### प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने भी नेतृत्व किया

प्रतिनिधिमंडल लगभग 33 देशों में, जैसे कि अमेरिका, यूरोप, मध्य पूर्व, अफ्रीका और पूर्वी एशिया जैसे देशों का दौरा किया। प्रमुख दलों में शशि थरूर (कांग्रेस) ने अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया का दौरा किया। रवि शंकर प्रसाद (भाजपा) यूरोप के प्रमुख देशों जैसे यूके, फ्रांस, जर्मनी, इटली, डेनमार्क और यूरोपीय संघ गए। शिवसेना के श्रीकांत शिंदे ने मध्य पूर्व और अफ्रीका के कुछ देशों की यात्रा की। वहीं, भाजपा के बैजयंत जय पांडा ने सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया में भारत की बात रखी। इनके अलावा सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी), कनिमोझी करुणानिधि (डीएमके) और संजय कुमार झा (जदयू) ने भी विभिन्न देशों का दौरा किया।

### आतंकवाद पर पाक को बेनकाब किया

*22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की मौत के बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर नामक एक बड़ा सैन्य व कूटनीतिक अभियान शुरू किया था। इसका मकसद आतंकवाद के खिलाफ दुनियाभर में सहमति बनाना और विशेष रूप से पाकिस्तान की भूमिका को उजागर करना था। इसके तहत सात सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिमंडल दुनिया के विभिन्न हिस्सों का दौरा कर भारत के पक्ष को दुनिया के सामने रख रहे थे।*

### इन अनुभवों से तय होगी आगे की रणनीति

भारतीय प्रतिनिधियों ने विभिन्न देशों के अधिकारियों और प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बातचीत की और भारत के दृष्टिकोण को प्रभावशाली ढंग से पेश किया। प्रधानमंत्री मोदी को इन विदेश दौरों के दौरान हुई बातचीत और प्रयासों की पूरी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने इन प्रतिनिधिमंडलों के अनुभवों से अवगत होकर आगे की रणनीति तय करेंगे।

**होटल में** सेक्स-रैकेट चला रहा नेता गिरफ्तार

## असम की युवती बोली-नौकरी के नाम पर गंदे काम में धकेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

शहर में एक नेता अपने साथी के साथ मिलकर होटल की आड़ में सेक्स रैकेट चला रहा था। असम की एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने रविवार देर रात गढ़ा क्षेत्र स्थित होटल अतिथि में छापा मारकर अतुल चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, उसके साथी शीतल दुबे की तलाश की जा रही है। युवती ने पुलिस को बताया कि वह तीन साल पहले नौकरी की तलाश में जबलपुर आई थी।

◆ होटल अतिथि में छापा मारा, एक गिरफ्तार



**अन्ना यूनिवर्सिटी** में रेप केस में उम्रकैद

## जज बोलीं-दोषी को कम से कम 30 साल तक जेल में रहना चाहिए

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप मामले में अदालत ने सोमवार को दोषी ज्ञानशेखरन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। चेन्नई की एक महिला अदालत ने पिछले दिसंबर में 19 वर्षीय छात्रा के साथ रेप मामले में सजा सुनाते हुए दोषी पर 90,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जज एम राजलक्ष्मी ने कहा कि दोषी को कम से कम 30 साल तक जेल में रहना चाहिए उन्होंने जोर देकर कहा कि उस पर कोई दया नहीं दिखाई जानी चाहिए।

◆ 90 हजार का जुर्माना भी लगाया



लैंडस्लाइड की ये घटना लाचेन जिले के चाटन इलाके में हुई

## सिक्किम में भारतीय सेना के 3 जवान शहीद, 6 जवान लापता



### कैंप लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया

*एजेंसी। सिक्किम भारत के नॉर्थ-ईस्ट के कई राज्यों में भारी बारिश हो रही है। भारत के सिक्किम में प्राकृतिक आपदा ने बड़ी तबाही मचाई है। इस आपदा में भारतीय सेना को भी बड़ा नुकसान हुआ है। सिक्किम के छतेन में भूस्खलन यानी कि लैंडस्लाइड की चपेट में भारतीय सेना का एक कैंप आ गया है।*

## 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए जबरदस्त उत्साह

'योग संगम' में भारत भर में 1 लाख से अधिक स्थानों पर होगा समन्वित सामूहिक योग प्रदर्शन

### 'योग संगम' में 25,000 से अधिक संगठनों ने कराए अपने पंजीकरण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए जबरदस्त उत्साह, 'योग संगम' में 25,000 से अधिक संगठनों के हुए पंजीकरण अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की तारीख करीब आने के साथ ही इसका उत्साह भी खासा बढ़ता नजर आ रहा है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के प्रमुख उत्सव कार्यक्रम 'योग संगम' को पहले ही भारत और उसके बाहर 25,000 से अधिक संगठनों से असाधारण प्रतिक्रिया मिल चुकी है। शीर्ष-स्तरीय शैक्षणिक संस्थानों से लेकर प्रसिद्ध गैर सरकारी संगठनों तक, और प्रमुख कॉरपोरेट्स से लेकर प्रभावशाली सरकारी विभागों तक, हर तरफ से समर्थन मिल रहा है।



### सरकारी विभाग भी कर रहे हैं उदाहरण पेश

यहां तक कि सरकारी विभाग भी उदाहरण पेश कर रहे हैं। गोवा वन भवन के प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय, अल्टिन्हो ने योग संगम के साथ हाथ मिलाया है - जो पर्यावरण जागरूकता और समग्र कल्याण के साथ योग के संरेखण पर प्रकाश डालता है। वहीं राज्य स्तर पर, राजस्थान, तेलंगाना, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब संगठनात्मक पंजीकरण में अग्रणी के रूप में उभर रहे हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों में योग के लिए गहरे समर्थन को दर्शाता है।

### योग दिवस ने सफलतापूर्वक पूरे किए 10 वर्ष

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इसका उद्देश्य योग को एक वैश्विक आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ाता है। ज्ञात हो, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ने सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूरे कर लिए हैं, और इस वर्ष 2025 में, हम 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को वास्तव में वैश्विक और समावेशी तरीके से मनाएंगे।

**मुरैना में** ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

## पूजा करने जा रहे 3 लोगों की हुई मौत, 24 घायल

*सभी आपस में रिश्तेदार*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

करह धाम आश्रम के पास ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से जेठ और बहू की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 24 लोग घायल हैं। इनमें 9 बच्चे भी शामिल हैं। तीन को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया है। हादसा नूराबाद थाना क्षेत्र में करह धाम के पास रविवार रात करीब 11 बजे हुआ। ट्रॉली में 30-35 लोग सवार थे। मुंशी पुत्र मंगालिया जाटव (50) और पिस्ता बाई पति पूरण जाटव (35) निवासी हटीपुरा की घटनास्थल पर ही जान चली गई।

असम सरकार की पुशबैक नीति का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार और हाईकोर्ट जाने की सलाह दी

जस्टिस संजय करोल और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मामले की सुनवाई की। इस मामले में शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने को कहा। याची उच्च न्यायालय क्यों नहीं जा रहे हैं?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बांग्लादेश से घुसपैठ से निपटने के लिए असम सरकार की 'पुश-बैक नीति' को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मामले की सुनवाई की। इस मामले में शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने को कहा। यह याचिका ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन की ओर से दायर की गई थी, जिसमें असम सरकार पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। पीठ ने याचिकाकर्ता 'ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन' की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े से पूछा- आप गुवाहाटी हाई कोर्ट क्यों नहीं जा रहे हैं?

### निर्वासन संबंधी याचिका अस्वीकार की

### सुनवाई और अपील का मौका मिले

याचिका में सुप्रीम कोर्ट से मांग की गई थी कि वह असम सरकार को निर्देश दे कि फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल द्वारा किसी व्यक्ति को विदेशी नागरिक घोषित करने से पहले उचित सुनवाई और अपील का मौका दिया जाए। विदेश मंत्रालय द्वारा नागरिकता की पुष्टि के बिना किसी को भी सीमा पार न भेजा जाए। बिना कानूनी प्रक्रिया के हिरासत और डिपोर्टेशन पर रोक लगाई जाए।

**पहले निचले स्तर पर हल करें**

शीर्ष अदालत ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट में अपनी शिकायत दर्ज करानी चाहिए। कोर्ट ने इस मुद्दे को स्थानीय स्तर पर हल करने की सलाह दी और याचिका को खारिज कर दिया।

### याची ने कोर्ट के आदेश का दिया हवाला

एडवोकेट अदील अहमद के माध्यम से दायर याचिका में सुप्रीम कोर्ट के चार फरवरी के आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें एक अलग याचिका पर विचार करते हुए असम को 63 घोषित विदेशी नागरिकों, जिनकी राष्ट्रीयता ज्ञात है, उनके निर्वासन की प्रक्रिया दो सप्ताह के भीतर शुरू करने का निर्देश दिया गया था। याचिका में दावा किया गया है ,'उक्त आदेश के अनुसरण में असम राज्य ने विदेशी होने के संदेह वाले व्यक्तियों को हिरासत में लेने और निर्वासित करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। विदेशी न्यायाधिकरण के फैसले के बिना, राष्ट्रीयता सत्यापन किए बिना या सभी कानूनी उपायों के इस्तेमाल के बिना ये किया गया। याचिका में कुछ खबरों का हवाला दिया गया जिनमें एक रिटायर स्कूल शिक्षक के बारे में भी रिपोर्ट थी कि उसे कथित तौर पर बांग्लादेश वापस भेज दिया गया।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद घुसपैठियों पर कार्रवाई




### 2000 बांग्लादेशियों को किया बाहर

ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने के बाद भारत सरकार ने देश में रह रहे अवैध प्रवासियों को वापस बांग्लादेश भेजने का अभियान चलाया है। अब तक लगभग 2000 से अधिक अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को सीमा पार कर उनके देश भेज दिया गया है। इसमें से अधिकतर अप्रवासी पुलिस कार्रवाई के डर से भारत- बांग्लादेश की सीमा के पास आए और अपने देश वापस लौट गए। इस अभियान की शुरुआत गुजरात से हुई, जहां बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा गया। इसके बाद दिल्ली, हरियाणा, असम, महाराष्ट्र और राजस्थान ने भी इस अभियान को आगे बढ़ाया। इन सभी राज्यों ने मिलकर बड़ी संख्या में अवैध प्रवासियों को वापस उनके देश भेजा।


## खबर संक्षेप

### हरियाणा में कार-ट्रक में टक्कर, 4 की मौत



**चंडीगढ़।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में सोमवार तड़के एक कार और ट्रक के बीच टक्कर हो जाने से चार लोगों की मौत हो गई। ये सभी लोग महेंद्रगढ़ जिले के नीमहेड़ा गांव से गुरुग्राम लौट रहे थे तभी कनीना के उन्हानी गांव के पास यह हादसा हो गया। कनीना शहर पुलिस थाने के प्रभारी रविंदर ने बताया कि लौटते वरक्त उनकी कार पीछे से ट्रक से टकरा गई।

### हुसैन की 25 पेंटिंग की नीलामी 12 को होगी



**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय की मंजूरी के बाद दिवंगत भारतीय चित्रकार एम एफ हुसैन की 25 दुर्लभ पेंटिंग की 12 जून को नीलामी होगी। पहले इस पर रोक थी। 'एम एफ हुसैनः एक कलाकार का 20वीं सदी का दृष्टिकोण' वाली नीलामी में 'हुसैन ओ.पी.सी.ई. - अवर प्लेनेट कॉल्ड अर्थ' श्रृंखला के तहत चित्रित 25 कैनवास शामिल हैं।

### माओवादियों से 2.5 टन विस्फोटक सामग्री जब्त



**भुवनेश्वर।** सुरक्षा बलों ने ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में माओवादियों द्वारा लूटी गई 2.5 टन से अधिक विस्फोटक सामग्री सोमवार को बरामद कर ली। राज्य के एसओजी, सीआरपीएफ, झारखंड के 'जगुआर' बल और सुंदरगढ़ के जिला स्वैच्छिक बल के सुरक्षाकर्मियों ने ओडिशा-झारखंड सीमा पर संयुक्त अभियान में 2.5 टन विस्फोटक बरामद किया।

### आतंकी मामले में ठाणे में 12 हिरासत में



**मुंबई।** महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकवाद से जुड़े मामले में सोमवार को ठाणे जिले में छापेमारी के बाद 12 व्यक्तियों को हिरासत में लिया। छापेमारी सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के घरों पर भी की गई। एटीएस की मुंबई इकाई ने ठाणे ग्रामीण पुलिस कीमदद से मुंबई से सटे जिले के पडघा और बोरीवली में छापेमारी की।

### लखनऊ से मुंबई के बीच चलेगी स्लीपर वंदे भारत



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे उत्तर प्रदेश को एक बार फिर बढ़ी सौगात देने जा रहा है। देश की पहली स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत इसी राज्य से होगी। इस ट्रेन का रूट भी फाइनल हो गया है। इसकी ट्रेन का पूरा विस्तृत शेड्यूल जून में जारी किया जा सकता है। इससे पहले पहली वंदे भारत ट्रेन वाराणसी से दिल्ली के बीच शुरू की गई थी।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कोरोना महामारी पर की बड़ी टिप्पणी

# 'कोविड महामारी' अभी खत्म नहीं हुई, केंद्र सरकार तैयारियों की विस्तृत रिपोर्ट पेश करे

## रोकथाम में किसी तरह की कमी होना एक गंभीर मुद्दा माना जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि 'अगली कोविड महामारी' अभी खत्म नहीं हुई है। उच्च न्यायालय ने नमूने एकत्र करने, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए केंद्र सरकार की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया ने कहा कि यह आशा है कि इस संबंध में कदम उठाए जाएंगे और प्रोटोकॉल लागू होंगे, लेकिन फिर भी संबंधित अधिकारियों को इसे रिकॉर्ड पर लाना चाहिए। न्यायाधीश ने कहा कि यह देखते हुए कि अगली कोविड महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। अभी सक्रिय है।

30 मई, 2023 की बैठक के बाद उठाए गए कदमों को लेकर कोई कमी है, तो यह एक गंभीर मुद्दा है। अदालत के 28 मई के आदेश में कहा गया कि आज समुदाय में कोविड-19 के सक्रिय होने की व्यापक रिपोर्ट के मद्देनजर निश्चित रूप से यह अत्यावश्यक है। प्रतिवादी से यह अपेक्षा की जाएगी कि वह उपायों को निश्चित रूप प्रदान करें ताकि ये एसओपी लागू हो सकें और बैठक में जो भी निर्णय लिया गया था, वह अपने उचित निष्कर्ष पर पहुंच सके।

**अधिकारियों को जानकारी रिकॉर्ड करना चाहिए**

*इस विषय में जरूरी कदम उठाएं , प्रोटोकॉल भी जारी करें*

### प्रक्रिया के मानकों के लिए की गई थी बैठक



अदालत को बताया गया कि आदेश को स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त महानिदेशक की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी और याचिकाकर्ता को भी आमंत्रित किया गया था। बैठक में पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, हेमेटोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी के विशेषज्ञों की 4 उप-समितियां गठित करने का निर्णय लिया गया। केंद्र द्वारा संचालित अस्पतालों के समिति सदस्यों को नमूना संग्रह, नमूना संग्रह केंद्रों और नमूना परिवहन नीति के लिए प्रक्रिया के मानकों को परिभाषित करना था।

### डॉ. रोहित ने दायर की थी अवमानना याचिका

अदालत डॉ. रोहित जैन द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा 27 जनवरी, 2023 को पारित आदेश का अधिकारियों द्वारा पालन नहीं किया गया। पीठ ने इस मुद्दे पर जैन की याचिका का निपटारा करते हुए केंद्र सरकार को इसे एक ज्ञापन के रूप में मानने और 12 सप्ताह के भीतर तर्कसंगत आदेश के माध्यम से इस पर निर्णय लेने का निर्देश दिया था। नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन के लिए न्यूनतम मानक स्थापित करने के संबंध में केंद्र द्वारा कोई दिशानिर्देश तैयार नहीं किए गए। अदालत ने कहा कि केंद्र की स्थायी वकील मोनिका अरोड़ा को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संबंधित अधिकारियों को अदालत के निर्देशों से अवगत कराया जाए और छह सप्ताह के भीतर स्थिति रिपोर्ट पेश की जाए।

### पश्चिम बंगाल में 44 नए मामले मिले

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 44 नए मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में कोविड के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 331 है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान 9 मरीज संक्रमण मुक्त हुए। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि पिछले 7 दिन में पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस की जांच में 319 लोगों के संक्रमित पाए जाने के बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है।

देश में कोरोना ने फिर डराया

### सक्रिय मामले बढ़कर पहुंचे 4000 के करीब, इस साल 32 की मौत



देश में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। 2 जून को सुबह 8 बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामले 3,961 हो गए हैं। इस साल संक्रमण से होने वाली मौतों का आंकड़ा 32 हो गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार बीते दिन के मुकाबले सक्रिय मरीजों की संख्या में 203 की बढ़ोतरी देखी गई, जबकि इस दौरान 4लोगों ने दम तोड़ा। एक दिन में सबसे ज्यादा 47 मामले दिल्ली में सामने आए हैं।

### दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक मौतें

अब तक दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक संक्रमितों की मौत दर्ज की गई है। दिल्ली में 22 वर्षीय महिला की मौत हुई है। उसे पहले से ही फेफड़ों से संबंधित बीमारी थी। तमिलनाडु में 25 वर्षीय पुरुष को अस्थमा जैसी शिकायतें थी। ऐसे ही महाराष्ट्र में 44 वर्षीय पुरुष की जान गई है। उसे कोरोना के साथ अन्य बीमारी थी। केरल से विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

### केंद्र किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार

केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव



ने आश्वासन दिया था कि केंद्र किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। जाधव ने कहा कि विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह सतर्क है और सभी राज्यों में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।

मंत्री विज का कांग्रेस पर बड़ा हमला

# खरगे पिटे मोहरे क्या उनसे पूछकर पीएम करेंगे काम?



हिंदुस्तान 9 अक्षरों से बना और सदा 9 ही रहेगा, पाक घटेगा

एजेंसी ▶▶ अंबाला

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पत्रकार वार्ता में कहा कि पाकिस्तान के कुछ हिस्सों पर बलूच विद्रोहियों के कब्जे के दावे पर कहा पाकिस्तान के टुकड़े होने ही हैं। पाकिस्तान 8 अक्षरों से बना जबकि हिंदुस्तान 9अक्षरों से बना है। 9 को जितना भी गुणा करें वह 9 रहेगा, उदाहरण के तौर पर 9दुनी 18 में यदि 1 और 8 को जोड़ लिया जाए तो वह 9 ही रहेगा। पाकिस्तान 8 अक्षरों से बना, 8को यदि गुणा करें तो अंक घटते ही जाएंगे। उन्होंने कहा कि 25 साल के बाद पाकिस्तान आधा हो गया और 50 साल के बाद यह और आधा हो जाएगा। पाकिस्तान ने तो घटना ही है। पीओके और बलूचिस्तान की जो स्थिति है वह इस ओर इशारा कर रही है कि पाकिस्तान के टुकड़े शुरू होने का काम शुरू हो चुका है। विज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

### पीएम सीधे जनता तक पहुंच रहे

कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान कि प्रधानमंत्री को चुनाव प्रचार से पीछे हटना चाहिए पर विज ने



प्रतिक्रिया दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खरगे से पूछ कर कोई काम नहीं करेंगे। खरगे तो पिटे हुए मोहरे हैं और पिटे हुए मोहरों से कभी कुछ पूछा नहीं जाता। पूछा तो सफल व्यक्तियों से जाता है और प्रधानमंत्री अपने कार्यक्रम सही बना रहे हैं और सीधा जनता तक पहुंच रहे हैं।

### केजरीवाल पिट-पिटाकर नीचे पड़े

अरविंद केजरीवाल के भाजपा को करारा जवाब देने को लेकर दिए गए बयान पर अनिल विज ने कहा कि केजरीवाल की हिम्मत की वह दाद देते हैं क्योंकि पिट पिटाकर वह नीचे पड़े हुए हैं। हर तरफ से वह रिजेक्ट हुए हैं, दिल्ली से इन्हें निकालकर फेंक दिया गया है फिर भी यह ऐसी बातें कर रहे हैं। यदि कोई कसर रह गई है तो वह भी पूरी कर देंगे।

नड्डा की अध्यक्षता में तिरंगा रैली निकली

# भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा शहर

एजेंसी ▶▶ सोलन



हिमाचल के सोलन में सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली। उन्होंने होटल पैरागॉन से लेकर विवांटा मॉल तक जीप में सवार होकर तिरंगा यात्रा में भाग लिया। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद व इंडियन आर्मी जिंदाबाद के नारों से शहर गूंज उठा। करीब 100 मीटर तक यात्रा के बाद नड्डा भाजपा नेत्री रश्मिधर सूद के बेटे की शादी में भाग लेने के लिए ओच्छघाट की ओर निकल गए। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप, डॉ. सिकंदर कुमार, डॉ. राजीव बिंदल सहित अनेक नेता मौजूद रहे।

आरबीआई ने जानकारी दी

# 2 साल गुजर गए 6,181 करोड़ मूल्य के 2000 के नोट 'गायब'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से 19 मई, 2023 को 2000 के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने के 2साल बीत जाने के बावजूद 6,181 करोड़ मूल्य के 2000 के नोट अभी भी लोगों के पास हैं। आरबीआई की तरफ से सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार रिजर्व बैंक द्वारा मुद्रा वापस लेने के दो साल बाद भी 6,181 करोड़ मूल्य के 2000 के नोट प्रचलन में हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि 2000 के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। 2000 के बैंक नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि, यह सुविधा अभी भी रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों या क्षेत्रीय कार्यालय में उपलब्ध है। आरबीआई के कार्यालय में भेज सकते हैं।

*महाराष्ट्र सरकार के फूड लाइसेंस निलंबित करने पर जेप्टो ने दी सफाई*

# हम अधिकारियों के साथ मिलकर स्वच्छता से संबंधी तमाम आवश्यक कदम उठा रहे

## उपभोक्ताओं को बेहतर, सुरक्षित उत्पाद देंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र सरकार के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा जेप्टो का फूड लाइसेंस निलंबित करने पर अब कंपनी ने सफाई में कहा है



कि वे अपनी कमियों को सुधारने के लिए सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। स्वच्छता संबंधी शिकायतों के बाद एफडीए ने जेप्टो का फूड लाइसेंस निलंबित कर दिया था। कंपनी ने कहा कि हम अपने कमियों को सुधारने और अपने उपभोक्ताओं को बेहतर और सबसे सुरक्षित गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### इसलिए निलंबित किया गया जेप्टो का फूड लाइसेंस

एफडीए ने जेप्टो के धारावी में स्थित केंद्र में भारी अनियमितताएं और स्वच्छता संबंधी समस्याएं पाई गई थीं। एफडीए ने पाया कि जेप्टो के कई फूड आइटम धारावी में ऐसे स्टोर में रखे गए थे, जहां पूरी रोशनी नहीं थी और फूड आइटम पर फंगस लगी हुई थी। फूड आइटम को ऐसी जगहों पर रखा गया था, जहां पानी रुका हुआ था। एफडीए का कहना है कि जिन कोल्ड स्टोर में सामान रखा था, वहां तापमान भी नियमों के मुताबिक नहीं था और एक्सपायर फूड आइटम को नॉन-एक्सपायर फूड आइटम से अलग नहीं रखा गया था। भारी अनियमितताओं और नियमों का पालन न होने पर लाइसेंस निलंबित किया था।

टाउन हॉल केस में राजघराने के दावे पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# फिर तो पूरा जयपुर आपका होगा, यथास्थिति बनाए रखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जयपुर राजघराने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। जयपुर के ऐतिहासिक टाउन हॉल (पुरानी विधानसभा) को लेकर चल रहे विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने राजमाता पद्मिनी देवी समेत जयपुर राजपरिवार के सदस्यों की याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। राजस्थान हाईकोर्ट ने इसे सरकारी संपत्ति मानते हुए राजघराने के दावों को खारिज कर दिया था। राजघराने के सदस्यों ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। टाउन हॉल के अलावा चार मुख्य इमारतों को भी सरकारी संपत्ति घोषित किया गया है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने राज्य सरकार से कहा कि जब तक मामला अदालत में लंबित है तब तक कार्रवाई को आगे नहीं बढ़ाया जाए। मामले पर अब दो महीने बाद सुनवाई होगी।

### हाईकोर्ट ने सरकारी संपत्ति मानते हुए राजघराने के दावों को किया था खारिज

### साल्वे ने संविधान का किया जिक्र

**राज्य सरकार को नोटिस, 2 महीने बाद सुनवाई**



याचिकाकर्ताओं के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने दलील दी कि यह मामला कानूनी पेचीदगियों से भरा हुआ है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 362 और 363 में पूर्व शासकों और रजवाड़ों के विशेषाधिकार का जिक्र किया। रजवाड़ों के विभिन्न कॉन्ट्रैक्ट हैं और आप इन राज्यों के इतिहास को तो जानते हैं। यह संधि तब हुई थी जब संघ तो पक्ष भी नहीं था, यह तो जयपुर और बीकानेर जैसे शासकों के बीच हुई थी।

**यहा है पूरा मामला?**

1949 में महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय और भारत सरकार के बीच हुए समझौते के तहत टाउन हॉल समेत कुछ संपत्तियां सरकारी उपयोग के लिए दी गई थीं। गहलोत सरकार ने जब संपत्ति पर म्यूजियम बनाने का फैसला किया तो शाही परिवार ने आपत्ति जताई।

### भारत संघ को बिना पक्ष बनाए विलय संभव नहीं

कोर्ट ने कहा कि तो आप भारत संघ को बिना पक्ष बनाए कैसे किसी संपत्ति का विलय कर सकते हैं? ऐसे में तो पूरा जयपुर आपका हो जाएगा। अगर ऐसा होता है तो राजस्थान का हर शासक सभी सरकारी संपत्तियों पर अपना दावा करेगा। ये रियासतें कहेंगी कि सारी संपत्तियां उनकी ही हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर आप कहते हैं कि भारत संघ इस कॉन्ट्रेक्ट का पक्षकार नहीं था तो संविधान का अनुच्छेद 363 भी लागू नहीं होगा। साल्वे ने कहा कि हम यथास्थिति चाहते हैं।

कांग्रेस ने उठाए सवाल

# पेशेवर संस्थानों में बढ़ती जा रही आरएसएस की 'घुसपैठ'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद से जुड़ी कथित 'अनियमतताओं' का हवाला देते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि पेशेवर संस्थानों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की व्यवस्थित 'घुसपैठ' हो रही है और इन्हें बर्बाद किया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि घोटाले के केंद्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नामक आरएसएस संगठन है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मई, 2014 के बाद से पेशेवर संस्थानों में आरएसएस की व्यवस्थित घुसपैठ हुई है और ऐसा एक उदाहरण भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद है। अब इन कार्यकर्ताओं पर केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) जैसी किसी संस्था द्वारा वित्तीय कदाचार का आरोप लगाया गया है। यह 14 करोड़ रुपए का घोटाला है।

## धरती आबा अभियान

# जिले के चिन्हित गाँवो में 15 से 30 जून तक लगेंगे शिविर

**जबलपुर।**

जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे के सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति हेतु चलाये जा रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जबलपुर जिले के सात विकासखंडों के चिन्हित 171 गाँवो में 15 जून से 30 जून तक शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

**जनजातीय वर्ग के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिलेगा योजनाओं का लाभ**

कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा अभियान के तहत शिविरों के प्रभावी और सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये हैं। श्री सक्सेना ने अभियान के तहत आयोजित किये जा रहे शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत सभी पात्र जनजातीय परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराने तथा जनजातीय गाँवो में सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सेवाओं का विस्तार किए जाने के साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (एमएमयू) की स्थापना भी की जायेगी, जिससे कि स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुँच सुनिश्चित की जा सके।सहायक आयुक्त जनजातीय कल्याण नीलेश रघुवंशी के अनुसार धरती आबा अभियान के तहत चिन्हित गांवों में विकासखण्ड कुण्डम के 91, जबलपुर के 37, शहपुरा के 18, पनागर, मझौली एवं सिहोरा के 7-7 तथा विकासखण्ड पाटन के 4 गाँव शामिल हैं। इन गांवों के सर्वे में चिन्हित 95 हजार 714 जनजातीय हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास, जल शक्ति, विद्युत, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कौशल विकास, कृषि, दूरसंचार और जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों की 25 योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा तथा योजनाओं का शत प्रतिशत सेचुरेशन किया जायेगा। श्री रघुवंशी ने बताया कि धरती आबा अभियान के तहत लगाये जाने वाले शिविरों में हितग्राहियों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, ई-केवायसी एवं जाति प्रमाण पत्र बनाये जायेंगे तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रोफाइल पंजीयन एवं बैंक खाते खोलने के कार्य किये जायेंगे। इसके साथ ही राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में नामांकन सहित विभिन्न योजनाओं के आवेदन और स्वीकृति की कार्यवाही भी शिविरों में की जायेगी। शिविरों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ जनजातीय वर्ग के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाया जायेगा। सहायक आयुक्त जनजातीय कल्याण ने बताया कि अभियान के तहत शिविरों का आयोजन जिला प्रशासन, सीएससी, स्थानीय अधिकारियों तथा फ्रंटलाइन वर्कर्स के समन्वित प्रयास से होगा तथा ग्राम स्तर पर सेवा अंतराल की पहचान, सूक्ष्म कार्ययोजना निर्माण, शिविर कैलेंडर निर्धारण एवं रियल-टाइम निगरानी तंत्र की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

# सेवानिवृत्त चार्जमैन के विरुद्ध रिकवरी क्यों निकाली गई

## केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण ने रक्षा मंत्रालय सहित अन्य को नोटिस जारी किए

**जबलपुर।** केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) ने रक्षा विभाग से पूछा कि सेवानिवृत्त चार्जमैन के विरुद्ध रिकवरी क्यों निकाली गई। कैट के न्यायिक सदस्य जस्टिस एके श्रीवास्तव एवं प्रशासनिक सदस्य मल्लिका आर्या की खंडपीठ ने रक्षा विभाग के सचिव, डायरेक्टर जनरल ईएमई, आर्मी बेस वर्कशॉप जबलपुर के कमांडेंट, कंट्रोलर ऑफ डिफेंस एकाउंट को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जबलपुर निवासी सतपाल सिंह बडवाल की ओर से अधिवक्ता सचिन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि आवेदक की नियुक्ति 1987 में हुई थी और वह 2023 में सेवानिवृत्त हुआ। सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व में गलत वेतन निर्धारण का आधार बताते हुए 2 लाख 69 हजार रुपए की रिकवरी निकाल दी। दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के कई न्यायदृष्टांत हैं, जिसमें यह कहा गया है कि सेवानिवृत्ति के बाद रिकवरी नहीं निकाली जा सकती।

# डॉ. आम्बेडकर ने भारतीय नारियों का सम्मान बढ़ाया

**जबलपुर।** डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर जनसेवा पार्टी के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 01 जून को गोरखपुर गंगासागर अकबर का बाड़ा में कमल चौधरी के निवास पर सभा संपन्न हुई। जिसमें पार्टी के अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने देश का संविधान बहुत महत्वपूर्ण बनाया है, जिससे भारतीय महिलाओं को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा बड़े-बड़े कारखानों में अच्छे पदों पर कार्य करने का अवसर मिला है। आज महिलाओं को अपने बच्चों का भविष्य बनाने उन्हें शिक्षा की ओर प्रेरित करना चाहिए। इस सभा में अन्य गणमान्यजनों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभा में संस्था के अमित सैनी, रामसिपाही सेठ, श्यामलाल चौधरी, लखन खरे, डॉ. मानकलाल जाटव, सपना चौधरी, आजाद चौधरी काजल, आशा चौधरी, सियाबाई, मीनाबाई, रामबाई, सीताबाई, रामकली, चंदाबाई, नरबद बाई सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अभा कायस्थ महासभा ने मातृ-पितृ सेवा दिवस के रूप में कैलाश नारायण सारंग की जयंती मनाई




**जबलपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, जिला जबलपुर (महाकौशल प्रांत) द्वारा 02 जून 2025 को महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाज के अप्रतिम मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्तंभ ब्रम्हलीन कैलाश नारायण सारंग की जयंती को मातृ-पितृ सेवा दिवस के रूप में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं भोजन वितरण, शास्त्री नगर स्थित निराश्रित वृद्धाश्रम में दोपहर 12 बजे एवं फल वितरण कार्यक्रम, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर में दोपहर एक बजे संपन्न हुआ। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष के.के. श्रीवास्तव के निर्देशन में कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्था जिलाध्यक्ष प्रणीत वर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम में रतना श्रीवास्तव, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. विनोद श्रीवास्तव, शशि खरे, सीपी श्रीवास्तव, आदर्श श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, राजेंद्र ब्योहर, अखिलेश ब्योहर की उपस्थिति रही।

# जय लालवानी की आँखों से मिली दो लोगों को दृष्टि

**जबलपुर।** नेपियर टाउन निवासी आकाश लालवानी के पिता श्री जय लालवानी ने अपने मृत्यु उपरांत नेत्र दान संकल्प को पूरा किया। विगत दिवस हीरा मंगलानी ने श्री जय लालवानी की मृत्यु होने पर दादा वीरेंद्रपुरी नेत्र बैंक में संपर्क किया। देवजी नेत्रालय की टीम द्वारा उनके नेत्रों को नेत्र बैंक में संरक्षित कर लिया गया।डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि जय लालवानी के नेत्रों से बालाघाट निवासी 55 वर्षीया महिला जिनको चोट लगने से दोनों आँखों में दिखना बंद हो गया था उनकी दाहिनी आँख में नेत्र प्रत्यारोपित किया गया। दूसरा नेत्र सर्रा निवासी 31 वर्षीय लालचंद राजपूत, जो की बचपन से दृष्टिबाधित थे उनको जनज्योति सुपर स्पेसिलिटी आई हॉस्पिटल गोलबाजार में अत्याधुनिक शल्य क्रिया के माध्यम से डॉ. पवन स्थापक, डॉ. आयुष टंडन, डॉ. अर्पिता स्थापक, डॉ. प्रिया जैन, नवनीत शर्मा की टीम द्वारा प्रत्यारोपित किया गया। दोनों ही मरीज स्वस्थ हैं और देख पा रहे हैं।

# गायत्री परिवार का नौ दिवसीय जल साधना शिविर संपन्न

**जबलपुर।** गायत्री परिवार गायत्री शक्तिपीठ मनमोहन नगर जबलपुर के तत्वावधान में गौरीघाट स्थित जिलहरी घाट पर नौतपा का नौ दिवसीय जल साधना शिविर विधिवत संपन्न हुआ। विगत 25 मई से 2 जून तक जिलहरी घाट पर प्रातः 5:30 बजे से प्रातः 7:00 बजे तक लगभग डेढ़ घंटा जल में रहकर मौन साधना की गई जिसमें प्रतिदिन 70 से 80 गायत्री साधकों ने गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र का जाप संपन्न किया। इस भव्य एवं दिव्य आयोजन में दूर-दराज से महिलाएं, पुरुष युवा एवं बच्चों ने भारी संख्या में भाग लिया।



गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन प्रेम शंकर तिवारी एवं अनंत सिंह ठाकुर ने जल साधना से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। शिविर के समापन दिवस पर 02 जून को नर्मदा तट पर विशाल गायत्री महायज्ञ एवं प्रसाद वितरण के साथ ही शिविर का समापन हुआ जिसमें लगभग 150 से 200 परिजनों ने हिस्सा लिया। शिविर समापन पर गायत्री शक्तिपीठ के प्रधान ट्रस्टी बी.बी. शर्मा, व्यवस्थापक प्रमोद राय, साहित्य विस्तार पटल के प्रमुख जगदीश दीक्षित, नरेश तिवारी, नारायण दुबे, रमेश तिवारी, कमल राय, सीताराम रजक, घनश्याम रजक, प्रमेंद्र जाट, अरविंद श्रीवास्तव, डॉ. अरुण मिश्रा, पुनीत बक्शी, कविता तिवारी, वंदना राजपूत, ममता चौरे, दीप्ति मिश्रा, मधु नामदेव, अंजू गुप्ता, अनीता भटनागर, स्नेह लता सांवरे, प्रीति सोनी, सुहानी, सौम्या, श्रृष्टि पटैल का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# विधि के विद्यार्थियो को इन्टर्नशिप करायेगा आयोग

**जबलपुर।** मप्र मानव अधिकार आयोग द्वारा प्रदेश में अध्ययनरत विधि संकाय के विद्यार्थियों को एक माह प्रशिक्षण इन्टर्नशिप देने जा रही हैं। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि, आयोग के प्रमुख सचिव द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि, आयोग द्वारा 16 जून से 15 जुलाई तक भोपाल में मानव अधिकार एवं आयोग की कार्य प्रणाली के अध्ययन हेतु विधि संकाय के ऐसे विद्यार्थी जो कि 5 वर्षीय पाठ्यक्रम के तृतीय, चतुर्थ व पंचम वर्ष के पात्र होंगे तथा तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी पात्र माने जायेगे। प्रशिक्षण हेतु मात्र 30 सीटे ही रखी गई हैं जो पहले आओ पहले पाओ पर आधारित हैं। आवेदन आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र अनुसार ही अंतिम तिथि 10 जून तक आयोग के मुख्यालय भोपाल में जमा करने होंगे। इच्छुक विद्यार्थियो से आवेदन में किसी भी प्रकार की परेशानी अथवा जानकारी के लिये आयोग के शोध अधिकारी संजय कुमार विश्वकर्मा 0755-2572034 से संपर्क करने की अपील की गई है।

# अहिल्याबाई होलकर शौर्य दिवस पर मातृशक्तियों का सम्मान एवं महाआरती

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा अवधेश यादव के नेतृत्व में अहिल्याबाई होलकर के शौर्य दिवस पर श्री दसमुखी माता महाकाली मंदिर लार्डगंज कछियाना में जगतगुरु, साधु संत, महात्माओं के द्वारा 108 मातृ शक्तियों को साड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वामी जगतगुरु राघवदेवाचार्य, स्वामी जगतगुरु राजारामाचार्य, महाराज जी श्री दसमुखी महाकाली पीठाधीश्वर महंत योगी राजेश्वरानंद महाराज, स्वामी रामशरण, स्वामी रामेश्वरानंद महाराज, स्वामी प्रकाशानंद, स्वामी राजेशदास एवं अवधेश यादव, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया, इसके पश्चात



108 मातृ शक्तियों का सम्मान साड़ी, तिलक वंदन, अक्षत, पुष्पमालाओं के साथ किया गया। इसी तरह नारियों का सम्मान बना रहे, सदैव मातृशक्तियों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि बिना शक्ति के संसार अधूरा है, मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया, शाम को दसमुखी माता महाकाली मंदिर लार्डगंज कछियाना में महाआरती की गई एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, सभी भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया, सभी संत महात्माओं से भक्तजनों ने आशीर्वाद ग्रहण किया।

# कर्मचारियों की जीआईएस कटौती राशि बढ़ाई जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि वर्तमान समय में प्रदेश के कर्मचारियों की समूह बीमा योजना के अन्तर्गत क्लास थ्री कर्मचारियों से 200 रू प्रतिमाह काटा जा रहा है जो की न्यूनतम राशि है जिसके तहत कर्मचारियों का बीमा सिर्फ दो लाख रूपये होता है जो कि आज के इस मंहगाई के दौर में बहुत कम है। अतः कर्मचारियों की समूह बीमा राशि प्रतिमाह बढ़ाकर 1000 रू किया जाना चाहिए। क्योंकि जितनी न्यूनतम राषि कर्मचारियों की काटी जाएगी उतनी ही न्यूनतम राशि का बीमा हो पाएगा, परंतु यदि 1000 रूपये प्रतिमाह काटे जाते हैं तो कर्मचारियों का दस लाख का बीमा किया जा सकता है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, शहीर मुमताज़, सुधीर अवधिया, एनोस विक्टर, सुरेंद्र चौधरी, दीपेश जैन, मनमोहन चौधरी, आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है की कर्मचारियों की जी.आई.एस कटौती राशि बढ़ाई जाए।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

## 123 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को मिले पुरस्कार और 61 प्रशिक्षक सम्मानित

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल एवं कला प्रशिक्षण शिविर का समापन गत दिवस तरंग प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता थे। इस अवसर पर शिविर के 123 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत और 61 प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन अखिलेश अग्रवाल, केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधिकारी एससी घोष, देवेन्द्र चढ़ोकार, दीपक निगम




सहित बड़ी संख्या में नवोदित खिलाड़ी और उनके अभिभावक उपस्थित थे।बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है शीविर-समारोह के मुख्य अतिथि राजीव गुप्ता ने एक माह के शिविर को अनुशासित व बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद व उसके प्रशिक्षकों की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शिविर में प्रशिक्षति प्रतिभागी भविष्य में अपने-अपने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि एक माह का प्रशिक्षण शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी होते हैं। राजीव गुप्ता ने कहा कि ग्रीष्मकालीन खेल एवं कला प्रशिक्षण शिविर ने वर्तमान में नगर के सबसे बड़े खेल व कला प्रशिक्षण शिविर के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर ली है।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025**

# वैज्ञानिकों ने किसानों से की खेती की जानकारी साझा

**जबलपुर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून तक जिले के सभी विकासखंडों में किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देना, खरीफ फसलों की वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देना और किसानों की आमदनी को दोगुना करने की दिशा में उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करना है। इस अभियान के तहत कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के सानिध्य में विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्रों और आईसीएआर, खरपतवार अनुसंधान निदेशालय,जबलपुर के वैज्ञानिकों की 4 टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में 4 कृषि वैज्ञानिक शामिल है, जो



जिले के विभिन्न विभागों के साथ समन्वयक के रूप कार्य कर रहे हैं। टीमें प्रति दिन किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर रही हैं। खेतों में जाकर किसानों को मुख्य जानकारियां दी जा रही हैं।

गौरतलब है कि यह अभियान किसानों के बीच नई सोच और आत्मनिर्भर की भावना जाग्रत कर रहा है। विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह एक ठोस और प्रभावी पहल है।

### ये महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही

खरीफ फसलों (धान,सोयाबीन,मक्का,अरहर आदि) की उन्नत किस्में, बीज उपचार, समुचित बुवाई विधियां और कीट/रोग प्रबंधन। खरपतवार नियंत्रण के आधुनिक और सुरक्षित उपाय। जल संरक्षण तकनीकें और कृषि यंत्रों का समुचित उपयोग। कृषि आधारित उद्यमिता (जैसे मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन,पशुपालन आदि) से आय दोगुनी करने के उपाय। सरकारी योजनाओं और अनुदान की जानकारी, जिससे किसान अधिकतम लाभ उठा सकें।

# उत्तराखंड चार धाम यात्रा पर 9 जून को रवाना होंगे यात्री

**जबलपुर।** अक्षय तृतीया से देवभूमि उत्तराखंड चार धाम यात्रा की शुरुआत हो चुकी है, वर्ष में केवल छह महीने तक चलनेवाली इस यात्रा में प्रत्येक हिन्दू अपने जीवन काल में जिन चार पवित्र स्थलों के दर्शन करने की अभिलाषा रखता है वे चारों यमनोत्री , गंगोत्री , केदारनाथ एवं बद्रीनाथ उत्तराखंड में ही स्थित है। हर साल लाखों की संख्या में लोग चार धाम की यात्रा के लिए जाते हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार चारों दिशाओं में स्थित उत्तर में बद्रीनाथ धाम , दक्षिण में रामेश्वरम , पूर्व में जगन्नाथ पुरी और पश्चिम में द्वारिका पुरी ये चार धाम कहलाते हैं हिंदू धर्म में चार धाम की यात्रा बहुत ही पवित्र मानी जाती है, मान्यता है कि अगर व्यक्ति अपने जीवन काल में चार धाम की यात्रा करले, तो उसे जीवन - मरण के बंधन से मुक्ति मिल जाती है और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है। हिमालय की गोद में स्थित उत्तराखंड देवभूमि के रूप में जाना जाता है जहां बद्रीनाथ धाम के अलावा यमनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ स्थित है जिन्हें छोटा चार धाम कहा गया है,इन चार पवित्र धामों की यात्रा में ऊंची-ऊंची हिमाच्छादित पर्वत चोटियां, घने जंगल, नदी घाटियां,कल - कल करती नदियां, झरने जहां एक अनुपम दृश्य प्रस्तुत करती है।

# कैप्टन अखिलेश कुमार तिवारी को संस्कारधानी गौरवरत्न से किया गया सम्मानित

## 33 वर्ष 11 माह 26 दिन मां भारती की सेवा की सेवानिवृत्त हुए

**जबलपुर।** कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ, धनुष यज्ञ रामलीला समिति, समता पार्टी, जबलपुर संपूर्ण ब्राह्मण मंच, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैंट विधायक अशोक रोहणी, धनंजय बाजपेई, सीताराम कुरचानिया, रावेंद्र तिवारी, आनंद मोहन शर्मा, निशांत शर्मा, पुष्पा तिवारी, डॉक्टर स्वागतिकापति, शैलेष मिश्रा, रिंकू श्रीवास, विनय कुरचनिया, विजय गुप्ता, यदुवंश मिश्रा, अमन तिवारी रहे। अशोक रोहाणी ने कहा जनता सेवा जीवन की महत्वपूर्ण सेवा है। धनंजय



वाजपेई ने कहा सेना जनता व देश की सर्वश्रेष्ठ रक्षक है। कैप्टन अखिलेश तिवारी ने कहा जनता को सेल्फडिफेंस सीखना चाहिए, आतंकवादियों से सावधान हर हाल में रहना होगा। रावेंद्र तिवारी व पुष्पा तिवारी ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## झंडा बाजार में आयोजित बड़ी बैठक में लिए गये अनेक निर्णय

# सिहोरा रेलवे स्टेशन में शीघ्र हो ट्रेनों के स्टापेज



**हरिभूमि सिहोरा।**

सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन में लम्बे समय से नगरवासियों एंव अप-डाउन संघ द्वारा ट्रेनो के स्टापेज की मांग की जा रही है पर जनप्रतिनिधियों द्वारा उसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। एक बार फिर मांग को पूरा कराने के लिए सभी लोगों ने झंडा बाजार स्थित जैन मंदिर में अरुण जैन के संयोजन में बड़ी बैठक का आयोजन किया। जिसमें अनेक निर्णय लिए गए।

### जबलपुर को मिली दो ट्रेनों की सौगात

भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा दो नई ट्रेनों की सौगात दी गई जिसका सभी क्षेत्र वासियों ने स्वागत और सांसद आशीष दुबे के प्रति आभार व्यक्त किया है इसमें एक ट्रेन जबलपुर से बालाघाट होकर रायपुर तथा दूसरी ट्रेन रीवा से वाया जबलपुर होकर पुणे के लिए रवाना होगी तथा दुसरी ट्रेन जो की रीवा से होकर पुणे के लिए रवाना होगी इससे जबलपुर के आसपास के सभी क्षेत्रों को लाभ होगा।

### स्टेशन का तो विकास हो रहा पर स्टापेज नहीं मिल रहे

केन्द्र सरकार ने सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन का अमृत योजना के अंतर्गत विकास तो हो रहा लेकिन आज भी ट्रेनों के स्टॉपेज की राह देख रहा है यहां से निकलने वाली रीवा इतवारी, शहडोल नागपुर तथा नई ट्रेन रीवा पुणे का स्टॉपेज ठहराव अगर सिहोरा रेलवे स्टेशन को मिल जाता तो निश्चित ही एक अच्छा कार्य होता। चूंकि सिहोरा रेलवे स्टेशन शहडोल,खजुराहो संसदीय क्षेत्र के साथ जबलपुर की सीमा पर पड़ता है। तथा यहां से ढीमरखेड़ा बहोरीबंद मझौली एवं सिहोरा ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिदिन हजारों यात्री नागपुर व्यवसाय स्वास्थ्य की दृष्टि से यात्रा करते हैं तथा शिक्षा हेतु छात्र व्यापारी एवं नौकरी पैसा यात्री पुणे की यात्रा करते है।

### बैठक में लिए गए निर्णय

झंडा बाजार स्थित जैन मंदिर प्रांगण में आयोजित में निर्णय लिया गया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि,नगर पालिका परिषद, जनपद पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पार्षद, पंच, सरपंच, जनपद सदस्य गण, अपने अपने क्षेत्रों के विधायक गणों सासंदों से मिलकर ट्रेनों के स्टापेज के संबंध में ज्ञापन सौंपकर चर्चा करेंगे।

### अनेक ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रमुख स्टेशन

सिहोरा स्टेशन यात्रा की दृष्टि से विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों के लिए सहज और सरल है इसमें सिलोडी, ढीमरखेड़ा, पान उमरिया, बहोरीबंद, कुआं, बचैया, दिनारी, खमरिया, पिपरिया, रूपनाथ, दर्शनी, पोडा, मझौली के अलावा सिहोरा ब्लॉक के अंतर्गत बुढागर, गोसलपुर, फनवानी, मझगवा, कूम्ही, परसेल के यात्रीयों के पास पड़ता है। इसलिए ट्रेनों के स्टापेज बहुत ही आवश्यक है।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में मुख्य रुप से पूर्व विधायक दिलीप दुबे, राजा मोर, सत्यप्रकाश खरे, राजेश दाहिया, सतीश पटेल, विभोर जयसवाल,चेतराम विश्वकर्मा, निशांत विश्वकर्मा, मानस तिवारी, गजेन्द्र खम्परिया, अनिल जैन, अरविंद सोनी, दीपक दत्त दुबे, संदीप राही अभिषेक जैन, संजय गुप्ता सहित अनेक लोगों उपस्थित होकर सिहोरा रेलवे स्टेशन में शीघ्र ट्रेनों के स्टापेज की मांग को दुहराया।



## गरीब परिवारों को कराया भोजन

# अभा कायस्थ महासभा ने कैलाश सारंग के जन्मोत्सव पर पुष्पांजलि अर्पित की

**जबलपुर।** "महापुरुषों का जीवन हमें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। महापुरुष अपने जीवन से दूसरों को सीखने के लिए बहुत कुछ दे जाते हैं, जिसे आत्मसात कर हम अपने जीवन को श्रेष्ठता की ओर ले जाते हैं। कैलाश नारायण सारंग का जीवन भी हम सभी के लिए प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय रहा है, जिससे प्रेरणा पाकर हम कर्मशील, लगनशील, कर्तव्यनिष्ठ, न्यायप्रियता एवं अनुशासन का पाठ पढ़ते हैं। आज उनके जन्मोत्सव पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा उन्हें शत-शत नमन है।" उक्त आशय के विचार अभा कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने महासभा द्वारा आयोजित कैलाश सारंग के जन्मोत्सव पर व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि श्री सारंग का जन्मोत्सव मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर अभा कायस्थ महासभा द्वारा उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए गरीबजनों को भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर अभा कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रेनु श्रीवास्तव, युवा जिलाध्यक्ष विवेक खरे, स्मृति श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, नीलेश भटनागर, शालिनी निगम, बीना श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, पराग खरे, मानवेन्द्र सिंह, विजय खरे आदि की उपस्थिति रही।

## सम्मान पाकर खिल उठे चेहरे

# महिला एवं बाल विकास उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



**जबलपुर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी गौरीशंकर लोवंशी की अध्यक्षता में शहरी परियोजना क्र. 5 सेक्टर 3 की कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए होटल दरबार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रतिभाशाली कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे, परियोजना अधिकारी ने विभाग की विभिन्न योजनाओं में सभी से अपना शत-प्रतिशत समर्पण से निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। सुरुचिभोज के साथ इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशस्तिपत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कृषि विकास विस्तार अधिकारी प्रीति लोवंशी, पर्वेक्षक ममता गर्ग, साक्षी पाण्डेय, पं. धीरेन्द्र गर्ग, जितेंद्र सिंह राजपूत ने महिला एवं बाल विकास की संचालिका योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं उपस्थित सराहनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती ममता गर्ग ने किया।

# तक्षशिला इंस्टीट्यूशंस में फ्री हेल्थ चेकअप किया गया



**जबलपुर।** तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, जबलपुर में छात्र-छात्राओं, फेकल्टी मेम्बर्स, अभिभावकगण एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए संस्था में शहर के डॉक्टर्स द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. नितिन सोनी, डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव डायबेटिक्स, थायराइड एवं ओबिसिटी स्पेशियलिस्ट, डॉ. अरविंद सोनी चिरोपेरेक्टर, डॉ. रितु. श्रीवास्तव एवं डॉ. रंजना मिश्रा एंजाइटी स्ट्रेस साइक्लोजिस्ट आदि ने छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज के कर्मचारियों को आजकल होने वाली बीमारियों एवं दैनिक जीवन शैली में बढ़ते तनाव तथा तरह-तरह की बीमारियों से घटती जा रही इम्युनिटी एवं उसके उपचार के बारे में विस्तृत रूप से जानकारियां दी तथा सभी का अलग-अलग तरह की जांच की एवं रोकथा के बारे में बताया। प्रारंभ में नेत्रालय के मैनेजिंग डायरेक्टर देवेन्द्र श्रीवास्तव ने आंखों में बढ़ती बीमारियों एवं मोबाइल से निकल रहे रेडियेशन से आंखों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है, उसकी विस्तृत जानकारी छात्रों को दी तथा उनकी आंखों की जांच की गई। संस्था के चेयरमेन आरएन पहारिया ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य के प्रति हम लापरवाही बरतते हैं जिसका परिणाम एक उम्र के बाद हमें दिखाई देता है। कार्यक्रम में चेयरमेन आरएन पहारिया, शरद कुमार गुप्ता, रतन कुमार खर्द, डॉ. बीके साहू, डॉ. अर्पित शुक्ला आदि उपस्थित रहे। कैम्प को सफल बनाने में डॉ. शोभित वर्मा, अंकित सोनी, संतोष गढ़ेवाल, छात्र वालेंटियर्स का योगदान रहा।

# अवैध हथियार तस्करों को क्राईम ब्रांच ने दबोचा

## तीन पिस्टल, 29 कारतूस, एक मोटर सायकिल जप्त



**हरिभूमि, जबलपुर।**

बेलबाग और क्राईम ब्रांच की टीम ने रामलीला मैदान के पास अवैध हथियार के कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3 पिस्टल, 29 नग कारतूस और 1 बाईक जब्त की हैं।बेलबाग टीआई राजकुमार खटीक ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच और बेलबाग की पुलिस ने रामलीला मैदान के पास कारतूस लेकर खड़े ओमटोरिया के पीछे लालमाटी निवासी 18 वर्षीय मोहित रजक उर्फ कृष्णा को गिरफ्तार कर लिया है। कारतूस के संबंध में पूछताछ करने पर 20 जिंदा कारतूस ओमटोरिया लालमाटी निवासी 32 वर्षीय आशीष मिश्रा से लेना बताया। तलाशी करने पर जिला पंचायत कार्यालय के पास आरोपी आशीष मिश्रा को संदिग्ध हालत में बाईक सहित पकड़ा गया। आरोपी के पास रखे पिट्ठु बैग के अंदर तीन नग देशी पिस्टल मेग्जीन और तीन जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने आरोपी आशीष मिश्रा के कब्जे से 3 पिस्टल मय मैगजीन एवं 9 जिन्दा कारतूस एवं मोटर सायकिल तथा मोहित रजक से 20 कारतूस जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## 12 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत मालगुजार परिसर के पीछे सुभाषनगर में ई रिक्शा चार्जिंग प्वाईंट के पास मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 ग्राम स्मैक एवं 2 मोबाइल तथा बाईक जब्त की है। टीआई प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर मालगुजार परिसर के पीछे सुभाषनगर में ई रिक्शा चार्जिंग प्वाईंट के पास स्मैक बेचने की फिराक में घूम रहे बस्ती नंबर 2 अमखेरा गोहलपुर निवासी 23 वर्षीय अजय उर्फ राहुल नामदेव और सुभाषनगर गोहलपुर निवासी 20 वर्षीय राहुल विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 ग्राम स्मैक एवं 2 मोबाईल तथा मोटर सायकिल जब्त कर लिया हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-रुकमणि के मंगल विवाह का प्रसंग

# भक्तिमार्ग व्यक्ति को नम्र बनाता है : ब्रम्हानंद दास

### पुराने बस स्टेंड में भागवत कथा का आयोजन



**हरिभूमि सिहोरा।**

ज्ञानमार्ग जीवन में अहंकार पैदा करता है जबकि भक्तिमार्ग व्यक्ति को नम्र बनाता है। उक्ताशय के विचार भेड़ा स्लीमनाबाद के संत ब्रम्हानन्द दास जी महाराज ने पुराने बस स्टेंड गणपति ट्रेडर्स में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छंटवे दिवस श्रीकृष्ण रुकमणी के मंगल विवाह के अवसर पर व्यासपीठ से व्यक्त किए। आगे कहा जब भगवान के प्रति अटूट प्रेम हो जाये और जीवन में सहजता और सरलता आ जाये तो भगवान मिल जाते हैं। महाराज ने गोपी का अर्थ समझाते हुए कहा कि समस्त इन्द्रियों से जो कृष्ण रस का पान करें उसे गोपी कहते हैं इसी तरह महारास की चर्चा करते हुए कहा जीव और ईश्वर के मिलन को महारास कहते हैं। रुकमणी कृष्ण विवाह कथा समझाने के लिए रुकमणी के कृष्णवरण की कथा से शिव के लिए पार्वती की तपस्या आदि प्रसंग श्रोताओं को समझाए तथा कहा कि रुकमणी ने मन मन कृष्ण को पति मान चुकी थी और उनका विवाह इच्छा के बगैर शिशुपाल से किया जा रहा था तो भगवान को संदेश भेजकर उन्होंने मंदिर में बुलवाया तो भगवान ने मंदिर पहुंची माता रुकमणी से विवाह कर धर्म की रक्षा की। कृष्ण रुकमणी विवाह की सुंदर झांकी ने सबका मन मोह लिया। भगवान के विवाह के साक्षी बने श्रोता दर्शकों ने जी भरकर इस मौके पर नाच गाकर खुशियां मनाई। भक्तों को आशीर्वाद देने कथा में पहुंचे बजरंग पीठाधीश्वर श्याम गिरी जी महाराज का आयोजन मंडल ने भव्य स्वागत किया। महाराज जी आगे कहा धार्मिक आयोजन करते समय पति का सहयोग करने से पत्नी को भी पूर्ण पुण्य प्राप्त होता है।

**श्री हरेंद्र शर्मा-** न्यू कंचनपुर मैदा मिल के पीछे अधारताल निवासी सर्प विशेषज्ञ श्री हरेंद्र शर्मा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शिवराज सिंह ठाकुर-** दुर्गा नगर भटौली निवासी श्री दल सिंह ठाकुर के पुत्र श्री शिवराज सिंह ठाकुर (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला बाई बंशकार-** वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री राम गुलाब बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती लीला बाई बंशकार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उदय सिंह लोधी-** बिलपुरा कॉलोनी व्हीकल रोड निवासी श्री उदय सिंह लोधी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मंजू लोधी-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री सुरेश कुमार लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती मंजू लोधी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कृष्णा गिरी-** रांझी गांधी व्यायाम शाला के पास निवासी श्री कृष्णा गिरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्री दीनानाथ मौर्य-** शीतलामाई वार्ड निवासी श्री दीनानाथ मौर्य (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती किरण बेन-** फूटाताल बेन मोहल्ला निवासी श्री मोहन लाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती किरण बेन (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया झारिया-** घाना खमरिया निवासी श्री राम लाल झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती माया झारिया (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूजा शुक्ला-** गढ़ा स्थित लाल हवेली के पास निवासी श्री अजय शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती पूजा शुक्ला (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती शशि बाला तिवारी-** शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री हरि शंकर तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती शशि बाला तिवारी (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाइट 300/-
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

## कंकाली मोहल्ला सिहोरा की घटना

# परिजनों के साथ मिलकर पत्नी और पुत्र पर किया हमला

**सिहोरा।** सिहोरा थानांतर्गत कंकाली मोहल्ला में एक व्यक्ति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर पत्नी और पुत्र पर ही हमला कर दिया। घटना में उन दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि कंकाली मोहल्ला में रहने वाले राजन सिंह कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात उसकी बहन दादी के घर में स्कूटी रखने गई थी। जहां दादी ने आने से मना किया इस बात का जब मां सुषमा ने विरोध किया तो राजन कि पिता रतन ने सिर पर डंडे से हमला कर दिया।



राजन ने जब विरोध किया तो रतन कुशवाहा, राकेश कुशवाहा एवं एकता कुशवाहा साहिल कुशवाहा सहित अन्य लोगों ने उस पर और उसकी मां पर हमला कर दिया। पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया तब जाकर वे दोनों उनके चंगुल से छूट पाए। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## 57 लीटर कच्ची शराब जब्त

**जबलपुर।** बरगी पुलिस ने मानेगांव लिंक रोड पर अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 57 लीटर कच्ची शराब और बाईक जब्त की है। बरगी थाना प्रभारी कमलेश चौरिया ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर मानेगांव लिंक रोड पर बाईक पर शराब ले जा रहे तिखारी निवासी 20 वर्षीय अनिल भलावी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 57 लीटर कच्ची शराब और घटना में प्रयुक्त बाईक भी जब्त की है।

## 13 जुआरियों से 28 हजार जब्त

**जबलपुर।** बरगी चौकी अतंर्गत टोडरमल बरगी डेम के पास चल रहे एक जुए के फड़ पर पुलिस ने छापा मारकर 13 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगद 28 हजार 400 रुपए एवं 12 मोबाइल जब्त किए हैं। बरगी थाना प्रभारी कमलेश चौरिया ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर चौकी बरगी नगर में टोडरमल बरगी डेम के पास जुआ मन्ना खेल रहे गलगला सरस्वती मंदिर के पास थाना बेलबाग निवासी 26 वर्षीय अमित गोतेल, ठक्कर ग्राम किलकारी वार्ड हनुमानताल निवासी 45 वर्षीय मो.बकील, 4 खंबा बारात घर के सामने हनुमानताल निवासी 27 वर्षीय सरादल खान, 4 खंबा बारात घर के पास हनुमानताल निवासी 32 वर्षीय बकील अंसारी, ठक्करग्राम हनुमानताल निवासी 35 वर्षीय नियाज हैदर, ठक्कर ग्राम हनुमानताल निवासी 40 वर्षीय जलील अहमद, ठक्करग्राम हनुमानताल निवासी 32 वर्षीय अब्दुल सगीर, गलगला मुमताज बिल्डिंग बेलबाग निवासी 31 वर्षीय मोह. अमीर, गलगला मस्जिद के पास कोतवाली निवासी 32 वर्षीय इरफान खान, ठक्करग्राम हनुमानताल निवासी 35 वर्षीय मो. अहमद, 4 खंबा हनुमानताल निवासी 28 वर्षीय मोह. सिकंदर, मिलौनीगंज गोहलपुर निवासी 30 वर्षीय तोज मोहम्मद और दीनानाथ क्रासिंग निवासी 26 वर्षीय मोह. हुसैन मंजूर को गिरफ्तार उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते तथा नगदी 28 हजार 400 रुपये 12 मोबाईल फोन जप्त किए है।

### नाम सुधार सूचना

मैं AMIT KUMAR SINGH S/o TEJBHAN SINGH यह घोषणा करता हूं। की मेरी पुत्री AARADHYAYA SINGH का पूर्व में बना पासपोर्ट क्रमांक M0860391 बना था। जिसकी वैधता 7/8/2019 तक थी जिसे पुनः बनवाने हेतु अपनी पुत्री के जन्म, शैक्षणिक वा निवासिक दस्तावेज अनुसार रख लिया है। अतः आज से मेरी पुत्री को शैक्षणिक एवं निवासित दस्तावेज अनुसार पढ़ा,लिखा वा पहचाना जाये।

पुराना नाम- ARADHYAYA SINGH D/o AMIT SINGH
नया नाम- AARADHYAYA SINGH D/o AMIT KUMAR SINGH
पता - पांचवी मंजिल, सत्यमेव जयते काम्पलेक्स ,तहसील चौक, जबलपुर।

### नाम सुधार सूचना

मैं AMIT KUMAR SINGH S/o TEJBHAN SINGH यह घोषणा करता हूं। की मेरी पुत्री SHAMBHAVI SINGH का पूर्व में बना पासपोर्ट क्रमांक M0860390 बना था। जिसकी वैधता 7/8/2019 तक थी जिसे पुनः बनवाने हेतु अपनी पुत्री के जन्म, शैक्षणिक व निवासिक दस्तावेज अनुसार रख लिया है। SHAMBHAVI SINGH D/o AMIT KUMAR SINGH रख लिया है। अतः आज से मेरी पुत्री को शैक्षणिक एवं निवासित दस्तावेज अनुसार पढ़ा,लिखा वा पहचाना जाये।

पुराना नाम- SHAMBHAVI SINGH D/o AMIT SINGH
नया नाम- SHAMBHAVI SINGH D/o AMIT KUMAR SINGH
पता - पांचवी मंजिल, सत्यमेव जयते काम्पलेक्स ,तहसील चौक, जबलपुर।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग गोरखपुर जिला जबलपुर म. प्र.

रा.प्र.क. अपील/2025-26

01 - श्री भोलाराम खत्री पिता स्व. श्री मनसुखलाल खत्री निवासी- 1788 आनंद कुंज, रानी दुर्गावती वार्ड, गढ़ा जबलपुर म.प्र.......................अपीलार्थीगण

विरूद्ध

01 - श्री महेश पटेल पिता श्री भोलाराम पटेल निवासी- 1342 / 10. शाहीनाका, गढ़ा जबलपुर हाल मुकाम छोटू सेटिंग वाल गुरहा तालाब हरदौल मंदिर गढ़ा, जबलपुर
02 - श्रीमति रामकलीबाई पटेल पति श्री मनसुखलाल पटेल निवासी-34 / 32, महात्मा गांधी वार्ड पाटन तहसील पाटन, जिला जबलपुर म.प्र............गैरअपीलार्थीगण

**आम-सूचना एवं इश्तहार**

एतद् द्वारा गैरअपीलार्थीगण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्री भोलाराम खत्री पिता स्व. श्री मनसुख लाल खत्री निवासी 1788 आनंद कुंज रानी दुर्गावती वार्ड गढ़ा जबलपुर म.प्र.द्वारा विचारण न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर के रा.प्र.क. 3242 / अ-6 / 2023-24 आदेश पारित दिनांक 15/04/2021 से व्यथित होकर अपील आवेदन अंतर्गत म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत प्रस्तुत की है। प्रतिअपीलार्थीगणों एवं वादग्रस्त भूमि मौजा गढ़ा नं. बं. 599 प. ह. नं. 28 रा. नि. मं. जबलपुर - 1 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 38 / 1 एरिया 0.2610 हे. भूमि संपति जिसमें से एरिया 750 वर्गफुट पर दर्ज श्री महेश पटेल पिता श्री भोलाराम पटेल निवासी 1342 / 10 शाहीनाका, गढ़ा जबलपुर के नाम पर दर्ज भूमि पर हित रखने वालों को सूचित किया जाता है कि प्रकरण दिनांक 06/06/2025 को सुनवाई हेतु नियत किया गया है। जिसमें न्यायालय में स्वयं एवं अथवा अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर दावे एव आपत्तियां लिखित में समक्ष में पेश कर सकते है । नियत पेशी तिथि के उपरांत कोई भी दावा एवं आपति मान्य नहीं की जावेगी तथा प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण गुण-दोष के आधार पर किया जावेगा ।


आज दिनांक 21/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद- मुद्रा से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग गोरखपुर, जिला-जबलपुर म. प्र.


## खबर संक्षेप

### सोना 330 रुपए बढ़ा, चांदी भी 100 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बाद सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 330 रुपये बढ़कर 98,930 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। सराफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पहले शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### एफपीआई ने शेयर बाजार में 19,860 करोड़ रुपए डाले




**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार पर भरोसा कायम है। अनुकूल आर्थिक संकेतकों तथा मजबूत घरेलू बुनियाद के चलते एफपीआई ने मई में भारतीय शेयरों में 19,860 करोड़ रुपये का निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में एफपीआई ने शेयरों में 4,223 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था।

### रुपया 16 पैसे बढ़कर 85.39 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे की मजबूती के साथ 85.39 (अस्थायी) पर बंद हुआ। डॉलर के कमजोर होने तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में आगे और कटौती किये जाने की उम्मीद से रुपये में यह तेजी रही।

### विनफास्ट इंडिया की बुकिंग जून में होगी शुरू




**हनोई।** वियतनाम की अग्रणी कंपनी विन्ग्रुप की इलेक्ट्रिकवाहन (ईवी) इकाई विन्फास्ट भारत में अपनी पेशकश की तैयारी कर रही है, जिसकी बुकिंग इसी महीने शुरू होगी।भारत में अपने वीएफ7 और वीएफ6 मॉडल उतारने की योजना बना रही है और आने वाले वर्षों में देश में वार्षिक उत्पादन को बढ़ाकर 1,50,000 ईवी करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

### एजिस वोपैक का शेयर छह फीसदी घटकर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** एजिस लॉजिस्टिक्स लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी एजिस वोपैक टर्मिनल्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 235 रुपये से छह प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 220 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 6.38 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है।

### इंफोसिस के सीईओ पारेख का वेतन बढ़कर 80.62 करोड़




**नई दिल्ली।** इन्फोसिस के सीईओ और प्रबंध निदेशक सलिल पारेख का वेतन वित्त वर्ष 2024-25 में 21.6 प्रतिशत बढ़कर 80.62 करोड़ रुपये हो गया। इससे पिछले वित्त वर्ष में पारेख को 66.25 करोड़ रुपये का वेतन मिला था। इन्फोसिस की वार्षिक रिपोर्ट से पता चला कि पारेख ने 2024-25 में मूल वेतन के रूप में 7.45 करोड़ रुपये, सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में 49 लाख रुपये, बोनस और प्रोत्साहन के रूप में 23.18 करोड़ रुपये और शेयर विकल्पों के इस्तेमाल से 49.5 करोड़ रुपये अर्जित किए।

# चीन के एक फैसले से भारत के इलेक्ट्रिक वाहन इंडस्ट्रीज में मची उथल-पुथल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- मारुति, बजाज, टीवीएस के शेयरों में आई गिरावट

भारत के इलेक्ट्रिक वाहन इंडस्ट्री सप्लाई चेन में नई उथल-पुथल का सामना कर रहा है। टीवीएस मोटर से लेकर बजाज ऑटो, मारुति सुजुकी समेत ऑटो कंपनी के शेयर फोकस में हैं। टीवीएस मोटर के शेयर में 1 फीसदी तक की गिरावट देखी गई और यह शेयर कारोबार के दौरान 2,760 पर आ गया था।

वहीं, बजाज ऑटो के शेयर में 2 फीसदी तक की गिरावट देखी गई और यह शेयर कारोबार के दौरान 8,486 रुपए पर आ गया था। मारुति सुजुकी और टाटा मोटर्स के शेयर में 1 फीसदी से अधिक की गिरावट देखी गई। शेयरों में इस गिरावट के पीछे चीन का एक फैसला है।

### चीन ने रेयर अर्थ मैग्नेट के निर्यात पर रोक लगा दिया है

#### यहां फंस रहा पेंच

बता दें कि रेयर अर्थ मैग्नेट इलेक्ट्रिक वाहन मोटरों में एक महत्वपूर्ण कंपोटेंट होते हैं। इनका इस्तेमाल गाड़ियों के कई जरूरी हिस्सों में लगते हैं, जैसे-इलेक्ट्रिक मोटर,पॉवर विंडो,स्पीकर और कई ऑटो पार्ट्स में। भारत ज्यादातर ये मैग्नेट चीन से खरीदकर लाता है। हालांकि, चीन द्वारा रेयर अर्थ मैग्नेट के एक्सपोर्ट पर लगाई गई पाबंदियों के बाद अब कंपनियों को शिपमेंट के लिए चीन सरकार से इजाजत लेनी होगी। भारतीय कंपनियों को चीन से मैग्नेट मंगाने के लिए 'एंड-यूज सर्टिफिकेट' देना होगा। इसमें यह बताना पड़ेगा कि यह चुम्बक सैन्य उद्देश्यों के लिए नहीं हैं। इसके बाद इन डॉक्युमेंट को नई दिल्ली में चीनी दूतावास द्वारा वेरिफिकेशन कराना पड़ेगा और कंपनियों के चीनी आपूर्तिकर्ताओं को भेजना पड़ेगा। इसके बाद चीन लाइसेंस जारी करता है।



*क्या है मामला : चीन द्वारा ग्लोबल रेयर अर्थ मैग्नेट सप्लाई के लगभग 90 प्रतिशत को कंट्रोल करने के साथ, तत्काल विकल्प खोजना एक चुनौती बनी हुई है। विकल्पों के लिए परीक्षण, सत्यापन और एकीकरण में समय लेने वाले निवेश की आवश्यकता होगी, जो उन्हें केवल मध्यम अवधि में व्यवहार्य बनाता है। पिछले हफ्ते, बजाज ऑटो ने अपने मार्च तिमाही के दौरान स्थिति को 'काले बादल' के रूप में बताया था और कहा था अगर मामला अनसुलझा रहता है तो अगले महीने की शुरुआत से गंभीर उत्पादन जोखिमों को पैदा कर सकता है, जबकि अब यह प्रमाणित करने के लिए एक औपचारिक प्रक्रिया लागू है कि सामग्री को सैन्य उपयोग के लिए नहीं भेजा जाएगा, चीन से शिपमेंट का भाग्य अभी भी अधर में लटका हुआ है।*

#### वीएस मोटर ने जताई चिंता

चीन द्वारा रेयर अर्थ मैग्नेट के निर्यात पर रोक लगा दिया गया है। इस पर भारतीय ऑटो कंपनी का प्रोडक्शन करना मुश्किल हो गया है। ऐसे में देश की दिग्गज ऑटो कंपनी ने चिंता जताई है। टीवीएस मोटर के एमडी सुदर्शन वेणु ने 2 जून को बातचीत के दौरान कहा, 'प्रतिबंध का असर जून या जुलाई तक प्रोडक्शन पर दिखना शुरू हो जाएगा।' उन्होंने चेतावनी दी कि इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट खास तौर पर प्रभावित हो सकता है। चीन से बड़े पैमाने पर मंगाए जाने वाले रेयर अर्थ मैग्नेट ईवी मोटर के प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण हैं और आपूर्ति में कोई भी व्यवधान उत्पादन कार्यक्रम को पटरी से उतार सकता है।

## सूची में शीर्ष आठ स्थानों पर अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां

# सर्वाधिक मूल्यवान वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों की सूची में रिलायंस एकमात्र भारतीय कंपनी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- शीर्ष पर माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, एप्पल, अमेजन, अल्फाबेट शामिल
- ताइवान की टीएसएमसी नौवें, चीन की टेनसेंट 10वें स्थान पर
- रिलायंस 216 अरब डॉलर बाजार मूल्यांकन के साथ 23वें स्थान पर

जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के लिहाज से शीर्ष 30 वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों की सूची में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी है। 'ट्रेंड्स -आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में यह कहा गया है।

इसमें वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने और परिवर्तनकारी प्रभाव पर विस्तार से अध्ययन किया गया है। रिपोर्ट में बाजार पूंजीकरण के आधार पर वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों की सूची दी गई है।

सूची में शीर्ष आठ स्थानों पर अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां... माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, एप्पल, अमेजन, अल्फाबेट, मेटा प्लेटफॉर्म, टेस्ला और ब्रॉडकॉम काबिज हैं। ताइवान की टीएसएमसी नौवें जबकि चीन की टेनसेंट 10वें स्थान पर है। सूची के अनुसार, 216 अरब डॉलर के बाजार मूल्यांकन के साथ रिलायंस 23वें स्थान पर है।




#### सूची में चीन की तीन व जर्मनी की दो कंपनियां शामिल

रिपोर्ट के अनुसार, ''2025 में, सूची में शामिल नये देशों में चीन की तीन, जर्मनी की दो, ताइवान के साथ, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया और भारत की एक-एक कंपनियां इसमें हैं। सूची में ताइवान की केवल एक कंपनी...टीएसएमसी शामिल है। यह कंपनी विश्व के सर्वाधिक उन्नत सेमीकंडक्टर का 80 से 90 प्रतिशत तथा वैश्विक सेमीकंडक्टर का 62 प्रतिशत उत्पादन करती है।

#### पिछले 30 साल में पांच कंपनियां सबसे मूल्यवान बनी

रिपोर्ट कहती है, ''पिछले 30 साल (1995-2025) में, केवल पांच कंपनियां...माइक्रोसॉफ्ट, ऑरैकल, सिस्को, आईबीएम और एटीएंडटी... शीर्ष 30 सबसे अधिक मूल्यवान सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों में शामिल रही हैं।

#### वर्ष 1995 में अमेरिका की हिस्सेदारी 53 फीसदी थी

रिपोर्ट में कहा गया, ''इसमें रिलायंस को एनवीडिया, एप्पल, अमेजन, अल्फाबेट, मेटा, टेस्ला, अलीबाबा, सेल्सफोर्स और चाइना मोबाइल जैसी नई कंपनियों के साथ रखा गया है। इसके अनुसार, ''दुनिया में 1995 में सबसे मूल्यवान तकनीकी कंपनियों में अमेरिका की हिस्सेदारी 53 प्रतिशत (30 में से 16) और 2025 में 70 प्रतिशत (30 में से 21) थी।

#### भारत में सबसे ज्यादा चैटजीपीटी ऐप उपयोगकर्ता

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा चैटजीपीटी मोबाइल ऐप उपयोगकर्ता हैं। ओपन एआई द्वारा विकसित कृत्रिम मेधा (एआई)-संचालित चैटबॉट के मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं में से 13.5 प्रतिशत भारत में हैं। इस मामले में अमेरिका (8.9 प्रतिशत), इंडोनेशिया (5.7 प्रतिशत) और ब्राजील (5.4 प्रतिशत) से भारत आगे है।

#### एआई में बहुत तेजी से बदलाव हो रहे

पाकिस्तान में तीन प्रतिशत इसके उपयोगकर्ता हैं। चीनी एआई ऐप डीपसीक के सक्रिय वैश्विक उपयोगकर्ताओं में भी भारत का हिस्सा 6.9 प्रतिशत है। इस मामले में चीन (33.9 प्रतिशत) और रूस (9.2 प्रतिशत) भारत से आगे हैं। रिपोर्ट में कहा गया, ''कृत्रिम मेधा आधुनिक परिदृश्य को बहुत तेजी से बदल रही है। शोध के रूप में जो शुरू हुआ, वह उद्योगों में उभरते हुए मुख्य बुनियादी ढांचे में बदल गया है।

# टेस्ला को भारत में ईवी कार बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं



- केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री कुमारस्वामी ने दी जानकारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- टेस्ला भारत में केवल अपना शोरूम बनाना चाह रही

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि कार विनिर्माता टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक कार के विनिर्माण में रुचि नहीं रखती है, लेकिन वह देश में शोरूम स्थापित करने को इच्छुक है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि यदि टेस्ला भारत के शुल्क से बचने के लिए वहां कारखाना स्थापित करती है, तो यह अमेरिका के लिए ''अनुचित'' होगा। कुमारस्वामी ने यहां पत्रकारों से कहा, '' टेस्ला... वे केवल शोरूम खोलने में रुचि रखते हैं। भारत में विनिर्माण शुरू करने में उनकी कोई रुचि नहीं है।''

मंत्री ने भारत में इलेक्ट्रिक कार के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के वास्ते दिशा-निर्देश पेश करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। वहीं एक अधिकारी ने कहा, अभी तक उन्होंने (टेस्ला) रुचि नहीं दिखाई है।

टेस्ला के प्रतिनिधि ने भारत में इलेक्ट्रिक कार के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के लिए पक्षकारों की चर्चा के केवल पहले दौर में हिस्सा लिया था।

#### अप्रैल में मस्क ने भारत यात्रा टाली थी

कंपनी का प्रतिनिधि पक्षकारों के विचार-विमर्श के दूसरे और तीसरे दौर का हिस्सा नहीं था। टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरबपति एलन मस्क ने पिछले साल अप्रैल में कहा था कि कंपनी से जुड़े विभिन्न कामों के कारण उनकी भारत यात्रा में विलंब हो रहा है।


## वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख से सेंसेक्स व निफ्टी में गिरावट

एजेंसी ▸▸ मुंबई

- वैश्विक व्यापार को लेकर दुनिया भर के बाजारों में रही गिरावट
- सेंसेक्स 77 अंक टूटा, निफ्टी में 44 अंक की गिरावट

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में भी सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 77 अंक टूट गया। वैश्विक व्यापार को लेकर ताजा चिंता से दुनिया के अन्य बाजारों में गिरावट का रुख रहा जिसका असर घरेलू बाजार पर भी दिखा।

इसके अलावा, रूस-यूक्रेन युद्ध, ब्रेंट क्रूड के दाम में तेज वृद्धि और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स एक समय 796.75 अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, बाद में इसमें कुछ सुधार आया और अंत में यह 77.26 अंक के नुकसान के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 34.10 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,716.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 224.55 अंक टूट गया था। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, ''जून में अस्थिर शुरुआत के साथ मानक सूचकांक मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। अमेरिका के इस्पात और एल्युमीनियम पर शुल्क को दोगुना कर 50 प्रतिशत करने की घोषणा के बाद नये व्यापार तनाव के कारण बाजार में सतर्क रुख देखने को मिला और कारोबार सीमित दायरे में रहा।



#### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं।

### रॉयल एनफील्ड की बिक्री 26% बढ़कर 89,429 इकाई



**नई दिल्ली।** मोटरसाइकिल विनिर्माता रॉयल एनफील्ड की मई में कुल बिक्री 26 प्रतिशत बढ़कर 89,429 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 71,010 इकाई थी। रॉयल एनफील्ड ने सोमवार को बयान में कहा, पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 75,820 इकाई रही, जबकि मई, 2024 में यह 63,531 इकाई थी। पिछले महीने कंपनी का निर्यात 82 प्रतिशत बढ़कर 13,609 इकाई हो गया। मई, 2024 में यह आंकड़ा 7,479 इकाई रहा था। रॉयल एनफील्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी. गोविंदराजन ने कहा, '' इस महीने हमने भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में स्थिर वृद्धि के साथ अपनी गति को जारी रखा है।''

## मई के दौरान एआई, मशीन लर्निंग में भर्तियां 25 प्रतिशत बढ़ीं

- आईटी क्षेत्र में आई गिरावट : रिपोर्ट
- वरिष्ठ पेशेवरों की मांग भी स्थिर बनी रही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



मई माह में कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) क्षेत्र में भर्तियों की संख्या में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि व्यापक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में नौकरी के अवसरों में गिरावट देखी गई। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

'नौकरी जॉबस्पीक मई 2025' रिपोर्ट कहती है कि आईटी क्षेत्र से जुड़ी नई नौकरियां मई, 2025 के दौरान पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले पांच प्रतिशत घट गईं। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, मई के दौरान महानगरों में एआई एवं मशीन लर्निंग से जुड़ी भूमिकाओं पर भर्तियों में लगातार तेजी देखी गई। इसी के साथ वरिष्ठ पेशेवरों की मांग भी स्थिर बनी रही। यह एक ऐसी प्रवृत्ति है जो पिछले एक साल से मजबूत बनी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मई, 2025 में कुल भर्ती परिदृश्य स्थिर रहने के बीच रियल एस्टेट पांच प्रतिशत और बीमा छह प्रतिशत बढ़कर अपेक्षाकृत चमकदार क्षेत्र के रूप में उभरे।

### समय से पहले मानसून से बिजली खपत 4 फीसदी घटी



**नई दिल्ली।** मई में भारत की बिजली खपत एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में चार प्रतिशत घटकर 148.71 अरब यूनिट रह गई। इसका मुख्य कारण बेमौसम बारिश और मानसून का समय से पहले आना है। पिछले साल मई में बिजली की खपत 155.15 अरब यूनिट दर्ज की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के समय से पहले आने और मौसमी बारिश ने मई में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग को भी प्रभावित किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, मानसून अपने सामान्य समय से आठ दिन पहले यानी 24 मई, 2025 को केरल तट पर पहुंच गया।

## आयात शुल्क में कटौती से खाद्य तेल की कीमतों में आएगी कमी

- दो सप्ताह में खुदरा स्तर पर 5 से 6 फीसदी कमी आने की उम्मीद
- सरकार ने कच्चे तेल के आयात पर 10 फीसदी शुल्क में कटौती की

एजेंसी ▸▸ कोलकाता



कच्चे खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में 10 प्रतिशत की कटौती करने के केंद्र सरकार के फैसले के बाद अगले दो सप्ताह में खुदरा स्तर पर भी खाद्य तेलों की कीमतों में 5-6 प्रतिशत की गिरावट आने की उम्मीद की जा रही है।

इमामी एग्रोटेक के निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुधाकर राव देसाई ने बताया, ''खाद्य तेल की कीमतें जो हाल के महीनों में लगभग 17 प्रतिशत तक बढ़ गई थीं, अब धीरे-धीरे कम होने लगी हैं। हमें उम्मीद है कि यह बहुत जल्द ही एकल अंक में आ जाएगी। पूर्वी भारत में अग्रणी ब्रांडेड खाद्य तेल निर्माता के कार्यकारी ने कहा कि हालांकि इसका लाभ लगभग एक पखवाड़े में खुदरा कीमतों में दिखने की उम्मीद है, लेकिन थोक बाजारों में कीमतों में नरमी के शुरुआती संकेत पहले ही दिखने लगे हैं। मूल्य सुधार केवल आयातित तेलों तक ही सीमित नहीं होगा। देसाई ने कहा, ''यहां तक कि सरसों तेल, जो आयात पर निर्भर नहीं है, खाद्य तेल बाजार में समग्र गिरावट के दबाव के कारण 3-4 प्रतिशत की कमी देख सकता है।

*सोयाबीन, सूरजमुखी व पाम तेल में आएगी गिरावट : सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कृषि फर्म के प्रमुख ने कहा, ''सोयाबीन, सूरजमुखी और पाम तेल जैसे आयातित खाद्य तेलों की घरेलू खुदरा कीमतों में धीरे-धीरे गिरावट आने की उम्मीद है। यह गिरावट चावल भूसी और सरसों तेल जैसे घरेलू रूप से उत्पादित तेलों तक भी फैलने की संभावना है।*

## भारत-पाक संघर्ष के कारण छोटी कारों की बिक्री घटी

# घरेलू बाजार में छोटी यात्री कारों की बिक्री में आई गिरावट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- मारुति सुजुकी, हुंडई की मई में घरेलू बाजार में बिक्री घटी

मारुति सुजुकी इंडिया और हुंडई मोटर इंडिया की घरेलू बाजार में थोक बिक्री मई में घट गई है। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसने भारत-पाकिस्तान संघर्ष और छोटी कारों की बिक्री में गिरावट के बीच उद्योग के खुदरा बिक्री अनुमानों के अनुरूप डीलरों को ''आपूर्ति को संतुलित'' किया है।

हुंडई ने कहा कि पिछले महीने कंपनी ने अपने चेन्नई स्थित विनिर्माण संयंत्र को एक सप्ताह तक चलने वाले नियमित अर्धवार्षिक रखरखाव के लिए बंद रखा, जिससे बिक्री में गिरावट आई। मारुति सुजुकी इंडिया की कुल बिक्री मई में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,80,077 इकाई पर पहुंच गई। मई, 2024 में कंपनी ने कुल 1,74,551 वाहन बेचे थे।



#### थोक बिक्री सालाना आधार पर छहः फीसदी घटी

पिछले महीने घरेलू यात्री वाहन की थोक बिक्री सालाना आधार पर छह प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,35,962 इकाई रह गई। एक साल पहले इसी अवधि में यह 1,44,002 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसे छोटी कार के खंड में बिक्री मई में सालाना आधार पर 9,902 इकाई के मुकाबले घटकर 6,776 इकाई रह गई।

#### हुंडई की बिक्री सालाना आधार पर आठ फीसदी घटी

हुंडई मोटर इंडिया की मई माह में कुल वाहन बिक्री सालाना आधार पर आठ प्रतिशत घटकर 58,701 इकाई रह गई। कंपनी की कुल बिक्री पिछले साल मई में 63,551 इकाई रही थी। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने बयान में कहा, मई में घरेलू बाजार में उसकी थोक बिक्री 11 प्रतिशत घटकर 43,861 इकाई रह गई जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 49,151 इकाई थी।

#### टाटा की बिक्री सालाना आधार पर 8 फीसदी घटी

टाटा मोटर्स ने बताया था कि मई में उसकी कुल यात्री वाहन बिक्री में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42,040 इकाई रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा कि उसकी यात्री वाहन की थोक बिक्री मई में बढ़कर 52,431 वाहन हो गई जो मई, 2024 की 43,218 इकाइयों की तुलना में 21 प्रतिशत की वृद्धि है।

## भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर तीन माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- मई महीने में तीन महीने के निचले स्तर 57 .6 पर आई

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर मई में तीन महीने के निचले स्तर 57.6 पर आ गई। मुद्रास्फीति दबाव, कमजोर मांग और भू-राजनीतिक परिस्थितियां इसकी मुख्य वजह रहीं। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) मई में घटकर 57.6 हो गया जो अप्रैल में 58.2 था। यह फरवरी के बाद से परिचालन स्थितियों में सबसे कमजोर सुधार को दर्शाता है। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि मई के आंकड़ों से भारत के विनिर्माण उद्योग में कारोबारी स्थितियों में एक और मजबूत सुधार का संकेत मिला है, लेकिन विस्तार की दर तीन महीनों में सबसे कम रही है।

## चिंतन

# यूक्रेन के प्रहार से रूस संग शांति उम्मीद क्षीण

दुनिया के प्रमुख देशों के प्रयासों के बावजूद यूक्रेन और रूस के बीच तीन वर्ष से भी अधिक वक्त से जारी युद्ध को खत्म कराने में सफलता नहीं मिली। वैश्विक संगठन के तौर पर संयुक्त राष्ट्र भी कोई सक्रिय भूमिका नहीं निभा सका। आज रूस व यूक्रेन जंग खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। यूक्रेन के अब तक सबसे बड़े हमले रूस में घुस कर करने के बाद रूस की ओर से भीषण जवाबी हमले का खतरा बढ़ गया है। इसमें रूस वारहेड हमला कर सकता है या परमाणु अटैक कर सकता है। ऐसा होता है तो हमले के बाद विनाश यूक्रेन तक ही सीमित नहीं होगा, यह यूरोप को प्रभावित कर सकता है। खास बात यह है कि यूक्रेन ने यह हमला तुर्किये में दोनों देशों के बीच प्रस्तावित शांति वार्ता से ठीक एक दिन पहले किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडोमीर जेलेंस्की ने तर्क दिया हे कि अब रूस वार्ता की टेबल पर आने के लिए मजबूर होगा। लेकिन इसकी उम्मीद इसलिए कम प्रतीत हो रही है, क्योंकि रूस इस युद्ध को लेकर कभी दबाव में नहीं रहा, अमेरिका और यूरोप के प्रमुख ताकतवर देशों के खुले तौर पर यूक्रेन के साथ होने व उन्हें आर्थिक व सैन्य मदद करने के बावजूद रूस पिछले तीन वर्ष से अपने दम पर युद्ध लड़ रहा है और यूक्रेन के कई क्षेत्रों पर कब्जा भी कर लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध खत्म कराने के दावे भी फुस्स साबित हुए हैं। अमेरिका ने सऊदी अरब में रूस व अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच वार्ता जरूर कराई, लेकिन जेलेंस्की के साथ ट्रंप के अराजनयिक रवैये के चलते और यूरोप के अमेरिकी कैंप से छिटक कर यूक्रेन संग जाने के चलते युद्ध खात्मे की उम्मीद धराशायी होती गई। अब तो ट्रंप अपने दावे को लेकर कोई बात तक नहीं कर रहे हैं। रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल दो सप्ताह में अपनी दूसरी प्रत्यक्ष शांति वार्ता के लिए सोमवार को तुर्किये में एकत्रित हुए। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हेओरही ताइखयी ने कहा कि रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव के नेतृत्व में यूक्रेन का प्रतिनिधिमंडल बैठक के लिए इस्तांबुल में है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेदिंस्की के नेतृत्व में रूसी प्रतिनिधिमंडल रविवार शाम को तुर्किये पहुंच गया था। लेकिन रविवार रात में ही यूक्रेन ने 'ऑपरेशन स्पाइडर वेब' के जरिये रूस के अंदर करीब 4000 किलोमीटर तक घुस कर रूस के कई फाइटर जेट (40 से अधिक) पर महाप्रहार कर नष्ट कर दिया। ऐसे सूरते हाल में युद्ध को समाप्त करने की दिशा में रूस व यूक्रेन के बीच इस वार्ता में किसी भी प्रगति की उम्मीद क्षीण है। यूक्रेन का रूस पर महाप्रहार वर्ष 1941 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका पर जापान द्वारा किया गया पर्ल हार्बर जैसा अचानक व भीषण है। इसके बाद अमेरिका ने जापान पर एटम बम गिराया था। रूस अगर बदला लेता है तो इस बार ऐसे खतरे के निशाने पर यूरोप है। रूस ने वारहेड जैसा कोई कदम उठाया तो तीसरे विश्वयुद्ध के छिड़ने का खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। यूक्रेन व रूस के बीच नए तनाव के बाद इस जंग के जल्द खत्म होने के आसार क्षीण हो गए हैं, तुर्किये में वार्ता भी महज औपचारिक रह गई। रूस के राष्ट्रपति पुतिन को समझदारी दिखानी होगी, किसी भी नए विनाश का रास्ता चुनने से पहले वैश्विक शांति और मानव कल्याण के ध्येय को आगे रखना होगा। यूं तो दो दो विश्वयुद्ध दुनिया झेल चुकी है, लेकिन इससे केवल मानवता ही हारी, किसी की जीत नहीं हुई थी। अभी भी रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से मानवता ही हार रही है। परमाणु विनाश के उदाहरण हिरोशिमा व नागासाकी के रूप में हमारे सामने हैं।

# राफेल सौदे पर संशय के बादल



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

फ्रांस की डिफेंस कंपनी डसॉल्ट एविएशन भारत को राफेल लड़ाकू विमान का कूट संकेत (सोर्स कोड) देने को तैयार नहीं है। इस कूट संकेत को नहीं देने के कारण भारत और फ्रांस के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। सोर्स कोड किसी भी कंप्यूटर प्रोग्राम की नींव होता है। इसी कोड को फ्रांस ने देने से मना कर दिया है। भारत सरकार द्वारा फ्रांस से 2016 में 36 पूर्व में भी राफेल विमान खरीदे जा चुके हैं। यह खरीद विवादित रहते हुए लोकसभा में भी चर्चित रही थी, जबकि अब इन विमानों की आपूर्ति के बाद भारत की रक्षा शक्ति बढ़ी है। लेकिन अब कूट संकेत नहीं देने के कारण यह सौदा निरस्ती की कगार पर पहुंच गया है।

फ्रांस की डिफेंस कंपनी डसॉल्ट एविएशन भारत को राफेल लड़ाकू विमान का कूट संकेत (सोर्स कोड) देने को तैयार नहीं है। इस कूट संकेत को नहीं देने के कारण भारत और फ्रांस के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। भारत की इच्छा थी कि इस कूट तकनीक के मिलने के बाद भारत अपनी ब्रह्मोस जैसी स्वदेशी मिसाइलें और अन्य रक्षा प्रणालियां राफेल में जोड़कर उसे बहुआयामी रूपों में इस्तेमाल कर लेगा, लेकिन कूट संकेत के बिना यह संभव नहीं है। इस कारण राफेल सौदा निरस्त भी हो सकता है। एक समय था जब फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के साथ प्रधानमंत्री मोदी खूब गलबहियां डाले दिखाई देते थे। अब उसी फ्रांस ने भारत को कूट संकेत देने से मुंह फेर लिया है। यह सोर्स कोड मूल रूप में एक सॉफ्टवेयर होता है। इससे पहले भी भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान इंजन कावेरी के लिए फ्रांसीसी कंपनी ने भारत को मदद से मना कर दिया था।

किसी भी विमान या कंप्यूटर आधारित संचार प्रणाली से जुड़े विमान या उपकरण के लिए कूट संकेत प्रोग्रामर द्वारा तैयार किया जाता है। इसी के दर्ज होने पर कंप्यूटर प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है। यानी कंप्यूटर कूट संकेत या सोर्स कोड किसी भी कंप्यूटर प्रोग्राम की नींव होता है। दरअसल प्रोग्रामर का सोर्स कोड निर्देशों का एक ऐसा समूह होता है, जो प्रोग्राम को संचालित करने का काम करता है। सोर्स कोर्ड लिखने की प्रक्रिया को आमतौर पर कोडिंग या प्रोग्रामिंग कहते हैं। इसी कोड को फ्रांस ने देने से मना कर दिया है। नतीजतन भारत ने फ्रांस से जिन 26 राफेल मरीन विमानों की खरीद का सौदा करने की तैयारी की है, यदि वह इन विमानों को खरीद लेता है तो इस कोड के बिना राफेल में ब्रह्मोस मिसाइल व अन्य स्वदेशी हथियारों की संचालन प्रक्रिया राफेल में लोड नहीं कर पाएगा। तब ये हथियार चलाए ही नहीं जा सकेंगे। राफेल से वही हथियार चलाए जा सकेंगे, जो फ्रांस से खरीदे जाएंगे। फ्रांस संभवतः यह तकनीक इसीलिए नहीं दे रहा है, जिससे भारत की मजबूरी फ्रांस से हथियार खरीदने की बनी रहे। यह सौदा टूटता है तो भारत इसकी जगह रूस के एसयू-57 लड़ाकू विमान खरीद सकता है। रूस विमान के साथ कूट संकेत देने को राजी है। अतएव भारत अपनी मिसाइल और अन्य मारक हथियारों को इस विमान से शत्रु पर दाग सकता है। इस नाते भारत स्वदेशी हथियारों के निर्माण में आगे बढ़ेगा। साथ ही अपने हथियारों को विदेशी बाजार में बेचने को भी स्वतंत्र रहेगा। भारत सरकार की मंषा स्वदेशी रक्षा उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा देना भी है। इस दृष्टि से भारत ने वायुसेना के लिए पांचवीं पीढ़ी के आधुनिक डीप पेनिट्रेशन एडवांस मीडियम काम्बैट एयरक्रॉप्ट (एएमसीए) को स्वदेश में ही विकसित करने की बड़ी योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना को अंजाम देने का काम सरकारी और निजी कंपनियों को संयुक्त भागीदारी से आगे बढ़ेगा और पांचवीं पीढ़ी के आधुनिक लड़ाकू विमानों के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। वस्तुतः सुरक्षा मामलों की केंद्रीय कैबिनेट समिति (सीसीएस) सरकार से सरकार के बीच



सौदे के तहत 64 करोड़ रुपये की लागत से भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल-एम (मैरी टाइम) विमानों की खरीद को अंतिम रूप दे चुकी है। इन्हें विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सुरक्षा के लिए खरीदा जा रहा था। इनमें 22 एक सीट वाले और 4 दो सीट वाले लड़ाकू विमान खरीदे जाते। हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप के बीच इन विमानों को खासतौर पर भारतीय नौसेना के लिए डिजाइन किया गया था। राफेल विमानों की इस खरीद में फ्रांस सरकार की ओर से नौसेना के लिए हथियार, सिम्युलेटर, कलपुर्जे, सहायक उपकरण, स्पेयर पार्ट्स और पायलटों को प्रशिक्षण भी दिया जाना शामिल था। डसॉल्ट एविएशन द्वारा निर्मित इन राफेल एम विमानों की अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के बाद 37 से 65 महीनों के भीतर सप्लाई होनी थी। यानी सभी विमानों की आपूर्ति 2030-31 के भीतर हो जाएगी। यह विमान भारतीय नौसेना के परिचालन जरूरतों पर पूरी तरह से खरा उतरा तब इसकी खरीद को मंजूरी दी गई है। फ्रांस से 36 पूर्व में भी राफेल विमान खरीदे जा चुके हैं, लेकिन अब कूट संकेत नहीं देने के कारण यह सौदा निरस्ती की कगार पर पहुंच गया है।

यह समुद्री लड़ाकू विमान नौसेना की जरूरतों के हिसाब से ही विकसित किया गया है। इसमें वे सभी आधुनिकतम समुद्री प्रणालियां संलग्न थीं, जिनसे समुद्र में दुश्मन और उसके समुद्री जल में भीतर चलने वाले उपकरणों का सुराग लगाया जा सकता है। इसमें युद्धपोतों के अलावा पनडुब्बियों का पता लगाने के लिए भी उच्च तकनीकी क्षमता के रडार लगे हुए थे। ऐसे विमानों की तलाश में भारत लंबे समय से था, क्योंकि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन नाजायज वर्चस्व बढ़ाने में लगा है। चीन अंतरराष्ट्रीय नियमों का लगातार उल्लंघन कर रहा है। फ्रांस की मंशा भी इस सागर को खुले और समावेशी क्षेत्र के रूप में सुरक्षित बनाए रखने की रही है। एक तरह से इन विमानों के सौदे को चीन की मनमानी के विरुद्ध भारत और फ्रांस की साझा रणनीति का हिस्सा भी माना जा रहा था। भारत ने 2016 में भी 36 राफेल विमान खरीदे थे। ऑपरेशन सिंदूर में इन विमानों ने अपनी विलक्षण युद्ध क्षमता दिखाकर भारत की वायु शक्ति का परचम पूरी दुनिया में फहराया। यह खरीद विवादित रहते हुए लोकसभा में भी चर्चित रही थी, जबकि अब इन विमानों की आपूर्ति के बाद भारत की रक्षा शक्ति बढ़ी है। भारत सरकार पिछले पांच साल से आईएनएस विक्रांत के लिए नए लड़ाकू विमान खरीदने की योजना पर विचार कर रही थी। तीन साल पहले अमेरिकी बोइंग एफ-ए 18 सुपर हार्नेट और फ्रांसीसी राफेल-एम में से किसी एक को चुनने की प्रक्रिया पर काम शुरू हो गया था। भारतीय नौसेना ने 2022 में गोवा में दोनों विमानों के परीक्षण किए। इनकी खूबियों और खामियों को लेकर गंभीर अध्ययन कर एक रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट के बाद भारतीय रक्षा विशेषज्ञों ने राफेल-एम को आईएनएस विक्रांत की जरूरतों के अनुकूल पाया, जबकि बोइंग एफ-ए 18 को लेकर विशेषज्ञों के बीच एक राय नहीं बन पाई थी, इसलिए राफेल एम खरीदने का रास्ता खुल गया था, किंतु अब भारत रूसी लड़ाकू विमान एसयू-57 को खरीदने का विचार कर रहा है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन एसयू-57 लड़ाकू विमान की प्रौद्योगिकी और सोर्स कोड भारत को देने को तैयार हैं। रूसी कंपनी कह चुकी हैं कि वह न सिर्फ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को, बल्कि भारत में पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने के लिए भी तैयार है। अभी तक पश्चिमी देशों की तुलना में वह रूस ही है, जो भारत का सबसे भरोसेमंद दोस्त रहा है। 1971 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में रूस ने ही अपना जहाजी बेड़ा भारतीय समुद्र में भेजकर भारत का आत्मबल बढ़ाने का काम किया था। फलतः भारत ने न केवल पाकिस्तान का भूगोल बिगाड़कर नया देश बांग्लादेश बनवाया, साथ ही 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों के हथियार डलवाकर दुनिया का सबसे बड़ा सैनिक समर्पण भी कराया।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## ट्रेन पलटाने का षड्यंत्र

विकेश कुमार बडोला




# रेल मार्ग की सुरक्षा मजबूत हो

ऑपरेशन सिंदूर की गंभीरता और विजयी प्रतिष्ठा को अनावश्यक विवाद का विषय बनाते हुए विपक्ष व देशद्रोहियों द्वारा पाक के साथ अल्पसंघर्ष की समयावधि में अपनी युद्धक हानियों के बारे में पड़ताल करने की मंशा भितरघातियों को देश के वर्चस्व के विरुद्ध षड्यंत्र करने के लिए उकसा रही है। इस का नवीनतम उदाहरण है दिल्ली-सहारनपुर रेल मार्ग पर बलवा गांव के समीप ट्रेन पटरी पर दुर्घटना के मकसद से रखा गया 12 फुट लंबा लोहे का पाइप। 31 मई को रात 10.30 बजे का समय था, जब ट्रेन चालक ने दूर से ही पटरी पर रखा हुआ पाइप देख आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। इस घटना में चालक के सेवा-दायित्व भाव, सतर्कता, सूझबूझ और मानवीयता के गुणों ने बड़ी रेल दुर्घटना होने से रोक दी। रेलवे विभाग, पुलिस और संबंधित विभागों को घटना की सूचना मिलते ही सभी अपने-अपने स्तर पर सक्रिय हो गए। प्रारंभिक जांच-पड़ताल में पता चला है कि लोहे का पाइप पास ही के किसी नलकूप से उखाड़ा गया है। अधिकारियों ने इस आशंका को नकारा भी नहीं है कि पाइप को ट्रेन पलटाने के मकसद से रखा गया हो। कुछ अधिकारियों ने यह संदेह भी व्यक्त किया है कि संभवतः चोरी के बाद पाइप को गलती से पटरी पर रख दिया गया हो। पुलिस और रेलवे अधिकारियों को घटना की पूरी जांच करने के बाद ही मीडिया में वक्तव्य देने चाहिए। जांच में यह बिंदु सम्मुख अवश्य रखना चाहिए कि ट्रेन को पलटाने और लोगों को मारने के मकसद से ही ऐसा किया गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह पहली बार नहीं हो रहा। ऐसे षड्यंत्रों के कारण कई बड़ी दुर्घटनाएं हुई भी हैं। उड़ीसा के बालासोर और पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी के समीप 2 जून 2023 को रात्रि 7 बजे हुई घटना हाल ही की बड़ी रेल घटना है, जिसमें वेस्ट बंगाल कंचनजंगा एक्सप्रेस और मालगाड़ी में भीषण टक्कर हो जाने के कारण कई लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था। हालांकि रेल कार्यक्रम के आरंभिक और अंतिम अनुरक्षण की दिशा में विगत दस वर्षों में अत्यंत नवोन्नत प्रगति दिखाई दे रही है। इस समयावधि में रेलवे ने हर दृष्टि से विश्वस्तरीय उन्नति की है किंतु निर्जन स्थानों, जंगलों और नगर-महानगरों से सुदूर एकांत स्थानों पर रेल पटरियों की अपेक्षित रक्षा-सुरक्षा अभी भी चुनौतियों से घिरी हुई है। विगत दस वर्षों में ऐसा अनेक बार हो चुका है, जब चलती ट्रेनों को षड्यंत्रपूर्वक विपथ करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए गए। इस कारण कई ट्रेनें दुर्घटनाग्रस्त भी हुईं। इनमें कई सौ लोगों की मृत्यु हुई। अनेक घायल हुए। यह बड़ी षड्यंत्रपूर्वक की गईं घटनाएं हैं, जो अनुभव देती हैं कि अमानवीयता की पराकाष्ठा लांघ चुके षड्यंत्रकारियों की ढूंढ-पहचान कर इन्हें त्वरित मृत्युदंड दे दिया जाना चाहिए। दिल्ली-सहारनपुर एक्सप्रेस के मार्ग की पटरी पर लोहे का बड़ा पाइप रखा हुआ पाया जाना गलती नहीं है। यह तो शत-प्रतिशत षड्यंत्र है। इस षड्यंत्र के तार घूमफिर कर पाकिस्तान से जाकर मिलते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में आमने-सामने के युद्ध में भारत द्वारा परास्त पाकिस्तान और देश के भीतर छिपे उसके समर्थकों के भीतर प्रतिशोध की अग्नि भड़की हुई है, जो उन्हें कभी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रश्नचिह्न लगाने के लिए उकसा रही है तो कभी भारत के विरुद्ध जासूसी करने के लिए दुष्प्रेरित कर रही है। ट्रेनों को पलटाने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र करना ऐसे देशघातियों के लिए सुगम और आसान काम रहा है। दूर-दराज के क्षेत्रों में रेलवे मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों को रात्रि के अंधेरों में फोड़फाड़ कर षड्यंत्रकारी कभी पटरियों के पेच-पुर्जे खोल देते हैं, कभी ट्रैक की किसी वस्तु को यहां-वहां खिसका देते हैं। हालांकि महाकुंभ की समयावधि में रेलवे पर आए सुरक्षा दायित्वों के आलोक में दूरदराज के क्षेत्रों में रेलवे मार्गों की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में देशभर के स्थानीय ग्रामीणों ने रेलसाथी बनकर मार्गों की सुरक्षा का स्वैच्छिक दायित्व उठाया था, लेकिन चूंकि भारतीय रेल मार्ग बहुत बड़े हैं, इसलिए रेलसाथियों द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वैच्छिक सुरक्षा सेवाएं भी तब निष्फल लगती हैं। शासन को रेलवे की सुरक्षा के लिए यह बिंदु प्रमुखता से सम्मुख रखना होगा कि जब तक भारत के दाएं-बाएं शत्रुता के दुर्भाव से भरे हुए देश हैं और जब तक भारत के भीतर द्रोहियों की उपस्थिति बनी रहती है, तब तक न सीमाओं पर शांति होगी और न ही भीतर लोग सुरक्षित होंगे। इस संदर्भ में रेलवे पुलिस की कार्यशक्तियों में वृद्धि करने का निर्णय लिया जा सकता है। इसके अंतर्गत रेलवे पुलिसिंग को नवोन्नत रक्षा उपकरणों से सुसज्जित किया जा सकता है। रेलमार्गों की सुरक्षा के लिए जरूरी यह है कि संभावित दुर्घटना के संबंध में पूर्व जानकारी प्राप्त करने की कार्यशालाएं चलाई जाएं ताकि रेलवे को अचूक सुरक्षातंत्र द्वारा शक्तिबंध किया जा सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं-यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं। अहंकार ही आग है, जिसके कारण ही जीव गरम (गर्वीला) होता है।

## मंत्र का असर



संकलित
प्रेरणा

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई, 'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।' साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें...। इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज़ें आती हों..!!

## सटाका




## आज की पाती


### सर्वनाश की ओर पाकिस्तान

पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकियों के कातिलाना हमले ने देश को एक बार फिर झकझोर कर रखा दिया है। भारत स्थिति के सामान्य होने की भ्रांति में कुछ बेफिक्र होते ही आतंकवादी मौके का लाभ उठाकर चुन-चुन कर सैलानियों का कत्ल कर नौ दो ग्यारह हो गए। बात वही कि सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। यही क्रम बार-बार आवृत्त होता है। लगता है शत्रु हमें धता बता कर चलता बनता है। यहां पूर्व के तीन निर्णायक भारत-पाक युद्धों की सार्थकता युक्तियुक्त प्रतीत होती है। शत्रु जानता है आमने-सामने की लड़ाई में वह नहीं ठहर पाता। अत: वह छद्म युद्ध कर भारत को बहुत अधिक हानि पहुंचा चुका है। - **विक्रांत जोशी**, धमतरी

## करंट अफेयर

# रूस को संदेश देने के लिए रक्षा खर्च बढ़ाएगा ब्रिटेन

रूस को संदेश देने के लिए ब्रिटेन परमाणु ऊर्जा से संचालित नयी हमलावर पनडुब्बियां बनाएगा और यूरोप में युद्ध के लिए तैयार सेना का गठन करेगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने तीन दशक से अधिक समय पहले शीत युद्ध की समाप्ति के बाद ब्रिटेन की रक्षा नीति में सबसे बड़े बदलाव करने का संकल्प लेते हुए कहा कि लंदन "रूस से उत्पन्न खतरे को नजरअंदाज नहीं कर सकता।" स्टॉर्मर ने 'बीबीसी' से कहा, "हमें यह स्वीकार करना होगा कि दुनिया बदल गई है। आज पिछले कई वर्षों से कहीं ज्यादा अस्थिरता और खतरे हैं।" ब्रिटिश सरकार को स्टॉर्मर की ओर से ब्रिटेन के पूर्व रक्षा सचिव एवं नाटो महासचिव जॉर्ज रॉबर्टसन के नेतृत्व में की गई रणनीतिक रक्षा समीक्षा पर सोमवार को प्रतिक्रिया देनी है। यह 2021 के बाद अपनी तरह की पहली समीक्षा है, जो 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और पिछले साल डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाने के बाद बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच हुई है। ब्रिटिश सरकार ने कहा है कि वह समीक्षा में की गई सभी 62 सिफारिशों को स्वीकार करेगी, जिनका मकसद जमीन, हवा, समुद्र और साइबरस्पेस में बढ़ते खतरों का मुकाबला करने में ब्रिटेन की मदद करना है।



## ऑफ बीट

# अलार्म पर स्नूज दबाने से ज्यादा थकान नहीं होती

हमारे अध्ययन में पाया गया कि झपकी लेने के बाद, प्रतिभागियों ने उठने के तुरंत बाद कई संज्ञानात्मक परीक्षणों पर वास्तव में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया। इस आशय की सबसे संभावित व्याख्या यह है कि जब प्रतिभागी झपकी लेने के बाद उठे उन्हें अधिक धीरे-धीरे जागने का मौका मिला। इससे नींद की जड़ता को कुछ हद तक दूर करने में मदद मिली होगी। यह वह मानसिक कोहरे की स्थिति होती है, जिसका कई लोग सुबह के समय अनुभव करते हैं। जागने के तुरंत बाद प्रतिभागियों में देखे गए कोर्टिसोल के स्तर में छोटे अंतर से अधिक धीरे-धीरे जागने का प्रमाण मिल सकता है - जब प्रतिभागी झपकी ले सकते हैं तो स्तर अधिक होता है। पिछले शोध ने सुझाव दिया है कि एक मजबूत कोर्टिसोल जागृति प्रतिक्रिया - जागने के बाद होने वाली कोर्टिसोल में तेज वृद्धि - नींद की जड़ता में कमी से संबंधित है। इसके अलावा, चूंकि झपकी लेने वाले प्रतिभागी दोबारा गहरी नींद में नहीं सोए, इससे उनके नींद से जागने की संभावना पर और असर पड़ा होगा। कई अध्ययनों से पता चलता है कि गहरी नींद की तुलना में हल्की नींद से जागना आसान होता है। हालाँकि ये निष्कर्ष उन लोगों के लिए राहत के रूप में आ सकते हैं जो उठने से पहले बार-बार झपकी लेते हैं, लेकिन हमारे शोध का मतलब यह नहीं है कि जागने का यह तरीका हर किसी के लिए इष्टतम है।



## ट्रेंड

### एथलीटों को शुभकामनाएं



भारत को हाल ही में दक्षिण कोरिया में आयोजित 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने दल के शानदार प्रदर्शन पर गर्व है। हर एथलीट क दृढ़ संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। एथलीटों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जरूरतमंद को तुरंत मदद मिले



पूर्वोत्तर राज्यों, विशेषकर असम और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश से हुई जनहानि की खबर अत्यंत दुखद है। मैं केंद्र और राज्य सरकारों से अपील करता हूं कि हर जरूरतमंद तक तुरंत सहायता पहुंचाई जाए।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### त्याग की भावना जरूरी



आपको आनंदित होने के लिए दुनिया को ठीक करने की ज़रूरत नहीं है, आनंदित होने के लिए, आपको त्याग की भावना की ज़रूरत है, खुद को त्यागना-यहां सिर्फ़ जीवन के एक हिस्से के रूप में रहना, बिना किसी 'मैं कौन हूं' की भावना के।

-सद्गुरु, आध्यात्मिक गुरु

### देविका को बदले में क्या मिला



9 साल की उम्र में, उसने 26/11 के हमलों में गोलियों का सामना किया। उसने आंखों में आंखें डालकर अजमल कसाब को फांसी पर चढ़ाने की गवाही दी। देविका रोटावन को बदले में क्या मिला? कोई नौकरी नहीं। कोई सहारा नहीं। सालों तक कोई घर नहीं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# दोनों देशों के नेताओं के बीच हुई शांति वार्ता, जेलेंस्की बोले- बिना शर्त संघर्षविराम का प्रस्ताव दिया

यूक्रेन के राष्ट्रपति यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने शांति वार्ता पर अपना प्रस्ताव किसी के साथ साझा नहीं किया है। उनके प्रस्ताव का दस्तावेज हमारे, तुर्की या अमेरिकी पक्ष के पास भी नहीं है। रूस का दस्तावेज नहीं होने के बावजूद, वह शांति की दिशा में बढ़ने की कोशिश करेगा।

1 वार्ता का उद्देश्य दीर्घकालिक शांति के लिए एक रोडमैप पेश करना

2 शुरुआत में 30 दिनों का युद्धविराम कैदियों की अदला-बदली का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ इस्तांबुल

तीन साल से जारी जंग और रूस की धरती पर यूक्रेनी ड्रोन हमलों के बीच शांति की नई कोशिश को एक नया मौका मिल रहा है। यूक्रेन और रूस के प्रतिनिधि सोमवार को इस्तांबुल में आमने-सामने बैठें। यह बातचीत ऐसे समय पर हो रही है जब रविवार को यूक्रने ने रूस के भीतर कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए गए हैं।

कम से कम 40 रूसी विमानों को तबाह कर दिया गया। सिर्फ यूक्रेन ही नहीं, रूस ने भी यूक्रेन पर अपने अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें 340 से ज़्यादा नागरिक मारे गए। वार्ता का उद्देश्य दीर्घकालिक शांति के लिए एक रोडमैप पेश करना है, जिसमें शुरुआत के तौर पर 30 दिनों का युद्धविराम, कैदियों की अदला-बदली, और रूसी कब्जे वाले क्षेत्रों से यूक्रेनी बच्चों की वापसी शामिल है।



यूक्रेन से मिले जख्मों को भूल पुतिन ने तुर्की भेजी टीम

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस वार्ता से कुछ खास प्रगति की उम्मीद नजर नहीं आ रही। हालांकि, इस प्रस्ताव के अगले चरण में राष्ट्रपति जेलेंस्की और राष्ट्रपति पुतिन की सीधी बैठक का भी प्रस्ताव है। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हेओरही ताइखयी ने बताया कि रक्षा मंत्री रुस्तेम उमेरोव ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेंजिस्की ने रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

## एजेंडा स्पष्ट हो तभी वार्ता सार्थक रहेगी

जेलेंस्की ने साफ़ किया है कि बिना स्पष्ट एजेंडे और गंभीर तैयारी के ऐसी बैठकें महज दिखावा हैं। उन्होंने तुर्की के विदेश मंत्री और राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन के साथ इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। जेलेंस्की का आरोप है कि रूस अब तक सीज़फायर की अपनी शर्तें पेश करने में विफल रहा है, जबकि यूक्रेन ने पिछले हफ्ते ही अपना प्रस्ताव सौंप दिया था। उन्होंने रूस की चुप्पी को 'एक और धोखा' बताया।

### यूक्रेन ने रूस को तर्कसंगत-यथार्थवादी प्रस्ताव भेजा

*जेलेंस्की ने कहा कि हम अभी भी पूर्ण और बिना शर्त संघर्षविराम (सीजफायर) का प्रस्ताव दे रहे हैं। ऐसे सभी तार्किक और सम्मानजनक कदमों की पेशकश भी कर रहे हैं। इससे एक स्थायी और विश्वसनीय शांति की ओर बढ़ा जा सकता है। रूस को हमने जो प्रस्ताव भेजा है वह तर्कसंगत और यथार्थवादी है। रूस ने शांति वार्ता पर अपना प्रस्ताव किसी के साथ साझा नहीं किया है। उनके प्रस्ताव का दस्तावेज हमारे, तुर्की या अमेरिकी पक्ष के पास भी नहीं है। रूस का दस्तावेज नहीं होने के बावजूद, वह शांति की दिशा में बढ़ने की कोशिश करेगा।*

### रूस को युद्ध में भारी नुकसान तभी पुतिन राजी

*जेलेंस्की बोले बड़े पैमाने पर रूसी विमान नष्ट किए गए हैं, जिससे रूस को बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। रूस को यह समझ में आ जाएगा कि उसे युद्ध में भारी नुकसान हो रहा है, तभी वह शांति और समझौते की तरफ बढ़ेगा। यही बात उसे कूटनीति की ओर धकेलेगी। उन्होंने कहा कि शांति की शुरुआत सीजफायर, मानवीय मदद, कैदियों की रिहाई और अगवा किए गए बच्चों की वापसी से होनी चाहिए। अगर रूस इन बातों को नकार देता है तो अधिक प्रतिबंध लगाएं।*

## खबर संक्षेप

### एयर इंडिया और एयर मॉरिशस में साझेदारी

**नई दिल्ली।** भारत की अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन एयर इंडिया और मॉरिशस की राष्ट्रीय एयरलाइन एयर मॉरिशस ने अपनी कोडशेयर साझेदारी को और मजबूत किया है। यात्रियों को अब भारत, मॉरिशस, रीयूनियन, दक्षिण अफ्रीका और मेडागास्कर के बीच बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। नए समझौते के तहत, दोनों एयरलाइंस अब कुल 17 मार्गों पर कोडशेयर करेंगी। एयर इंडिया अब एयर मॉरिशस की फ्लाइट्स पर 'एआई' डिज़ाइनेटर कोड लगाएगी।, जिनसे यात्रियों को केप टाउन, जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) और एंटानानरीवो (मेडागास्कर) जाने में आसानी होगी।

### टेस्ला को भारत में कार निर्माण में रुचि नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बताया कि दुनिया की जानी-मानी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक कारों का निर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) शुरू करने में



फिलहाल कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। बल्कि, कंपनी भारत में अपने शोरूम (डीलरशिप) खोलने को लेकर जरूर उत्सुक है। सरकार की योजना के तहत स्टेकहोल्डर (हिस्सेदार) मीटिंग्स हो रही थीं, जिनमें कार कंपनियों को आमंत्रित किया गया था। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि टेस्ला के प्रतिनिधि ने सिर्फ पहली मीटिंग में हिस्सा लिया था। इसके बाद की दूसरी और तीसरी मीटिंग में टेस्ला ने कोई भाग नहीं लिया। जिससे साफ है कि कंपनी की तरफ से गंभीरता फिलहाल नजर नहीं आ रही।

### फिलिस्तीन के समर्थन में दिया भाषण, लगा प्रतिबंध

**न्यूयॉर्क।** मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने गाजा में युद्ध की निंदा करने वाला भाषण देने के बाद छात्रा मेघा



वेमुरी को दीक्षांत समारोह में शामिल होने से रोक दिया। एमआईटी की 2025 की कक्षा अध्यक्ष मेघा वेमुरी ने कहा कि भाषण के बाद विश्वविद्यालय के वरिष्ठ नेतृत्व ने उन्हें बताया कि उन्हें शुक्रवार के दीक्षांत समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई है। कार्यक्रम समाप्त होने तक उन्हें परिसर में आने से रोक दिया गया है।

## पीएम मोदी ने पैराग्वे के राष्ट्रपति पलासिओस के साथ की द्विपक्षीय बैठक, कहा

# दोनों देश 'आतंकवाद के खिलाफ' लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासिओस के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। इस दौरान पीएम मोदी ने पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासिओस से कहा कि दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आपकी यात्रा बहुत ही ऐतिहासिक है।

दूसरी बार पैराग्वे के किसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। मुझे खुशी है कि आपके साथ ताकतवर प्रतिनिधिमंडल आया है। आप केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं, इससे आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने की आपकी प्रतिबद्धता बिल्कुल स्पष्ट है। मेरा विश्वास है कि आपसी सहयोग से हम साझी समृद्धि की ओर मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमारे पास आर्थिक सहयोग सहित डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं।



पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के पास आर्थिक सहयोग सहित डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं

साइबर क्राइम, संगठित अपराध से निपटने में करेंगे सहयोग

विश्वास, व्यापार और करीबी सहयोग को नई मजबूती मिलेगी



### भारत और पैराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और पैराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। साइबर क्राइम, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी आम चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। भारत और पैराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी आशाएं, आकांक्षाएं और चुनौतियां में समानता है, इसलिए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखते हुए इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकते हैं।

### भारत-लैटिन अमेरिका के संबंधों को नए आयाम करेगी प्रदान यह यात्रा

पीएम मोदी ने कहा कि हमें संतोष है कि कोविड महामारी के समय हम भारत में बनी वैक्सीन को पैराग्वे के लोगों के साथ साझा करने में सक्षम थे। ऐसी और भी क्षमताएं हम एक-दूसरे के साथ साझा कर सकते हैं। मुझे विश्वास है कि आपकी यात्रा से आपसी संबंधों के विश्वास, व्यापार और करीबी सहयोग के स्तंभों को नई मजबूती मिलेगी। यह भारत-लैटिन अमेरिका संबंधों को भी नए आयाम प्रदान करेगी। पिछले साल, मैंने गुयाना में कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भाग लिया था, जहां हमने कई विषयों पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की थी। हम इन सभी क्षेत्रों में पैराग्वे और सभी लैटिन अमेरिकी देशों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं।

### पैराग्वे के साथ 1961 से राजनयिक संबंध

*विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत और पैराग्वे के बीच 13 सितंबर 1961 को राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे, उसके बाद दोनों देशों के बीच मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित हुए। तब से दोनों देशों ने व्यापार, कृषि, स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स और सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया है। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र में सुधार, जलवायु परिवर्तन, नवीकरणीय ऊर्जा और आतंकवाद का मुकाबला करने सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर समान विचार साझा करते हैं।*

## गोयल बोले एफटीए पर वार्ता जारी

# भारत-यूएस के बीच 2030 तक व्यापार 500 अरब डॉलर पहुंचेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका एक-दूसरे के कारोबार को तरजीही बाजार पहुंच देने के इच्छुक हैं और दोनों देशों के दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर मिलकर काम कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप और भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने 2025 की शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत करने की योजना की फरवरी में घोषणा की थी।

इसका उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान 191 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर से दोगुना कर 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। गोयल ने कहा कि दोनों देश मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देश एक-दूसरे के कारोबार को तरजीही पहुंच देने के इच्छुक हैं और हम द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं। इस्पात एवं एल्युमीनियम पर शुल्क दोगुना करके 50 प्रतिशत करने की ट्रंप की घोषणा के बारे में उन्होंने कहा कि दोनों देश इन सभी मुद्दों को द्विपक्षीय रूप से हल करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

### इस हफ्ते भारत आएगा एक दल

*दोनों देशों के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल इस सप्ताह भारत आ रहा है। अमेरिका लगातार चौथे वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और देश के कुल वस्तु व्यापार में 10.73 प्रतिशत रही। अमेरिका के साथ भारत का 2024-25 में वस्तुओं के मामले में व्यापार अधिशेष (आयात व निर्यात के बीच का अंतर) 41.18 अरब अमेरिकी डॉलर था। 2023-24 में यह 35.32 अरब अमेरिकी डॉलर, 2022-23 में 27.7 अरब अमेरिकी डॉलर, 2021-22 में 32.85 अरब अमेरिकी डॉलर और 2020-21 में 22.73 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।*

### ओमान भी एफटीए पर होगा राजी

*गोयल ने कहा कि भारत और ओमान के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत आगे बढ़ रही है और इस पर जल्द अच्छी खबर आ सकती है। आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के रूप में नामित इस समझौते के लिए वार्ता औपचारिक रूप से नवंबर 2023 में शुरू हुई थी। गोयल ने कहा कि एफटीए न केवल वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देते हैं, बल्कि आपूर्ति श्रृंखला को भी मजबूत करते हैं। साथ ही दोनों पक्षों के व्यवसायों में स्थिर नीतियों और पूर्वानुमान के बारे में विश्वास उत्पन्न करते हैं। एफटीए संपन्न करते हैं तो यह एक बड़ा संदेश होता है।*

## वैश्विक सम्मेलन का आयोजन आज

# ग्लोबल साउथ के लिए त्रिकोणीय सहयोग पर होगी चर्चा, क्षमता निर्माण में देंगे मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्रालय के तहत आने वाला नीति अनुसंधान संस्थान 'द रिसर्च एंड इंफोर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज' (आरआईएस) वैश्विक दक्षिण और त्रिकोणीय सहयोग पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन 3-4 जून 2025 को नई दिल्ली स्थित ताज पैलेस होटल में किया जाएगा। सम्मेलन में रिपब्लिक ऑफ पेराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालाकोइस का संबोधन भी होगा, जो वैश्विक दक्षिण के देशों के बीच सहयोग और समावेशी विकास के मुद्दे पर अपने विचार रखेंगे।

RIS Research and Information System for Developing Countries विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली

सम्मेलन में वैश्विक दक्षिण से वैश्विक उत्तर के राजनयिक, विभिन्न सरकारों के अधिकारी, संस्थानों के प्रमुख, बुद्धिजीवी, थिंक टैंक और नागरिक समाज से जुड़े गणमान्य लोग शामिल होंगे।

सम्मेलन में उभरती हुई प्राथमिकताओं, दक्षिण-दक्षिण की साझेदारी और सहयोग और उत्तरी देशों के साथ त्रिकोणीय सहयोग पर चर्चा की जाएगी। इससे क्षमता निर्माण में मदद मिलेगी और साथ ही व्यापार, तकनीक और वित्त पर निर्भरता भी नहीं रहेगी।

## कठुआ में फिर दिखे 3 संदिग्ध आतंकी

# सुरक्षा बलों ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन हीरानगर इलाके में बढ़ाई और सतर्कता

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार को फिर तीन संदिग्ध आतंकी देखे गए हैं। इसके बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है, जो अभी जारी है।

सुरक्षाबलों के अधिकारियों ने बताया कि कठुआ के हीरानगर इलाके में एक नागरिक द्वारा तीन संदिग्ध लोगों को देखे जाने के बाद नजदीक के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तलाशी अभियान में एक संयुक्त अभियान दल लगा हुआ है, जिसमें सेना और राज्य पुलिस बल के जवान शामिल



हैं। आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षा बलों ने हीरानगर इलाके और उससे जुड़े राजमार्ग पर सतर्कता बढ़ा दी है।

पुलिस के मुताबिक, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से सुरक्षा बलों की टीम चौकन्ना है। जब भी कहीं संदिग्ध आतंकी देखे जाने की सूचना मिलती है, तो तुरंत सर्च ऑपरेशन चलाया जाता है। इसमें लोकल पुलिस की टीम भी साथ रहती है।

## कांग्रेस नेताओं के बर्ताव से दुखी होकर बोले सलमान खुर्शीद

# क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल? लोग राजनीतिक फायदे के लिए बातें कर रहे हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद आजकल पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ एक मिशन पर विदेश दौर पर गए हुए हैं। वह एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनकर अलग-अलग देशों में जा रहे हैं। सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जब आतंकवाद के खिलाफ मिशन पर हों, दुनिया को भारत का संदेश देने के लिए, तो यह देखकर दुख होता है कि लोग राजनीतिक फायदे के लिए बातें कर रहे हैं। क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है? सलमान खुर्शीद जनता दल (यू) के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व वाले एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। खुर्शीद ने कहा कि मैं विदेश में भारत के लिए बोलने आया हूं। यह केवल 10-12 दिनों की अवधि है, फिर आपको वापस घर जाना होगा और वह करना होगा जो आपको घर पर करने की आवश्यकता है। लेकिन यहां भारत पहले, भारत और केवल भारत।

### देश के समर्थन में आवाज उठाना जरूरी



खुर्शीद ने कहा कि उनसे लगातार कई सवाल पूछे जा रहे हैं, जो 'उत्साहजनक नहीं हैं जब आप देश के लिए कुछ करना चाहते हैं।' उन्होंने कहा कि लोग कहते रहते हैं कि आप भाजपा के लोगों के साथ एक प्रतिनिधिमंडल में क्या कर रहे हैं। आप वहां क्या कर रहे हैं? हम यहां वह कर रहे हैं जो देश के लिए जरूरी है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस पार्टी से हैं, आज जो जरूरी है, वह देश के समर्थन में एक आवाज है और हम वही कर रहे हैं। मुझे लगता है कि जब मैं कहता हूं कि क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है? - यह सवाल उन लोगों से पूछा जाना चाहिए जो ट्वीट कर रहे हैं और ऐसी बातें कह रहे हैं जो मुझे लगता है कि उत्साहजनक नहीं हैं जब आप देश के लिए कुछ करना चाहते हैं।

## चीन की फुस्स मिसाइल का पुर्जा-पुर्जा अलग करेंगे भारतीय वैज्ञानिक

# रिवर्स इंजीनियरिंग से समझेंगे पीएल-15ई की काट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच तीन दिनों से ज्यादा चले मिसाइल और ड्रोन हमले के बीच पंजाब के होशियारपुर जिले के कमाही देवी गांव के पास पाकिस्तान की नाकाम कोशिशों का मलबा मिला है। ये मलबा पाकिस्तानी वायुसेना द्वारा जे-10सी या जेएफ-17 जेट द्वारा दागी गई चीनी पीएल-15ई मिसाइल का है। जो मलबा मिला है उसमें इस मिसाइल के महत्वपूर्ण हिस्से जैसे प्रोपल्सन, डेटा लिंक, इर्शियल यूनिट (जड़त्व इकाई) और एक अहम हिस्सा एडवांस्ड एक्टिव इलेक्ट्रानिकली स्कैंड एरे (एईएसए) साबूत मिला है।



### भविष्य की मिसाइलों को मिलेगी मजबूती

*भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों ने ये मलबा अब अपने पास रख लिया है। इस मिसाइल को रिसर्च कर रिवर्स-इंजीनियरिंग के जरिए भारत अपने बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइल प्रोग्राम को मजबूत कर सकता है। जैसे- अपग्रेडेड अस्त्र मिसाइल। भारत पीएल-15ई का अध्ययन कर इससे अपने प्रोग्राम के विकास में होने वाली दिक्कतों को दूर करेगा।*

### क्या है रिवर्स इंजीनियरिंग

*रिवर्स इंजीनियरिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी उत्पाद, उपकरण, या तकनीक को उसके निर्माण के बिना उसके डिजाइन, संरचना, या कार्यप्रणाली को समझने के लिए विश्लेषण किया जाता है। इसमें किसी वस्तु या प्रोडक्ट को तोड़कर या डिकंपाइल करके उसकी आंतरिक संरचना, सामग्री, या तकनीकी विशेषताओं का अध्ययन किया जाता है ताकि उसे दोहराया जा सके, सुधारा जा सके, या उससे नई तकनीक विकसित की जा सके, या फिर उससे बेहतर प्रोडक्ट बनाया जा सके।*

## 'सुदर्शन चक्र' से भारत का रक्षा कवच होगा और मजबूत

# रूस 2026 तक देगा बाकी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

7-10 मई के बीच भारत और पाकिस्तान के बीच हुई जंग में एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम (सुदर्शन चक्र) ने बेहद अहम भूमिका निभाई थी। भारत को अगले साल अपने मित्र देश रूस से बाकी के बचे हुए एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम भी मिल जाएगा। रूस की तरफ से उप मिशन प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने इसकी पुष्टि की है। बता दें, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के सभी मिसाइल और ड्रोन्स को हवा में ही मार गिराया था जिससे भारत को कोई भी नुकसान नहीं हुआ था। अब भारत बाकी के बचे हुए एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को भी जल्द से जल्द हासिल करना चाहता है जिसको लेकर रूस की तरफ से कहा गया है कि भारत को 2025-26 तक एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की बची हुई सभी यूनिट सौंप दी जाएंगी।

ऑपरेशन सिंदूर में एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने निभाई बड़ी भूमिका

पांच स्क्वाड्रन के लिए हुआ था 5.43 अरब डॉलर का समझौता



**तीन स्क्वाड्रन पहले ही भारत को सौंपे जा चुके**

भारत में रूस के उप मिशन प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने बताया कि हालिया भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान एस-400 प्रणाली ने बहुत प्रभावी ढंग से काम किया। उन्होंने कहा कि हमें पता चला है कि एस-400 ने हालिया टकराव में काफी कुशलता से प्रदर्शन किया। हम वायु रक्षा और एंटी-ड्रोन प्रणालियों में भारत के साथ सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। पांच यूनिट के लिए हुए 5.43 अरब डॉलर के समझौते में से तीन स्क्वाड्रन पहले ही भारत को सौंपे जा चुके हैं।

### रक्षा सहयोग बढ़ाना चाहता है रूस

*बाबुश्किन ने कहा कि भारत और रूस के बीच वायु रक्षा सहयोग को और विस्तार दिया जा सकता है, विशेष रूप से ड्रोन खतरे को देखते हुए। उन्होंने कहा कि हम इस खतरे से पिछले कुछ सालों से जूझ रहे हैं और हमारी डिफेंस प्रणालियां लगातार आधुनिक की जा रही हैं। ड्रोन के खतरे दोनों देशों के लिए साझा चिंता का विषय है। उन्होंने यह भी बताया कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की भारत यात्रा पर चर्चा चल रही है और यह जल्द ही संभव हो सकती है। बता दें कि भारत और रूस के बीच रक्षा साझेदारी लंबे समय से चली आ रही है और एस-400 जैसे उच्च-तकनीकी रक्षा समझौते दोनों देशों के बीच रणनीतिक विश्वास का ही प्रतीक है।*



# अक्षय ने जैकलीन को खूब नचाया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस अभिनेता अक्षय कुमार के साथ मेट्रो में डांस करती दिख रही हैं। दोनों अपनी आगामी फिल्म 'हाउसफुल 5' के हाल ही में रिलीज हुए गाने 'फुगड़ी' डांस पर थिरकते नजर आ रहे हैं। वीडियो में अभिनेता ने जैकलीन को इतना जोर से नचाया कि उनकी कमर दुखने लगी। ये डांस देख वीडियो में मौजूद लोग हंस पड़ते हैं। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने कैप्शन दिया है। अभिनेत्री ने लिखा, 'मुझे निश्चित रूप से अपने फुगड़ी डांस कौशल में सुधार करने की आवश्यकता है। मुझे आपसे (अक्षय कुमार) कुछ टिप्स जरूर चाहिए। 'हाउसफुल 5' की एडवांस बुकिंग अभी शुरू।' 'हाउसफुल 5' 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। साजिद नाडियाडवाला के 'हाउसफुल' फ्रेंचाइजी की ये पांचवीं फिल्म है। इसका निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है।

लाइफ Style



# बिनीता

## ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट में मचा दिया तहलका

असम की रहने वाली बिनीता छेत्री चर्चा में है। देश की इस 9 साल की बेटी ने 'ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट 2025' में अपने हुनर से धूम मचा दी है। उनके शानदार परफॉर्मेंस की खूब वाहवाही हो रही है। यहां तक कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी बिनीता के मुरीद हो गए हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री ने बिनीता का वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि असम की बेटी ने देश को गौरवान्वित किया है। बिनीता ने 'ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट' में तीसरा स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री ने बिनीता का जो वीडियो शेयर किया, उसमें वह शो के फिनाले के मंच पर नजर आ रही हैं। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर बिनीता के डांस वीडियोज वायरल हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि ये बच्ची 'असली सुपरस्टार' है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरका ने अपने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, 'शान के लिए डांस करते हुए। ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल करने पर हमारी अपनी बिनीता छेत्री को बहुत-बहुत बधाई। उनके प्रदर्शन ने ब्रह्मपुत्र से लेकर टेम्स तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और हम सभी को गौरवान्वित किया।'


वायरल वीडियो क्लिप में सेकेंड रनर-अप के लिए बिनीता छेत्री के नाम की घोषणा हो रही है। इस दौरान जब एंकर ने 9 साल की बिनीता से उनका अनुभव पूछा, तो वह कहती हैं, 'मैं बहुत खुश हूं और गर्व महसूस कर रही हूं। यह मेरे लिए सबसे अच्छा अनुभव है।' इसके बाद जब दर्शकों की तालियां और सीटियां गूंजती हैं, तो बिनीता हाथ जोड़कर सबका अभिवादन करती हैं।

हॉलीवुड मसाला



## 40 की उम्र में पता चला था
# पिता का सीक्रेट

**नई दिल्ली।** अपने शानदार मार्शियल आर्ट स्किल के लिए मशहूर दिग्गज एक्टर जैकी चैन ने हाल ही में अपने बारे में एक दिलचस्प फैक्ट शेयर किया। एक्टर ने खुलासा किया कि उनके पिता असल में एक जासूस थे। 71 साल के हांगकांग के एक्टर ने हाल ही में उस अनरियल पल को याद किया जब उनके दिवंगत पिता चार्ल्स ने खुलासा किया कि उन्होंने 1940 के दशक में एक बार चीनी सरकार के लिए जासूस के रूप में काम किया था। उन्हें यह रहस्य तब तक पता नहीं चला जब तक कि वह 40 के दशक में नहीं पहुंच गए। एक दिन, मैं कार चला रहा था, मेरे पिता ने अचानक कहा, 'बेटा, मैं बूढ़ा हो गया हूं। हो सकता है कि एक दिन में सो जाउं और फिर कभी ना उठूं। मेरे पास तुम्हें बताने के लिए एक सीक्रेट है।




# इरफान को याद कर भावुक हुए जेसन श्वाट्‌र्जमैन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर जेसन श्वाट्‌र्जमैन हाल ही दिवंगत एक्टर इरफान को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि वह इरफान को आज भी याद करते हैं और दुख की बात है कि वह इस दुनिया में नहीं हैं। जेसन श्वाट्‌र्जमैन ने फिल्म 'द दार्जलिंग लिमिटेड' में नजर आए थे। इसमें इरफान कैमियो रोल में थे, और उसी दौरान साथ काम करते हुए दोनों का अच्छा बॉन्ड बन गया था। जेसन श्वाट्‌र्जमैन का भारत से काफी गहरा लगाव रहा है। उनकी फिल्म 'द दार्जलिंग लिमिटेड' की शूटिंग साल 2007 में जोधपुर और उदयपुर में हुई थी। जेसन श्वाट्‌र्जमैन ने हाल ही 'न्यूज18' से बातचीत में एक्टर इरफान के बारे में बात की, और भावुक हो गए। जेसन श्वाट्‌र्जमैन ने कहा, 'मैं बहुत ज्यादा भारतीय फिल्में नहीं देखता। मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं भारतीय एक्टर्स से पूरी तरह वाकिफ हूं। लेकिन 'द दार्जिलिंग लिमिटेड' में, मुझे एक सच्चे लेजेंड के साथ काम करने का मौका मिला। यह बहुत दुखद है कि अब वह इस दुनिया में नहीं हैं। बस यह देखना था कि वह कैसे थे... कोई बात नहीं।



## 'नमक इश्क का' गाने से पहले
# तरस रही थीं काम को

**मुंबई।** भारतीय सिंगर रेखा भारद्वाज को साल 2006 में आई फिल्म 'ओमकारा' के 'नमक' गाने से खास उपलब्धि प्राप्त हुई। इस गाने ने उनकी जिंदगी को वापस पटरी पर लाने का काम किया था। अब गायिका ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया, जब उन्हें काम नहीं मिल रहे थे। उन्होंने कहा, 'मुझे गाने के जरिए अपने उस शरारती, नटखट पक्ष को फिर से खोजने में बहुत समय लगा। जब मुझे पहली बार इसे गाने के लिए कहा गया तो मैंने अपना सारा आत्मविश्वास खो दिया था। परंतु, विशाल भारद्वाज ने मुझ पर विश्वास किया और उन्होंने एक रात मुझे इसे गाते हुए एक रिकॉर्डिंग सुनाई और कहा, 'केवल तुम ही इसे गा सकती हो।' इससे मुझे वह प्रेरणा मिली जिसकी मुझे जरूरत थी। उस समय तक, मुझे ज़्यादा काम नहीं मिल रहा था। उस गाने ने मुझे मेरी क्षमता का एहसास कराया।'



## राजा के 30 साल पूरे होने
# पर शेयर की पोस्ट

**मुंबई।** साल 1995 में आई फिल्म राजा की रिलीज को आज 30 साल पूरे हो गए हैं। इस रोमांटिक लव स्टोरी ने अभिनेता संजय कपूर को इंडस्ट्री में स्थापित होने में एक बड़ी भूमिका निभाई थी। यह उनकी पहली फिल्म थी जिसने उन्हें सफलता दी थी और बॉलीवुड में प्रवेश कराया था। फिल्म में संजय कपूर के साथ उस वक्त इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं। अब फिल्म के 30 साल पूरे होने पर संजय कपूर ने फिल्म से जुड़ी एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा की है। इसमें उन्होंने मेकर्स और माधुरी दीक्षित का खास शुक्रिया अदा किया है। संजय कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के कुछ पोस्टर्स शेयर किए हैं। जिनमें वो और फिल्म की लीड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित नजर आ रहे हैं। पोस्ट में उन्होंने फिल्म के मेकर्स और माधुरी दीक्षित का उनका साथ देने के लिए आभार जताया है।

टीवी मसाला

# करणवीर को क्या हुआ कि सरेआम मांगनी पड़ गई दवाई!



**नई दिल्ली।** करणवीर मेहरा ने 'बिग बॉस 18' और 'खतरों के खिलाड़ी 14' जीतने के बाद से दर्शकों से खूब प्यार और सपोर्ट हासिल किया है। सलमान खान के शो में अपनी सफलता के बाद, उन्होंने पहली फिल्म साइन की है। वह फिल्म की शूटिंग शुरू करने के लिए भी तैयार हैं। इसी बीच, करणवीर मेहरा ने हाल ही में 'असुरक्षा' को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। करणवीर मेहरा ने असुरक्षा के बारे में एक पोस्ट शेयर करने के लिए अपने एक्स हैंडल का सहारा लिया, उन्होंने लिखा, 'काश असुरक्षा के लिए कोई दवा उपलब्ध होती। एलोपैथी, होम्योपैथी क्योंकि मेरे पास ऐसे लोगों के लिए बस सहानुभूति है।' जब उन्होंने असुरक्षा का सामना करने की बात कही तो फैंस ने पोस्ट पर तुरंत रिएक्ट किया। एक फैन ने लिखा- भाई मत हुआ करो असुरक्षित तुम, तुमने तो बिग बॉस में स्वीकार किया था कि खुद तुम्हे असुरक्षा है। एक ने लिखा- ऐसा मेडिसिन है तो पहले खुद ट्राई कर लेना। क्योंकि, आपके सभी काम बहुत असुरक्षित और लगते हैं! एक ने लिखा- एक्टिंग के लिए भी दवा ले लेना, वो कविता देखा था, बहुत ही घटिया एक्टिंग है! एक यूजर ने कहा- जो लोग सुधार के लिए खुद पर काम नहीं कर सकते, वे हमेशा दूसरों की सफलता से ईर्ष्या करेंगे लेकिन हम जानते हैं कि क्या करना है, आप अपना काम करो और बाकी काम छोड़ दो!!

## राजन शाही अपने ही शो से चेप रहे कहानी!

नई दिल्ली। रूपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई है और इसके मेकर्स अगले एपिसोड में हाई-वोल्टेज ड्रामा लाने के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। आगामी एपिसोड में एक इमोशनल



रोलरकोस्टर दिखाया जाएगा और दर्शक अंतिम मोड़ को देखकर चौंक जाएंगे, जो शाह और कोठारी परिवारों का भरोसा तोड़ देगा। आर्यन और माही की शादी में नया मोड़ आ जाता है जब आर्यन ड्रग्स के साथ पकड़ा जाता है। 'अनुपमा' के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर नया प्रोमो डाला है, जिसमें शाह परिवार अपने घर पर दोनों का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। आर्यन कहता है कि उसे तुरंत वॉशरूम जाना है। वह एक कमरे में आता है और अपने दोस्तों का दिया हुआ ड्रग्स लेता है। इस बीच, अनुपमा सिन्दूर का डिब्बा खोजती है और एक कमरे में जाती है। वह आर्यन को देखती है, जो नशे में है और हाथ में ड्रग्स का एक पैकेट लेकर फर्श पर लेटा हुआ है और बड़बड़ा रहा है, 'क्या कमाल का माल है।' अनुपमा आर्यन को देखकर टूट जाती है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और लोग अनुपमा के इस एपिसोड की आलोचना कर रहे हैं।

# एल्विश यादव की टीम का मेंबर कुशल तंवर बना रोडीज का विनर




**मुंबई।** कुशल तंवर ने 'रोडीज एक्सएक्स' रियालिटी शो को जीत लिया है। इनाम में लगभग 10 लाख रुपए मिले हैं और एक बाइक भी मिली है। कुशल की जीत पर एल्विश ने उन्हें गले लगाया, क्योंकि शो में वह उनकी टीम का ही मेंबर था। कुशल तंवर 'रोडीज'रियालिटी शो के 20वें विनर हैं। इस सीजन में वह एल्विश यादव की टीम में शामिल थे। इस शो को रणविजय होस्ट कर रहे थे। साथ ही नेहा धूपिया भी एक गैंग लीडर, मेंटर के तौर पर नजर आ रही थीं, उनकी टीम भी इस शो में मुकाबले में बनी हुई थी। कुशल तंवर की बात करें तो कुछ एपिसोड के बाद उन्हें टीम के मेंबर्स ने ही शो से बाहर कर दिया था। इसके बाद उनकी वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई। अपने दमखम और लगन से कुशल ने खुद को साबित किया और 'रोडीज एक्सएक्स' के विनर बन गए। एल्विश भी कुशल के साथ एक खास तरह की बॉन्डिंग शेयर करते हैं। अपने टीम मेंबर की जीत पर एल्विश यादव ने ट्विटर अकाउंट्‌ वीट भी किया है। वह लिखते हैं, 'जीत लिया, आपके प्यार और साथ के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया। आप सभी के बिना अपने भाई गुल्लू (कुशल तंवर) के साथ 'रोडीज डबल क्रॉस' नहीं जीत पाता। आप लोगों से प्यार करता हूं।'

# आम आदमी के किरदार से हो गए खास

**नई दिल्ली।** मनोरंजन की दुनिया में अंजन श्रीवास्तव उन दुर्लभ कलाकारों में शुमार हैं, जिन्होंने आम आदमी के किरदार को पर्दे पर इस तरीके से जिया कि वो घर-घर में प्रसिद्ध हो गए। चाहे वो टीवी की दुनिया हो या फिल्मों की, सभी में अभिनेता ने एक अलग मिशाल पेश की। लगभग चार दशकों तक उन्होंने पर्दे पर सक्रिय भूमिका निभाई।

## शुरुआती संघर्ष, फिर थिएटर से अभिनय की शुरुआत

अंजन श्रीवास्तव का जन्म 2 जून, 1948 को कोलकाता में हुआ था। कलकत्ता में पढ़ाई के दौरान अभिनेता ने थिएटर करना शुरु कर दिया था। पिता के कहे अनुसार उन्होंने बैंक में नौकरी शुरू कर दी थी, लेकिन शुरुआत से ही उनकी रूचि अभिनय में थी। इस वजह से 1967 के दौरान उन्होंने बंगाली नाटकों जैसे 'नील दर्पण', 'कायाकल्प' और 'अनवर' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इसके बाद 1976 में वो अपने सपने को सच करने मुंबई आ गए और आते ही एक थिएटर ग्रुप से जुड़ गए, जहां उन्होंने कई शानदार नाटक किए।



**टीवी के इन किरदारों ने मोहा मन:** साल 1986 में अंजन श्रीवास्तव ने सईद अख्तर मिर्जा और कुंदन शाह द्वारा निर्देशित 'नुक्कड़' धारावाहिक में मनोहर दामले की भूमिका निभाई थी। इसमें उन्होंने सरकारी बाबू के रोल में दमदार किरदार निभाया था। इसके अलावा उन्हें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की किताब पर आधारित सीरियल 'भारत एक खोज' के लिए भी जाना जाता है।

## शाहरुख खान के साथ भी किया था काम

अभिनेता अंजन श्रीवास्तव साल 1988 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए धारावाहिक 'वागले की दुनिया' में नजर आए थे। इस सीरियल में उन्होंने एक कॉमन मैन की भूमिका निभाई थी, जो रोजमर्रा की परेशानियों से जूझते हैं। इसमें एक्टर ने बहुत ही ईमानदार व्यक्ति का किरदार निभाया था, जो एक सेल्स क्लर्क रहते हैं। इस किरदार से उन्हें घर-घर में पहचान मिली। साथ ही आपको बताते चलें कि इस सीरियल में एक्टर ने बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ भी काम किया था। इसके अलावा अभिनेता ने साल 2021 में 'वागले की दुनिया – नई पीढ़ी, नए किस्से' में भी इसी किरदार से वापसी की थी।

# किंगमेकर राज कपूर ने चमकाया इन सितारों का कॅरियर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा के इतिहास की जब-जब बात होती है, उसमें राज कपूर का नाम सबसे ऊपर लिया जाता है। 14 दिसंबर 1924 को जन्मे राज कपूर, भारतीय रंगमंच और फिल्म जगत के दिग्गज पृथ्वीराज कपूर के छह संतानों में सबसे बड़े थे। जब राज कपूर बड़े हो रहे थे, तब उनके पिता मूक फिल्मों के जमाने में एक मशहूर अभिनेता के तौर पर अपनी पहचान बना चुके थे। राज कपूर ने अपने पिता की विरासत को न सिर्फ आगे बढ़ाया, बल्कि उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। राज कपूर भले ही आज हमारे बीच ना हों, लेकिन उनकी दमदार शख्सियत, हरफन मौला अंदाज आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है। 2 जून 1988 के दिन वो दुनिया छोड़कर चले गए थे। राज कपूर ने न सिर्फ सिनेमा में अभिनय और निर्देशन की ऊंचाइयों को छुआ, बल्कि नए चेहरों को सामने लाने और उन्हें सितारा बनाने में भी खास योगदान दिया। उन्होंने कई ऐसे कलाकारों को लॉन्च किया, जिनका नाम आज भी हिंदी सिनेमा के इतिहास में दर्ज है। उनकी फिल्मों में सिर्फ अभिनय नहीं, बल्कि समाज की गहराई, संवेदनशीलता और सोच की परतें भी दिखती थीं। चलिए उन सितारों के बारे में बताते हैं जिन्हें राज कपूर की फिल्मों से अलग ही पहचान मिली।

## पिता के विरासत को ऊंचाइयों तक पहुंचाया



### नरगिस

राज कपूर और नर्गिस की जोड़ी ने इंडियन सिनेमा को एक नई दिशा दी। नर्गिस पहले भी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं, लेकिन जब उन्होंने आग और फिर बरसात जैसी फिल्मों में राज कपूर के साथ स्क्रीन शेयर किया, तो वह एक सुपरस्टार बन गईं। दोनों की जोड़ी ऑनस्क्रीन और ऑफस्क्रीन दोनों जगह चर्चाओं में रही और भले ही दोनों कभी एक ना हो पाए हो लेकिन इन दोनों का नाम आज भी एक साथ लिया जाता है।



### डिंपल कपाड़िया

साल 1973 में जब राज कपूर ने फिल्म 'बॉबी' बनाई, तो उन्होंने एक नए चेहरे को फिल्म इंडस्ट्री से मिलवाया और वो थीं डिंपल कपाड़िया। उनके किरदार की मासूमियत, ताजगी और चुलबुलेपन ने दर्शकों का दिल जीत लिया। 'बॉबी' ने डिंपल को रातों-रात स्टार बना दिया और वो उस दौर की सबसे युवा और चर्चित अदाकारा बन गईं।



### मंदाकिनी

राज कपूर की आखिरी निर्देशित फिल्म 'राम तेरी गंगा मैली' में मंदाकिनी ने अपनी पहचान बनाई। फिल्म में उनका किरदार भावनात्मक, साहसी और बोल्ड था, जिसने उन्हें दर्शकों के बीच चर्चित कर दिया। इस फिल्म के बाद मंदाकिनी को न सिर्फ इंडस्ट्री में जगह मिली, बल्कि उनका नाम एक चर्चित चेहरा बन गया।



### राजेंद्र कुमार

राज कपूर ने न सिर्फ रिश्तों को निभाया, बल्कि अपने दोस्तों को मौके भी दिए। राजेंद्र कुमार को उन्होंने अपने प्रोजेक्ट्स में कास्ट किया और उनके कॅरियर को एक नई दिशा दी। राज कपूर के साथ काम करने के बाद राजेंद्र कुमार के लिए सफलता के नए दरवाजे खुल गए और वो इंडस्ट्री में 'जुबली कुमार' के नाम से मशहूर हो गए।

### राजकुमार

1951 में आई 'आवारा'एक ऐसी फिल्म थी जिसने सिर्फ राज कपूर को ही नहीं, बल्कि अभिनेता राजकुमार को भी पहचान दिलाई। इस फिल्म के बाद राजकुमार के लिए इंडस्ट्री में संभावनाओं के नए रास्ते खुले। वो अपने अलग अंदाज और दमदार डायलॉग डिलीवरी के लिए पहचाने जाने लगे।

### ऋषि कपूर

राज कपूर ने अपने बेटे ऋषि कपूर को भी 'बॉबी' के जरिए बॉलीवुड में लॉन्च किया। ऋषि का किरदार एक रोमांटिक युवा का था, जो आज भी क्लासिक कैरेक्टर्स में गिना जाता है। ये फिल्म ऋषि कपूर के लिए करियर की एक शानदार शुरुआत साबित हुई और उन्होंने एक लंबे समय तक रोमांटिक हीरो की छवि को सफलतापूर्वक निभाया।

### पद्मिनी कोल्हापुरे

राज कपूर ने 1978 में 'सत्यम शिवम सुंदरम' के जरिए पद्मिनी कोल्हापुरे को एक बड़ा प्लेटफॉर्म दिया। फिल्म के जरिए उन्होंने दिखाया कि मासूमियत और ग्लैमर दोनों एक साथ कैसे स्क्रीन पर जीवंत किए जा सकते हैं। इस फिल्म के बाद पद्मिनी को इंडस्ट्री में एक सीरियस एक्ट्रेस के तौर पर देखा जाने लगा।

**राज कपूर की बेहतरीन फिल्में:** राज कपूर ने श्री 420 , आवारा, संगम, मेरा नाम जोकर, बॉबी, सत्यम शिवम सुंदरम और राम तेरी गंगा मैली ' जैसी फिल्मों के जरिए समाज के अलग-अलग पहलुओं को पर्दे पर उतारा। उन्होंने समाजवादी सोच को भी फिल्मों में शामिल किया और मनोरंजन के साथ-साथ दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया। उनकी फिल्मों में न सिर्फ भावनाएं होती थीं, बल्कि संदेश भी होता था।

## एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के टॉप-100 में सर्वाधिक 46 स्टूडेंट्स

# जेईई-एडवांस्ड 2025 : एलन कोटा के रजित गुप्ता ऑल इंडिया रैंक 1, टॉप-10 में एलन कोटा के 4 स्टूडेंट्स, जोश और उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

आईआईटी कानपुर ने जेईई-एडवांस्ड 2025 के रिजल्ट जारी कर दिए हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का क्वालिटी और क्वांटिटि दोनों तरह से बेहतर रिजल्ट रहा है। परिणाम की घोषणा के साथ ही कॅरियर सिटी कोटा में जोश और उत्साह का माहौल है। कोटा में आयोजित सफलता के उत्सव में एलन के निदेशक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, डॉ. नवीन माहेश्वरी व डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने टॉपर्स व उनके अभिभावकों का स्वागत किया।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि एलन कोटा ने आल इंडिया टॉपर के साथ टॉप-10 में 4 रैंक दी है। कोटा ने लगातार दूसरे वर्ष क्लासरूम प्रोग्राम से आल इंडिया टॉपर दिया है। कोटा निवासी और एलन कोटा क्लासरूम छात्र रजित गुप्ता ने 360 में से 332 अंक प्राप्त कर आल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है।

एलन कोटा क्लासरूम स्टूडेंट सक्षम जिंदल एआईआर-2 पर, अक्षत कुमार चौरसिया एआईआर- 06 और देवेश पंकज भैया एआईआर- 08 पर रहे। इसके साथ ही टॉप-20 में एआईआर-13 पर वेदांश गर्ग, एआईआर-14 पर ऋत्विक खंडेलवाल एलन कोटा क्लासरूम से रहे। एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज स्टूडेंट देवदत्ता माझी आल इंडिया गर्ल टॉपर रही और ऑल इंडिया रैंक-16 प्राप्त की, वहीं एलन क्लासरूम स्टूडेंट आगम जिग्नेश शाह ने आल इंडिया रैंक-17 प्राप्त की। नितिन कुकरेजा ने एलन के क्लासरूम कोर्स से ऑल इंडिया टॉप-10 में 4 स्टूडेंट्स रहे। टॉप-20 में एलन के 8 स्टूडेंट्स, टॉप-50 में 21 और टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स रहे हैं।



### आईआईटी में प्रवेश लेने वाला हर चौथा स्टूडेंट एलन का




इसमें 42 स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम से, 3 स्टूडेंट एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से तथा 1 स्टूडेंट डिस्टेंस लर्निंग से रहे। नितिन कुकरेजा ने कहा कि क्वालिटी के साथ-साथ क्वांटिटी की बात करें तो बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स आईआईटी की काउंसलिंग के लिए क्वालिफाई हुए हैं। गत वर्ष आईआईटी में प्रवेश लेने वाला हर चौथा स्टूडेंट एलन से था, 17740 सीटों में से 4425 से अधिक स्टूडेंट्स एलन के सलेक्ट हुए। देश के आईआईटीयन्स का ड्रीम डेस्टिनेशन माने जाने वाले आईआईटी मुम्बई की कम्प्यूटर साइंस ब्रांच में 2024 में एलन के 63 स्टूडेंट्स ने प्रवेश लिया।

**एलन ने आईआईटी जेईई में अब तक 6 बार ऑल इंडिया टॉपर्स दिए**

*उन्होंने कहा कि एलन रिजल्ट्स की ऑथेटिंसिटी में भी विश्वास रखता है और इसे बरकरार रखने के लिए अपने रिजल्ट्स को देश की बड़ी ऑडिट फर्म ई-वाई इंडिया से वैलिडेट करवाया है। एलन श्रेष्ठता में विश्वास रखता है। श्रेष्ठ माहौल, श्रेष्ठ फैकल्टीज और श्रेष्ठ स्टूडेंट्स के साथ ही एलन श्रेष्ठ परिणाम दे रहा है। एलन ने आईआईटी जेईई में अब तक 6 बार आल इंडिया टॉपर्स दिए हैं। गत वर्ष 2024 में एलन कोटा के ही क्लासरूम स्टूडेंट वेद लाहोटी ने आल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की थी। इससे पूर्व 2014 में चित्रांग मूर्दिया, 2016 में अमन बंसल, 2019 में कार्तिकेय गुप्ता, 2021 में मृदुल अग्रवाल ने आल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की।*

### कीर्तिमान स्थापित, कोटा का ईको सिस्टम देश में सबसे बेहतर

*देश की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड में एक बार फिर कोटा के रिजल्ट्स ने कीर्तिमान स्थापित किया है। कोटा से बेस्ट रिजल्ट्स आए हैं क्योंकि कोटा का इको सिस्टम देश में सबसे बेहतर है। पूरे देश से स्टूडेंट्स यहां आते हैं, ऐसे में नेशनल लेवल का कम्पीटिशन मिलता है। देश के बेस्ट आईआईटी व एनआईटी पासआउट फैकल्टीज कोटा में है, ऐसे में सबसे अच्छी पढ़ाई होती है। एलन में ये इको सिस्टम स्टूडेंट्स को दिया जाता है इसके साथ ही कोटा केयर्स पहल के बाद यहां का केयरिंग सिस्टम और कॅरियर काउंसलिंग बहुत बेहतर हो गए हैं। ये सब खासियत स्टूडेंट्स को पढ़ाई के लिए मोटिवेट करती हैं और यही कोटा को दूसरे शहरों से बेहतर बनाती है।*

# तीन साल बाद तुअर दाल के भाव में ऐतिहासिक गिरावट

## 175 से 190 रुपए किलो की तुअर दाल हो गई 90 से 105 रुपए किलो

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

तुअर दाल की कीमतें तीन साल बाद ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गई हैं। छह महीने पहले की तुलना में थोक बाजार में अच्छी गुणवत्ता वाली दाल की कीमत में 50 फीसदी (ब्रांड के आधार पर) की गिरावट आई है। स्थानीय जिंस बाजार हनुमानगंज स्थित चावल-दाल के थोक व्यापारी और भोपाल दाल-चावल थोक व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी ने अनुसार तुअर दाल (अरहर दाल) के भाव में तीन साल में सबसे बड़ी गिरावट देखी गई है।

थोक में ब्रांडेड तुअर दाल 90 से 105 रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई। जो कि दो साल पूर्व 175 से 190 रुपए किलो के स्तर पर थी। वहीं किराना व्यापारी (खुदरा विक्रेता) लखन कुशवाहा ने बताया कि फुटकर में तुअर दाल क्वालिटीनुसार 85 से 110 रुपए किलो के भाव बिक रही है। भाव में आई गिरावट का लाभ अब उपभोक्ताओं को मिला रहा है। लेकिन सुपर स्टोर और मॉल्स में आदि बड़े स्टोरों में ग्राहकों को घटे भाव का उचित लाभ नहीं मिल रहा है।

थोक में तुअर दाल 90 से 105 रुपए प्रति किलो के स्तर पर

फुटकर में तुअर दाल क्वालिटीनुसार 85 से 110 रुपए किलो का भाव



### अन्य दालों के थोक भाव में 500 से 600 रु. की गिरावट

थोक व्यापारी संगतानी ने बताया कि हम वर्तमान में अच्छी गुणवत्ता वाली तुअर दाल सामान्य ब्रांड 90 रुपए से लेकर शीर्ष ब्रांड 105 रुपए में बेच रहे हैं। दो साल पहले यहीं दाल 165 रुपए से 180 रुपए बिकी थी। 2023 की अपेक्षा तुवर दाल के मौजूदा भाव सबसे कम कीमत है। दूसरा बड़ा प्लस यह है कि कीमतें वर्तमान में मोजाम्बिक और जिम्बाब्वे या म्यांमार जैसे अफ्रीकी देशों से आयातित दाल के बराबर हैं, जिनकी पहले मांग थी क्योंकि वे भारत की तुलना में सस्ती थीं। उन्होंने कहा कि अच्छी बारिश के कारण, किसानों ने पिछले साल दाल की अधिक बुवाई की, जिसके चलते उत्पादकता बढ़ी, लेकिन बाजार में ग्राहकी नदारद है और व्यापारी आर्थिक तंगी से जुझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बात चालू वर्ष की करें जनवरी से अभी तक तुवर दाल के दाम 20 रुपए किलो तक घट गए हैं जबकि दूसरी अन्य दालों के थोक भाव में 500 से 600 रुपए की गिरावट दर्ज हुई है।

**थोक भाव**

- तुअर दाल- 90 से 105 रु.
- मसूर दाल- 76 से 80 रु.
- उड़द छिलका 87 से 93 रु.
- उड़द धुली- 92 से 115 रु.
- मूंग छिलका- 88 से 97 रु.
- मूंग धुली 95 से 105 रु.
- चना दाल 70 से 75 रु.

**फुटकर भाव**


- तुअर दाल 85 से 110 रु.
- मसूर दाल 90 से 95 रु.
- उड़द छिलका 100 से 155 रु.
- उड़द धुली 110 से 115 रु.
- मूंग छिलका 95 से 110 रु.
- मूंग धुली 105 से 120 रु.
- चना दाल 85 से 90 रु.

# भारत बनेगा ईवी हब... इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में होगा विकसित

## केंद्र सरकार ने लांच की नई इलेक्ट्रिक कार स्कीम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोमवार को भारत में ग्लोबल कार मैन्युफैक्चरर्स से इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में निवेश आकर्षित करने के लिए नई स्कीम लांच की। इस स्कीम का उद्देश्य भारत को इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करना है। सरकार ने ग्लोबल कार कंपनियों जैसे टेस्ला से इस स्कीम के तहत निवेश आकर्षित करने के लिए कई प्रावधान किए हैं। इस स्कीम के तहत कंपनियों को आवेदन स्वीकृत होने की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए 15 प्रतिशत की कम सीमा शुल्क पर न्यूनतम 35,000 डॉलर के सीआईएफ के साथ इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों की पूरी तरह से निर्मित इकाइयों (सीबीयू) का आयात करने की अनुमति दी जाएगी।



### आवेदकों को कम से कम 4,150 करोड़ का निवेश करना होगा

*स्कीम के प्रावधान के मुताबिक जिन आवेदकों का आवेदन स्वीकृत होता है, उन्हें कम से कम 4,150 करोड़ रुपए का निवेश करना होगा। इस स्कीम के तहत कोई कार कंपनी एक साल में अधिकतम 8,000 यूनिट्स का ही आयात कर सकती है। इसके अलावा अप्रयुक्त वार्षिक आयात सीमा को अगले साल के लिए कैरीफॉरवर्ड किया जा सकता है। नोटिफिकेशन के अनुसार इस योजना के तहत आयात की जाने वाली इलेक्ट्रिक वाहनों की अधिकतम संख्या ऐसी होगी कि प्रति आवेदक अधिकतम शुल्क छूट 6,484 करोड़ रुपए या न्यूनतम निवेश सीमा 4,150 करोड़ रुपए, जो भी कम हो तक सीमित रहे। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि अगर योजना के तहत निवेश ब्राउनफील्ड परियोजना पर किया जाता है, तो मौजूदा मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं के साथ स्पष्ट भौतिक सीमांकन किया जाना चाहिए।*



## जेईई एडवांस परीक्षा में जबलपुर के गौरव और राठौर का सुयश

**जबलपुर।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड की जबलपुर शाखा के दो छात्र, देव कौरव और प्रांजल राठौर, ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस 2025 परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किए हैं। यह परीक्षा इंजीनियरिंग प्रवेश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। परिणाम आईआईटी कानपुर द्वारा घोषित किए गए। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, जबलपुर शाखा के छात्र देव कौरव ने जेईई एडवांस 2025 में देशव्यापी ऑल इंडिया रैंक 159 हासिल किया है, जबकि प्रांजल राठौर ने ऑल इंडिया रैंक में 435वां स्थान प्राप्त किया है।छात्रों को बधाई देते हुए डॉ. एचआर राव, मुख्य शैक्षणिक एवं व्यवसाय प्रमुख, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने कहा, श्ये परिणाम एमईएसएल द्वारा अपने छात्रों में संजोई गई शैक्षणिक कठोरता और अनुशासन का प्रतिबिंब हैं।

## सिनकॉम फॉर्मूलेशन्स ने वित्त वर्ष 25 के नतीजे पेश किए

**मुंबई।** सिनकॉम फॉर्मूलेशन्स नेने 31 मार्च 2025 को खत्म हुए चौथे क्वार्टर और पूरे साल के शानदार नतीजे जारी किए हैं। 1988 में शुरू हुई Syncom Formulations (India) Ltd आज इंडिया की फार्मा इंडस्ट्री में एक भरोसेमंद नाम बन चुकी है। Syncom करीब 25 देशों में एक्टिव है और इसके पास 400 से ज्यादा रजिस्टर्ड प्रोडक्ट्स हैं। कंपनी क्वालिटी, अफॉर्डेबिलिटी, टाइमली डिलीवरी और बढ़िया कस्टमर सर्विस पर फोकस करती है, जिससे इसके ग्लोबल क्लाइंट्स के साथ लंबे समय तक रिलेशन बने रहते हैं। भारत में कंपनी की कई फोकस्ड डिविज़न्स हैं, जो अलग-अलग हेल्थकेयर सेगमेंट को टारगेट करती हैं। कंपनी के पास करीब 1,000 मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स (MRs) की मज़बूत टीम है, जो पूरे देश में स्ट्रैटेजिक लोकेशन्स पर तैनात है।

# वर्ल्ड बाइसिकल डे आजः सितारों ने बताये साइकिल चलाने के फायदे

**मुंबई।** आज वर्ल्ड बाइसिकल डे के मौके पर कलाकारों ने साइकिल चलाने से जुड़ी अपनी यादें और अनुभव साझा किए। एण्डटीवी के इन कलाकारों में शामिल हैं- विक्रम द्विवेदी ('भीमा' के विशंभर सिंह), आर्यन प्रजापति ('हप्पू की उलटन पलटन' के ऋतिक सिंह) और आसिफ शेख ('भाबीजी घर पर हैं' के विभूति मिश्रा)। विक्रम द्विवेदी, जो 'भीमा' में विशंभर सिंह की भूमिका निभा रहे हैं, कहते हैं, "साइकिल चलाना मेरे लिए एक तरह की राहत है। एक अभिनेता के तौर पर लगातार एक रचनात्मक सोच में रहना होता है, और सुबह-सुबह की साइकिल राइड मेरा दिमाग तरोताज़ा कर देती है। यह सिर्फ वर्कआउट नहीं है, बल्कि मेरा सोचने का ज़ोन है। मैं हफ़्ते में चार से पाँच बार, लगभग 30-40 मिनट तक साइकिल चलाता हूँ। इस दौरान मैं स्क्रीन से दूर रहता हूँ और प्रकृति के करीब आता हूँ। पैडल मारने की लय, हवा की ठंडक और खुली सड़कें एक सुकून देती हैं। साथ ही, ये पर्यावरण के लिए भी अच्छा है। यह एक छोटा सा कदम है, लेकिन इसका असर बड़ा होता है।"आर्यन प्रजापति ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' के ऋतिक सिंह ने कहा, "मुझे साइकिल चलाने से ज्यादा खुशी किसी और चीज से नहीं मिलती। ऐसा लगता है जैसे मैं पूरी तरह आज़ाद हूँ, कहीं भी जा सकता हूँ! स्कूल या शूट के बाद मैं अपनी साइकिल लेकर पार्क या मोहल्ले में घूमता हूँ। यह मज़ेदार है, दिमाग साफ़ होता है और ज़िंदगी महसूस होती है! मुझे आज भी याद है जब मैं छह साल का था और साइकिल सीख रहा था, कितना मुश्किल था, लेकिन जैसे ही साइकिल चलाना आ गया, मैं रुक नहीं पाया। मेरा मानना है कि चाहे कोई छोटा हो या बड़ा, हर किसी को साइकिल चलाना आजमाना चाहिए। यह मज़ेदार तरीका है एक्टिव रहने और अपने आस-पास की दुनिया को जानने का।"आसिफ़ शेख (विभूति नारायण मिश्रा, 'भाबीजी घर पर हैं') कहते हैं, "साइकिल चलाना मेरे लिए एक्टिव रहने और मन को साफ़ करने का तरीका है। यह सिर्फ एक वर्कआउट नहीं है। जब भी शूट के बीच में थोड़ा समय मिलता है, मैं सेट पर साइकिल चलाता हूँ। यह एक निजी पल होता है जो मुझे मानसिक और भावनात्मक रूप से रीसेट करने में मदद करता है। जब मैं साइकिल चलाता हूँ, तो पूरी तरह मौजूद महसूस करता हूँ, आस-पास की आवाजें, नज़ारे और ताज़ी हवा का आनंद लेता हूँ। यह एक मौका है थोड़ा ठहरकर, गहरी सांस लेने का और उस कुदरत से जुड़ने का, जो रोज़मर्रा की भागदौड़ में हम अक्सर भूल जाते हैं। सभी इस सरल लेकिन प्रभावशाली आदत को अपनाएं। यह एक छोटा कदम है एक स्वस्थ जीवन और हरे-भरे, जागरूक ग्रह की ओर।"



## *अवैध गैंबलिंग प्लेटफॉर्म्स से किशोरों एवं युवाओं जैसे संवेदनशील वर्ग खतरे में*

**नई दिल्ली।** तेजी से बढ़ते अवैध सट्टेबाजी एवं गैंबलिंग मार्केट से किशोरों एवं युवाओं जैसे संवेदनशील वर्ग पर उल्लेखनीय खतरा मंडरा रहा है। केंद्रित पब्लिक पॉलिसी थिंक टैंक कट्स इंटरनेशनल की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि इन अवैध प्लेटफॉर्म पर सालाना करीब 100 अरब डॉलर का डिपोजिट होता है। रिपोर्ट में इस समस्या के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण किया गया है।

**लोन**

लोन धमाका - रजिस्टर्ड कंपनी द्वारा 50,000 से 25 लाख तक ब्याज 4% सब्सिडी 25% होम लोन व्यापार पशुपालन मुर्गी पालन एवं महिला ग्रुप लोन पाने हेतु संपर्क करें. 8016953669, 8597107469 (रायपुर /03/जून 25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। |
| वृष | आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती |
| मिथुन | मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें। |
| कर्क | पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं। |
| सिंह | व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है। |
| कन्या | अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| तुला | पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। |
| वृश्चिक | व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। |
| धनु | मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। |
| मकर | आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी। |
| कुंभ | मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। |
| मीन | मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती |

## नारायणा के 6 छात्रों ने जेईई एडवांस में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर।** परीक्षा तैयारी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी कोचिंग संस्थान नारायणा कोचिंग सेंटर ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस में असाधारण उपलब्धि की घोषणा की है। सोमवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी किए गए जेईई एडवांस में 06 छात्रों उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रैंक प्राप्त की है। उपलब्धि को साझा करने के लिए संस्थान में आयोजित प्रेसवार्ता में संस्थान के स्टेट हेड अनुराग शर्मा ने बताया यह परिणाम देश की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक है जो कि छात्रों की मेहनत और अकादमिक उत्कृष्टता को उजागर करते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा जारी किए गए परिणामों में नारायण संस्थान के छात्र स्नेहिल झा ने ऑल इंडिया रैंक में 280 रैंक प्राप्त की है। वही शिवा दुबे ने AIR 3649, छात्र अक्षत जैन की AIR 4551, आर्यन जैन AIR 10907 मोहम्मद वसीम अंसारी ने AIR 6380*, अर्नित रावत AIR 17656 प्राप्त की है।



## शब्द पहेली - 5886



**बाएँ से दाए**

1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 5885 का हल**



**सूडोकू नवताल - 5896** कठिनतम



**सूडोकू नवताल - 5895 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।



विशेषः विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून

आज पर्यावरणीय प्रदूषण के जो कारण हैं, इनमें प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग भी शामिल है। विभिन्न प्रोडक्ट्स के माध्यम से प्लास्टिक हमारे शरीर में पहुंच रहा है। पानी, भोजन और हवा में घुले माइक्रोप्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत घातक हैं। इसीलिए इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' रखी गई है, ताकि लोग जागरूक हों और हरियाली फैलाने के साथ प्लास्टिक के उपयोग से बचें।

# प्लास्टिक से मिले मुक्ति हरा-भरा हो हमारा पर्यावरण

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

बीते कुछ वर्षों में चमक-दमक और सहजता के नाम पर बहुत कुछ हमारी जीवनशैली से जुड़ गया है। प्लास्टिक और प्लास्टिक से बने हर तरह के प्रोडक्ट्स इस फेहरिस्त में सबसे ऊपर हैं। सुविधा और सजावटी सामान बन जिंदगी का हिस्सा बना प्लास्टिक अब पूरे पर्यावरण के लिए खतरा बन गया है। प्लास्टिक के कण यानी माइक्रोप्लास्टिक मिट्टी, जल और हवा के पॉल्यूशन का अहम कारण बन गया है। यह इंसानी सेहत के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहा है। यही वजह है कि नदी, तालाब से लेकर धरती की गोद और समुद्र तक को कचरे से पाट रहे प्लास्टिक से दूरी बनाना जरूरी है। सरकारी प्रयासों के साथ ही हर परिवार को प्लास्टिक प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल में कमी लाने की राह पकड़नी होगी। साल 2025 की विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने पर ही फोकस्ड है। 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' थीम जीवन के हर हिस्से में जगह बना चुके प्लास्टिक से मुक्ति पाने का संदेश लिए है।

**स्त्रियों का रोल अहमः** रोजमर्रा की एक्टिविटीज में प्लास्टिक से दूरी बनाने में महिलाओं की भूमिका बहुत अहम हो सकती है। डोमेस्टिक फ्रंट पर न सिर्फ प्लास्टिक की चीजों का विकल्प ढूंढ़ने में बल्कि इस्तेमाल में लाने का काम भी महिलाएं बखूबी कर सकती हैं। इस साल विश्व पर्यावरण दिवस से जुड़ी मुहिम भी प्लास्टिक यूज घटाने और प्लास्टिक के रीयूज-रिसाइकिल को लेकर पब्लिक को अवेयर करने का ही उद्देश्य लिए है। घर-परिवार में प्लास्टिक का यूज कम करने से लेकर रिसाइकिल तक के लिए जागरूक होकर स्त्रियां पर्यावरण की पहरेदार बन सकती हैं। खासकर सिंगल यूज प्लास्टिक प्रोडक्ट्स से दूरी बनाने का कदम बहुत अहम है। यह प्रकृति ही नहीं, परिजनों की सेहत सहेजने के लिए भी जरूरी है। बीते कुछ बरसों में मिट्टी के घड़े से लेकर बच्चों के लकड़ी से बने खिलौनों तक, बहुत कुछ हमसे छूट गया है। प्लास्टिक से बनी चीजों ने जीवन में डेरा जमा लिया है। जबकि बहुत से प्रोडक्ट्स के जरिए आपके अपनों के शरीर में भी प्लास्टिक पहुंच रहा है। पानी, भोजन और हवा में घुले माइक्रोप्लास्टिक हेल्थ प्रॉब्लम्स का कारण बन रहे हैं। इसीलिए डिस्पोजेबल बर्तनों का इस्तेमाल करने से बचें। बच्चों के टिफिन, खिलौने और दूसरे सामान भी लकड़ी, मेटल या मिट्टी के बने खरीदना ही उचित है। घर के कचरे में प्लास्टिक को अलग निकालकर प्लास्टिक रिसाइकिलिंग में मददगार बनने की भी सोचें।

**आयोजनों में दिखाएं समझदारीः** बच्चों की बर्थ-डे पार्टी हो या शादी-ब्याह का पारिवारिक आयोजन, नकली साज-सज्जा वाली चीजों से दूरी बनाएं। सजावट के परंपरागत तौर-तरीकों से परे ऐसे अधिकतर डेकोरेटिव सामान प्लास्टिक से ही बने होते हैं। तकलीफदेह बात यह भी है कि इन प्रोडक्ट्स को रीयूज भी नहीं किया जा सकता। ट्रेडिशनल रंग-ढंग अपनाकर महिलाएं संस्कृति से जुड़ाव रखते हुए प्रकृति के संरक्षण का काम कर सकती हैं। उत्सवीय आयोजनों से जुड़े बदलाव के फ्रंट पर आपका सहज सा कदम एक प्रभावी शुरुआत साबित हो सकता है। प्लास्टिक को खत्म होने में हजारों साल का समय लगता है। कुछ पल की दिखावटी-बनावटी खुशियों के लिए इससे धरती के आंगन को ना पाटें। सामाजिक-पारिवारिक आयोजनों में जड़ों की ओर वापसी करने की राह पकड़ते हुए पत्तल, दोने और कुल्हड़ जैसी चीजों का इस्तेमाल करें। बुनियादी जीवनशैली से जुड़ीं छोटी-छोटी कोशिशों के माध्यम से प्लास्टिक से दूरी बनाना सहज ही संभव होगा। साथ ही घर में उपलब्ध रिसोर्सेज का सही इस्तेमाल करने के लिए दादी-नानी की सीख का साथ लें। संसाधनों को किफायत से इस्तेमाल करना भी पर्यावरण सहेजने से ही जुड़ा है। आम दिन हों या उत्सवीय मौसम, घर की महिलाएं मितव्ययिता की धुरी बन सकती हैं।

**बचाएं प्रकृति के रंगः** पर्यावरण संरक्षण के लिए एक साथ कई मोर्चों पर सजग रहना होगा। प्लास्टिक से दूरी बनाने के साथ ही प्रकृति के रंग बचाए रखने के प्रयास भी जरूरी हैं। अपने परिवेश में हरियाली को पोसना जरूरी है। सब कुछ सहेजने वाली स्त्रियों को पेड़-पौधे लगाने के लिए ही नहीं, बचाने के लिए भी अवेयर होना होगा। हर मौसम में ही प्रदूषण के गुबार से ढंके रहने वाले परिवेश में घर का छोटा-सा आंगन हो या आस-पड़ोस का कोई गार्डन, हरियाली को बचाए रखने के जतन जरूरी हैं। साथ ही स्वच्छता को लेकर सजग रहना भी आवश्यक है। साझी थाती कही जाने वाली प्रकृति की गोद में अब हवा-पानी हो या मिट्टी, सब कुछ तेजी से पॉल्यूट हो रहा है। चिंतनीय है कि माउंट एवरेस्ट तक पहुंच चुका प्लास्टिक, क्लाइमेट चेंज का भी बड़ा कारण है। ऐसे में प्रकृति संरक्षण के मोर्चे पर अपने-अपने हिस्से की जिम्मेदारी लेनी ही होगी, पर्यावरण हरा-भरा बनाना होगा। कहना गलत नहीं होगा कि समाज-परिवार की धुरी कही जाने वाली स्त्रियां इस जिम्मेदारी के निर्वहन की सबसे अहम कड़ी बन सकती हैं। a



## साथी बने थैला

**प्लास्टिक फ्री** जीवन के लिए थैला सबसे अच्छा साथी है। सामान लाने के लिए खुद घर से निकलें या किसी दूसरे सदस्य को भेजें, कपड़े के थैले को साथी जरूर बनाएं। असल में गली-मोहल्ले में सब्जी-भाजी खरीदने की बात हो या मॉल से शॉपिंग करने की, सिंगल यूज प्लास्टिक का एक ढेर हमारे साथ आता है। हर दिन शॉपिंग में साथ आने वाली प्लास्टिक की थैलियां नालियों को जाम कर गंभीर बीमारियों का कारण बनती हैं। यहां-वहां पड़ी प्लास्टिक थैलियों को खा लेना कितने ही जीव-जंतुओं का गला घोंटता है। बेवजह सामानों में लिपट कर साथ आने वाला प्लास्टिक पार्कों, सड़कों और समुद्र तटों को गंदा करता है। इस मोर्चे पर सजग होना आवश्यक है। महिलाएं प्लास्टिक का सीमित इस्तेमाल कर पर्यावरण के बचाव में अपनी भागीदारी निभा सकती हैं। पर्यावरण को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने और पॉलिथिन यूज कम करने के लिए घर से थैला लेकर निकलना बहुत ही सहज पर प्रभावी पहल है। आम-सी बातों पर ध्यान देकर घर के अधिकतर काम-काज संभालने वाली महिलाएं पर्यावरण को पॉलिथीन फ्री बनाने में बड़ा रोल निभा सकती हैं। बाजार जाते समय थैला साथ रखना प्लास्टिक फ्री जीवन के लिए बहुत आम पर खास कदम है।



# बच्चों को बनाएं पर्यावरण प्रेमी

स्वयं ही नहीं, अपने बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना जरूरी है। बचपन से हम उन्हें अपने पर्यावरण से प्रेम करना सिखाएं, इसकी स्वच्छता का महत्व बताएं। बच्चों को यह भी बताएं कि वे पर्यावरण कैसे संरक्षित कर सकते हैं?

बच्चे और आप
सरस्वती रमेश



आज जिस तरह विश्व में पर्यावरण की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है, उसके प्रति हर किसी का जागरूक होना जरूरी है, ताकि सभी पर्यावरण संरक्षित करने की दिशा में प्रयासरत रहें, अपनी जिम्मेदारी समझें। लेकिन जब हम इस संदर्भ में बच्चों की बात करते हैं तो यही पाते हैं कि आज के अधिकांश बच्चे मोबाइल, कंप्यूटर, टैब, लैपटॉप और इंटरनेट की दुनिया में उलझे रहते हैं, इससे बाहर निकलना ही नहीं चाहते। दूसरे पढ़ाई के प्रेशर और इस तकनीकी युग ने माहौल ऐसा बना दिया है कि हमारे बच्चे पर्यावरण से कटे हुए हैं। जबकि ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती से जिस तरह दुनिया जूझ रही है, बच्चों का भी पर्यावरण को लेकर जागरूक होना बहुत जरूरी है। अगर पर्यावरण प्रदूषण की बढ़ती समस्याओं के प्रति हमारे बच्चे जागरूक नहीं हुए तो वे भविष्य में इस धरती के पर्यावरण को कैसे बचाएंगे? ऐसे में पैरेंट्स की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों को पर्यावरण से प्रेम करना सिखाएं, इसे संरक्षित करने के लिए प्रेरित करें। यह कैसे संभव है, आप जानें-

**पर्यावरण संरक्षण का मतलब बताएंः** प्रायः हम अपने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का तात्पर्य सिर्फ पेड़-पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना बताते हैं। जबकि पर्यावरण संरक्षण का अर्थ इससे कहीं ज्यादा व्यापक है। धरती पर उपस्थित सभी तरह के जीव-जंतु, नदियां, पहाड़, समुद्र, हवा, पानी, धूप, मिट्टी सभी मिलकर हमारे पर्यावरण का निर्माण करते हैं। इसलिए हमें पृथ्वी की हर चीज को संरक्षित करना होगा। इस पृथ्वी को सभी प्राणियों के लिए जीने योग्य बनाए रखना ही पर्यावरण संरक्षण का असल मतलब है। यह बात बच्चों को भी समझानी चाहिए।

**प्रकृति के साथ तालमेल करना सिखाएंः** सर्वप्रथम तो हम अपने बच्चों को प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर जीना सिखाएं। मतलब ऐसे काम करने से मना करें, जिससे प्रकृति और इसके पर्यावरण को किसी भी रूप में नुकसान पहुंचता है। सिंगल यूज प्लास्टिक आज पूरी दुनिया के लिए चुनौती बना हुआ है, इसलिए प्लास्टिक पन्नी में फल, सब्जी और राशन न लें। इसके बजाय घर से अपना बैग और कंटेनर लेकर जाएं। आपको ऐसा करता देखकर आपका बच्चा भी पर्यावरण से प्रेम करना सीखेगा। इसी तरह गीला और सूखा कचरा अलग रखने की आदत अपने बच्चों में बचपन से ही डालें। इसके लिए घर में दो डस्टबिन रखें। रिसाइकिल होने वाले कचरे को सड़ने-गलने वाले कचरे के साथ मिलाकर न रखें। किचन वेस्ट से अपने बगीचे में या बालकनी में कंपोस्ट खाद बनाएं। यह बेहद आसान है। इसे बनाने से आपके घर से निकलने वाला गीला कचरा कम होगा और आपके घर में लगे पौधों को मुफ्त में खाद भी मिलेगी। इस काम में बच्चों से भी सहयोग लें ताकि वे शुरू से ही वेस्ट मैनेजमेंट के गुर सीखें।

## संसाधनों का समझदारी से इस्तेमाल करना बताएं

**गर्मियों में** लोग एसी का इस्तेमाल खूब करते हैं। अपने बच्चों को एसी का इस्तेमाल कम से कम करने के लिए प्रेरित करें। इसके बजाय यदि कूलर से काम चल सकता है तो उसे चलाने के लिए कहें। बच्चों को समझाएं कि एसी से निकलने वाली हीट से बाहर का वातावरण गर्म होता है, जिससे पक्षी, कीट-पतंगे, जानवरों को सर्वाइव करने में मुश्किल आती है। साथ ही बिजली की ज्यादा खपत होती है। इसी तरह सर्दियों में रूम को गर्म रखने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के ज्यादा इस्तेमाल से बिजली की खपत ज्यादा होती है, जबकि हम सब जानते हैं कि बिजली पैदा करने के लिए बहुत सारे संसाधनों की जरूरत पड़ती है। इसी तरह अपने बच्चों को कपड़े, जूते, कागज, बैग आदि चीजों का इस्तेमाल तब तक करने को कहें, जब तक कि वे पूरी तरह अनुपयोगी न हो जाएं। जिससे नए सामान खरीदने की जरूरत कम पड़े और पृथ्वी के संसाधनों को बचाया जा सके।

**हमारी सामूहिक जिम्मेदारीः** बच्चे देश का भविष्य होते हैं। जब वे किसी बदलाव का हिस्सा बनते हैं तो उसका प्रभाव जल्द दिखाई देता है। और फिर पर्यावरण संरक्षण किसी अकेले व्यक्ति के वश की बात नहीं है। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें बच्चों को शामिल करना बहुत जरूरी है। सभी अपनी जिम्मेदारी को समझें और अपने स्तर पर अपने आस-पास को साफ-सुथरा, हरा-भरा रखने की कोशिश करें, तभी हमारा पर्यावरण संरक्षित होगा। a

# समर सीजन में बनाएं यूनिक हेयर स्टाइल

ट्रेंड
सरिता गुप्ता

गर्मी के मौसम में सही ड्रेसअप सेलेक्ट करने के साथ ही मैचिंग और कंफर्टेबल हेयर स्टाइल चूज करना थोड़ा टफ होता है। ऐसे में आप यहां पर बताए जा रहे कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं।

**हाफ हेयर बन स्टाइलः** अगर आप कॉलेज गोइंग गर्ल हैं या ऑफिस जाती हैं तो यह हेयर स्टाइल आपके लिए परफेक्ट है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए पहले बालों को ट्विस्ट देकर हाफ हेयर करके उसे रबड़ बैंड से हाफ बन लुक दे सकती हैं, फिर उस पर फंकी रबड़ बैंड ऊपर से लगा लें।



**साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल :** समर पार्टी में जाने के लिए आप साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। इस सीजन के लिए यह एक परफेक्ट ऑप्शन है। आप इस हेयर स्टाइल को गाउन या शॉर्ट ड्रेस के साथ पेयर अप कर सकती हैं। आप इसके साइड से टेल पर बीड्स भी लगा सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए सबसे पहले साइड से फ्रेंच ब्रेड बनाएं और फिर सभी बालों को फोल्ड करते हुए पिन की मदद से सेट करें। अब फ्रंट में लगी छोटी-छोटी फ्लिक्स निकाल लें। साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल बनने के बाद बहुत अच्छा लगता है।



**रबड़ बैंड ट्विस्ट ब्रेड स्टाइलः** आप रबड़ बैंड से एक यूनिक हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए आपको काफी सारी रबड़ बैंड्स की जरूरत होगी। सबसे पहले नॉर्मल पोनी बनाएं और फिर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर रबड़ बैंड लगाएं और बालों को बीच से लूज करती जाएं। इससे आप सिंपल ब्रेड से खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। टॉप के साथ स्कर्ट या जींस कैरी करने पर ऐसी हेयर स्टाइल कूल लुक देती है।

**हेड बैंड और स्कार्फः** गर्मियों में जब बाल चेहरे पर आते हैं तो बहुत चुभने लगते हैं और इरिटेट भी करते हैं। ऐसे में आप हेड बैंड और स्कार्फ का भी यूज कर सकती हैं। एक ऐसे स्टाइलिश हेड बैंड का यूज करें, जो बालों को चेहरे से दूर रखे और स्टाइलिश लुक दे। इसके अलावा स्कार्फ का यूज बालों को बांधने या सजाने के लिए भी आप कर सकती हैं।



**तरह-तरह के बनः** आप कई तरह के हेयर बन बनाकर बालों को स्टाइल दे सकती हैं। बन बनाने के भी कई तरीके होते हैं, इनमें टॉप नॉट, मेस्सी बन, हाई बन और लो बन शामिल हैं। यह कैजुअल और फॉर्मल दोनों अवसरों के लिए सही होता है। a

**(हेयर स्टाइलिस्ट मेघा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल सजेशन
डॉ. विनय अग्रवाल
ऑर्थोपेडिक सर्जन-स्पोर्ट्स इंजरी
कैलाश हॉस्पिटल, नोएडा

बढ़ती उम्र में और खासतौर पर मेनोपॉज के बाद महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस होने का रिस्क बढ़ जाता है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप अपनी लाइफस्टाइल और डाइट का पूरा ध्यान रखें। इस बारे में आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशन।

# बोंस को बनाएं स्ट्रॉन्ग नहीं होगा ऑस्टियोपोरोसिस

ऑस्टियोपोरोसिस, हड्डियों की एक ऐसी बीमारी है, जो खासतौर से महिलाओं में होती है। इसके कारण हड्डियां कमजोर हो जाती हैं।

**रोग के कारणः** पीरियड्स बंद होने के बाद यानी मेनोपॉज के बाद महिलाओं में इस बीमारी के होने का रिस्क अधिक बढ़ जाता है। जब हमारे शरीर में विटामिन डी और कैल्शियम का स्तर कम हो जाता है तो यह रोग हो सकता है। इससे बोंस में फ्रेक्चर होने की आशंका बढ़ जाती है।

**बरतें सावधानीः** मेनोपॉज यानी पीरियड्स बंद होने के बाद महिलाओं को हेल्थ पर अधिक ध्यान देना चाहिए, क्योंकि इस दौरान मसल्स और बोंस कमजोर हो जाती हैं और फ्रेक्चर होने का रिस्क बढ़ जाता है। इसलिए इसे लेकर लापरवाही न बरतें। जब पीरियड्स बंद हो जाएं तो कैल्शियम और विटामिन डी का स्तर कम हो जाता है और हार्मोन का प्रवाह भी कम हो जाता है। इसलिए रोज समय निकालकर धूप में कुछ देर जरूर बैठें, जिससे आपके शरीर में जरूरी विटामिन डी बनेगा। थायरॉयड प्रॉब्लम से भी इस रोग के होने का रिस्क बढ़ता है, इसलिए अगर मां या पिता में किसी को थायरॉइड की प्रॉब्लम है तो आपको थायरॉइड होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए अपने थायरॉइड का नियमित रूप से चेकअप कराती रहें।




**नियमित एक्सरसाइजः** ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी होता है। इससे मसल्स और मेटाबॉलिज्म मजबूत होता है। हड्डियों में कैल्शियम और मिनरल का स्तर बढ़ता है। इसलिए रोज एक्सरसाइज करना बोंस हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे न केवल ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव होगा, बल्कि अगर यह हो भी गया हो तो उसमें राहत के लिए भी एक्सरसाइज करना फायदेमंद होता है। इसके लिए ट्रेडमिल पर वॉकिंग, जंपिंग, स्किपिंग, लोडिंग और क्रॉस ट्रेनिंग आदि कर सकती हैं।

**रहें एक्टिवः** महिलाओं को शुरू से ही अपनी लाइफस्टाइल को लेकर बहुत ही सजग रहना चाहिए। उन्हें नियमित रूप से अच्छी डाइट और एक्सरसाइज को अपनाना चाहिए, क्योंकि इनके जरिए ही आप ऑस्टियोपोरोसिस से खुद को दूर रख सकती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए हमारी लाइफस्टाइल का बड़ा रोल होता है।

**वजन को नियंत्रित रखेंः** महिलाओं को अपने वजन को नियंत्रित रखने के लिए बहुत ध्यान देना चाहिए, क्योंकि जब हमारा वजन नियंत्रित नहीं रहता है तो अनेक तरह की बीमारियां हो सकती हैं। a

**प्रस्तुतिः संध्या रानी**



## लें हेल्दी डाइट

**हेल्दी बोंस** के लिए रेग्युलर बैलेंस डाइट लेना बेहद जरूरी होता है। आपकी डाइट में ज्वार, बाजरा, कोदो, गेंहू और रागी जरूर होना चाहिए, क्योंकि यह हमारे बोंस के लिए बहुत ही अच्छा होता है। सब्जियों में खासतौर से सीताफल खाना फायदेमंद है। ड्राय फ्रूट्स में पिस्ता, बादाम जरूर खाएं क्योंकि इनमें कैल्शियम काफी मात्रा में रहता है। इसके अलावा दूध पीना भी सेहत के लिए अच्छा रहता है। जहां तक हो सके फ्राइड फूड्स से परहेज करना चाहिए। आलू में कार्बोहाइड्रेट अधिक होता है। इसलिए हड्डियों की बनावट और मजबूती देने में इसका रोल अधिक नहीं होता है।






# आईपीएल को आज मिलेगा नया चैंपियन, बेंगलुरु-पंजाब के पास 17 साल का खिताबी सूखा खत्म करने का मौका

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल में आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का 17 साल का इंतजार खत्म करना होगा। सभी की निगाहें हालांकि हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरू से आरसीबी से जुड़े होने के बावजूद अभी तक अपनी टीम को आईपीएल का चैंपियन नहीं बना पाए हैं। आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा। मुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालीफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स की टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर 11 वर्षों के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। दस टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है।



## कोहली आरसीबी के मुख्य स्तंभ

कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। फिल साल्ट ने भारतीय सुपरस्टार का अच्छा साथ देकर आरसीबी को अच्छी शुरुआत दिलाई, जबकि मयंक अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा बल्लेबाजी क्रम के भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। टिम डेविड ने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गेंदबाजी में शांत और धैर्यवान जोश हेजलवुड (21 विकेट) ने आरसीबी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर है।

## अय्यर नए नेतृत्वकर्ता

पंजाब के अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स चैंपियन बना था। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ कहता है जो इस प्रारूप में किसी भी अन्य की तरह ही अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से संगठित करता है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अय्यर टूर्नामेंट के 17 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स तीसरी टीम है।

## पंजाब का मध्यक्रम मजबूत

प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह के रूप में अय्यर का साथ देने के लिए पंजाब किंग्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विपक्षी खेमे पर आक्रामक हमले भी कर सकते हैं। मार्को यानसन के बिना पंजाब की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिखी, लेकिन बल्लेबाजी के अनुकूल विकेट पर मुंबई इंडियंस को पूरी पारी में रोके रखने से पता चलता है कि उसका आक्रमण बहुत कमजोर नहीं है।

## बेंगलुरु खेलेगा चौथा फाइनल

आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि पंजाब ने क्वालिफायर-2 में मुंबई इंडियंस को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था। पंजाब की टीम 2014 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंची है। पंजाब की तरह ही आरसीबी ने भी अब तक कभी आईपीएल का खिताब नहीं जीता है। ऐसे में यह तय है कि आईपीएल को इस बार नया चैंपियन मिलेगा। आरसीबी की टीम इससे पहले तीन बार फाइनल में पहुंची है, लेकिन तीनों बार उसे हार मिली है। पंजाब को 2014 में फाइनल में केकेआर ने हराया था।

खास खबर

## रूट के नाबाद शतक से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज से जीती श्रृंखला



**कार्डिफ।** जो रूट की नाबाद 166 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को सोफिया गार्डन्स में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज की टीम कीसी कार्टी के 103 रन तथा कप्तान शाई होप (78) और सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग (59) के अर्धशतक के बावजूद 47.4 ओवर में 308 रन पर आउट हो गई, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने सात गेंद शेष रहते हुए सात विकेट पर 312 रन बनाकर जीत दर्ज की। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो रन पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 133 रन था। रूट ने यहीं से विल जैक्स के साथ 121 गेंद पर 143 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। रूट ने अपनी पारी में 139 गेंद का सामना किया तथा 21 चौके और दो छक्के लगाए। विल जैक्स ने 49 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। रूट अपनी पारी के दौरान इयोन मोर्गन को पछाड़कर इंग्लैंड के लिए वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। रूट के 7,082 रन हो गए हैं, जबकि मोर्गन के नाम पर 6,957 रन दर्ज हैं।

## अय्यर और पंड्या पर लगा भारी जुर्माना



**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर यहां आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर के दौरान अपनी-अपनी टीमों की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। अय्यर पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का दूसरा अपराध था, जबकि पंड्या पर तीसरी बार अपराध करने के लिए 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। पंजाब किंग्स की अंतिम एकादश में शामिल खिलाड़ियों पर छह लाख रुपए या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना जबकि मुंबई इंडियंस के बाकी खिलाड़ियों 12 लाख रुपए या उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

## पंजाब ने खुद को नंबर-1 के लिए तैयार किया



**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल से पहले कहा कि उनकी टीम ने खुद को दूसरे या तीसरे स्थान पर रहने के लिए नहीं बल्कि पहले स्थान पर रहने के लिए तैयार किया है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स की टीम को पहले क्वालीफायर में आरसीबी से करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन उसने दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। उन्होंने स्वीकार किया कि दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में विराट कोहली के समर्थकों से निपटने के लिए भी उनकी टीम को तैयार रहना होगा।

| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
|  |  |
| साई सुदर्शन | प्रसिद्ध कृष्णा |
| 759 रन | 25 विकेट |
| गुजरात | गुजरात |

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट: गुकेश ने नंबर-1 कार्लसन को हराकर चुकता किया बदला

एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर

वर्ल्ड चैंपियन गुकेश डी ने एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की। उन्होंने नॉर्वे चेस 2025 के छठे राउंड में मैग्नस कार्लसन को पहली बार क्लासिकल टाइम कंट्रोल में हरा दिया। इस हार से नाराज कार्लसन ने गुस्से में चेस बोर्ड पर घूंसा मार दिया। इससे सभी हैरान हो गए।

गुकेश से हारने के बाद पूर्व वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन अपने गुस्से पर कंट्रोल नहीं कर पाए। उन्होंने मैच खत्म होते ही चेस पर गुस्से में घूंसा मारा, हालांकि उन्हें जल्द ही अपनी गलती का एहसान हो गया। उन्होंने तुरंत माफ़ी मांगते हुए विनर गुकेश को जीत की बधाई दी। गुकेश ने जीत के बाद कोई अग्रेशन नहीं दिखाया, वह सिर्फ कार्लसन से हाथ मिलाने के बाद चुपचाप




अपनी सीट से उठे और हाथों को अपने मुह में दबाकर एक जगह खड़े हो गए। मानों उन्हें खुद भी यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने ये कर दिखाया, उन्होंने पूर्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को हरा दिया है।

### कार्लसन का घमंड चकनाचूर

आपको बता दें कि 19 वर्षीय गुकेश पहले राउंड में कार्लसन से हार गए थे। इस जीत के बाद कार्लसन ने एक पोस्ट भी किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था कि 'जब आप राजा के खिलाफ खेलते हैं तो चूकना नहीं चाहिए।' शायद वह इस पोस्ट के जरिए बताना चाहते थे कि उन्हें हराना बहुत मुश्किल हैं, लेकिन गुकेश ने अपने खेल से ही इसका करारा जवाब दिया।

### धैर्य और अनुशासन से जीता मैच

सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए गुकेश ने पूरे खेल में धैर्य और अनुशासन बनाए रखा। उन्होंने इंक्रीमेंट टाइम कंट्रोल में वापसी की, जबकि इससे पहले ज्यादातर समय कार्लसन ने बढ़त बनाए रखी थी। गुकेश ने कार्लसन की एक गलती का फायदा उठाकर बाजी पलट दी। लास्ट में एक काउंटरअटैक के साथ गुकेश ने जीत हासिल की।



## नटराज ने सिंगापुर में तैराकी में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में 1:48:66 सेकंड का समय निकालकर सजन प्रकाश के 2021 में निकाले गए 1:49.73 सेकंड के समय को पीछे छोड़ा। नटराज ने इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

## खबर संक्षेप



### शुक्ला का बीसीसीआई का कार्यवाहक अध्यक्ष बनना तय

**नई दिल्ली।** अनुभवी क्रिकेट प्रशासक राजीव शुक्ला अगले महीने रोजर बिन्नी के 70 वर्ष की आयु सीमा पूरी करने के बाद अंतरिम रूप से भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभालेंगे। बीसीसीआई सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिन्नी ने 2022 में बोर्ड अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली की जगह ली थी। वह 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे और इस तरह से बीसीसीआई के किसी भी पदाधिकारी के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा को पार कर जाएंगे। 65 वर्षीय शुक्ला वर्तमान में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह 2020 से इस पद पर हैं। सितंबर में बोर्ड की वार्षिक आम बैठक के दौरान नए चुनाव होने तक वह बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष का पद संभालेंगे।

### भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से 2-4 से हारी



**रोसारियो।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में अपना अभियान मेजबान अर्जेंटीना से 2-4 से हार के साथ समाप्त किया। कनिका सिवाच (11वें और 45वें मिनट) ने प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत के लिए दो गोल दागे। खेल की शुरुआत तेज़ गति से हुई और पहले क्वार्टर में ही चार गोल हो गए। सोल गुइनेट गुनाजू ने पांचवें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके दो मिनट बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत ने 11वें मिनट में कनिका के गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने 13वें मिनट में गोल किया जिससे अर्जेंटीना ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। अर्जेंटीना की तरफ से चौथा गोल 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल ने किया।

क्रिकेट

## क्लासेन ने क्रिकेट से लिया संन्यास फ्रेंचाइजी लीग को देंगे प्राथमिकताएं




एजेंसी ▶▶| केपटाउन

दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन ने काम और जिंदगी में संतुलन लाने और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग में भी अपनी प्राथमिकतायें तय करने की कवायद में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से तुरंत प्रभाव से संन्यास ले लिया।

तैंतीस वर्ष के क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। अब उन्होंने सफेद गेंद के प्रारूप से भी विदा ले ली है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी20 मैच खेलकर 2764 रन बनाए हैं। क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मेरे लिए यह दुखद दिन है क्योंकि मैने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है। मुझे यह तय करने में काफी समय लगा कि भविष्य में मेरे और परिवार के लिए क्या बेहतर है। यह काफी कठिन फैसला था लेकिन मैं इससे खुश हूं।' दुनियाभर में टी20 लीग में काफी लोकप्रिय बल्लेबाज क्लासेन ने हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल में खेला और शतक भी लगाया। अब वह इस महीने के आखिर में अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में सीएटल ओर्कास के लिये खेलेंगे।

### मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इस 36 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज और ऑफ स्पिन गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 149 एकदिवसीय मैच खेले। मैक्सवेल ने वनडे में कुछ यादगार पारियां खेली जिसमें वनडे विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ 128 गेंद पर खेली गई 201 रन की पारी भी शामिल है। मैक्सवेल का स्ट्राइक रेट 126 है जो वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे ज़्यादा है। वह वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल से पीछे हैं। उन्होंने एक गेंदबाज के रूप में वनडे में 77 विकेट लिए हैं जबकि एक बल्लेबाज के रूप में चार शतक और 23 अर्धशतक भी लगाए हैं।



## डोपिंग उल्लघंन की वैश्विक सूची में दूसरे स्थान पर भारत

**नई दिल्ली।** एथलेटिक्स नैतिकता इकाई ने खुलासा किया है कि डोपिंग उल्लघंन के कारण प्रतिस्पर्धा करने में अयोग्य रहे ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों की ताजा वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर बरकरार है। एआईयू ने 31 मई को सूची जारी की है जिसमें भारत के 128 एथलीट शामिल हैं और कीनिया (134) इसमें शीर्ष पर काबिज है। इस सूची में वो खिलाड़ी भी शामिल हैं जो राष्ट्रीय स्तर के मामलों और फैसलों के कारण अयोग्य रहे। कई वर्षों से भारत सबसे अधिक डोपिंग मामलों वाले देशों में शामिल रहा है और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के शीर्ष अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर यही चलन जारी रहा तो देश पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। मई में एआईयू ने 14 खिलाड़ियों को प्रतिबंधित किया था जिसमें से पांच कीनिया के और तीन भारत के थे।

## 30 सितंबर से शुरू होगा महिला वनडे विश्व कप, भारत-श्रीलंका बने मेजबान

एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला वनडे विश्व कप 2025 भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर के बीच खेला जाएगा जिसमे कोलंबो को तटस्थ अतिरिक्त स्थान के रूप में जोड़ा गया है। भारत पहले इसका इकलौता मेजबान था लेकिन टूर्नामेंट के मैच अब बेंगलुरु, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेले जाएंगे।

कोलंबो को इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि पाकिस्तान आईसीसी टूर्नामेंटों के लिए भारत नहीं आएगा और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी। इसके तहत भारत ने अपने मैच दुबई में खेले थे जबकि पाकिस्तान और बाकी टीमों के मैच पाकिस्तान में हुए थे। आईसीसी ने कहा, 'यह टूर्नामेंट बेंगलुरु में 30 सितंबर से




शुरू होगा। भारत में 12 साल बाद महिला क्रिकेट विश्व कप कराया जा रहा है।' पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा जबकि दूसरा 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में खेला जाएगा। फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में होगा। मेजबान भारत के अलावा गत चैंपियन आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका इसमें भाग लेंगे।

## सात्विक - चिराग इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन में देंगे चुनौती

**जकार्ता।** पूर्व चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 1,450,000 डॉलर पुरस्कार राशि के इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुआई करते हुए वापसी की लय जारी रखना चाहेगी। फिटनेस हासिल करने के बाद दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थी और अब उनकी कोशिश इस टूर्नामेंट में और आगे तक पहुंचने की होगी ताकि वे 2023 में जीती गई ट्रॉफी को फिर से हासिल कर सकें। वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस साल लगातार खराब प्रदर्शन के बाद अब इस टूर्नामेंट में आगे तक पहुंचने का लक्ष्य बनाएंगी। पहले दौर में उनका सामना जापान की पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा से होगा। महिला एकल में अन्य खिलाड़ियों में अनुपमा उपाध्याय का सामना कोरिया की किम गा यून से, रक्षिता श्री रामराज का सामना थाईलैंड की बाएं हाथ की खिलाड़ी सुपानिदा काटेथोंग से जबकि मालविका बंसोड़ का सामना इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा।

## मौसम की प्रतिकूल परिस्थिति और स्वास्थ्य चिंताएं बनी कारण

# महिला एमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट श्रीलंका से स्थगित

एजेंसी ▶▶| लाहौर

एशियाई क्रिकेट परिषद ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं के कारण छह जून से शुरू होने वाले महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप टूर्नामेंट को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की।

टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार-विमर्श के बाद लिया गया जिन्होंने एसीसी प्रमुख मोहसिन रजा नकवी को इस टूर्नामेंट को स्थगित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था। एसीसी ने एक बयान में कहा कि सिल्वा ने




श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और इस क्षेत्र में चिकनगुनिया फैलने के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि महाद्वीपीय संस्था महिला क्रिकेट और क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के महत्व को समझती है। उन्होंने कहा, 'एसीसी युवा महिला क्रिकेटरों को कौशल को बढ़ाने और उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के मौके प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम एशिया में महिला क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में इस टूर्नामेंट के रणनीतिक महत्व को समझते हैं और जल्द से जल्द इस टूर्नामेंट को फिर से आयोजित करने के लिए लगन से काम करेंगे।' नकवी ने कहा कि एसीसी समय आने पर टूर्नामेंट की नयी तारीखों की घोषणा करेगा।

### एशिया कप भी होगा स्थगित

एसीसी के करीबी एक विश्वसनीय सूत्र ने यह भी कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच हाल में सीमा पर तनाव के कारण सितंबर में पुरुषों के एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर गंभीर संदेह है। सूत्र ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि एशिया कप होगा क्योंकि मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड के लिए इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने के साथ पाकिस्तान टीम को आमंत्रित करने के लिए अपनी सरकार से मंजूरी लेना मुश्किल होगा।'




अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन यह कहकर निरस्त कर दिया गया कि सीधी भर्ती से ही नियुक्ति संभव है

# हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति न देने पर मांगा जवाब

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति न दिए जाने के रवैये पर जवाब-तलब किया है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आयुक्त पंचायत राज, कलेक्टर छतरपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी व कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लवकुश नगर, छतरपुर को नोटिस जारी किए।

याचिकाकर्ता छतरपुर निवासी अखिलेश सिंह की ओर से अधिवक्ता शंभूदयाल गुप्ता व कपिल गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पिता



पंचायत सचिव के रूप में कार्यरत थे। सेवा के दौरान उनका निधन हो गया। लिहाजा, याचिकाकर्ता ने पुत्र होने के नाते अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन किया। लेकिन यह कहकर आवेदन निरस्त कर दिया गया कि सीधी भर्ती से ही नियुक्ति संभव है। अनुकंपा नियुक्ति का प्रविधान नहीं है। चूंकि यह कारण अनुचित है। अतः याचिका के जरिए हाई कोर्ट की शरण ली गई है। हाई कोर्ट ने चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देष दिए हैं।

## दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की कैद

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश निशा विश्वकर्मा की अदालत ने दुष्कर्म के आरोपी को दोषी पाते हुए 10 साल की कैद सजा सुनाई साथ ही 12 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक आरोपी पचपेढ़ी निवासी दीपक किसपोट्टा ने एक बैंक कर्मी के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इस मामलें में सिविल लाईन पुलिस ने महिला बैंक कर्मी की शिकायत पर धारा 376 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। मामलें में सुनवाई के दौरान शासन की ओर से पैरवी करते हुये लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने न्यायालय को बताया कि फरियादिया एक बैंक में नौकरी करती है और आरोपी ने उसके साथ ही बैंक की सर्विस हेतु ट्रेनिंग की थी तभी से दोनों के बीच पहचान थी। आरोपी ने विवाह का प्रलोभन देकर 7 जून 2016 को अपने सूने घर में फरियादिया को बहला फुसला कर ले गया और उसकी इच्छा के विरूध बल पूर्वक बलात्कार किया था और विवाह करने से इंकार कर दिया था। प्रकरण थाने में पंजीबद्ध उपरांत पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और चालान न्यायालय के समक्ष पेश किया था।

## मारपीट के आरोपियों को 1-1 साल की कैद

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने मारपीट करने के आरोपियों को एक एक साल के कठोर कारावास और जुर्माने से दंडित किया। 18 दिसंबर 2015 को अमर उर्फ बलदाउ के साथ रास्ते में रोककर आरोपी दिलीप कुर्मी, छोटेभाई कुर्मी, सत्यम विश्कर्मा व शुभम विश्कर्मा ने गालीगलौज कर लाठियों से मारपीट की। उस पर पुलिस ने धारा 294, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी जयवीर सिंह यादव द्वारा उक्त मामले में सशक्त पैरवी की गई। जिनके तर्कों से सहमत होकर तीन आरोपियों को न्यायालय में सजा सुना दी।

पीड़िता की शिकायत पर प्रकरण दर्ज, आरोपी गिरफ्तार, पार्टनर फरार

# भाजपा नेता अपने होटल में चला रहा था देह व्यापार

हरिभूमि, जबलपुर।

गढ़ा थाना अतंर्गत स्थित एक होटल में एक भाजपा नेता की होटल में देह व्यापार के अड्डे का भंडाफोड़ हो गया। पुलिस के मुताबिक युवती का आरोप है कि उसे दो साल से होटल में बंधक बनाकर देह व्यापार कराया जा रहा था। युवती असम की रहने वाली बताई गई है। उसकी मां की तबियत खराब होने पर वह जाना चाह रही थी लेकिन उसे न ही जाने दिया जा रहा था और न ही पैसे दिए जा रहे थे। मामलें की शिकायत थाने तक पहुंची और सोमवार की देर रात पुलिस ने छापा मार दिया। होटल संचालक रानीदुर्गावती मंडल भाजपा का पूर्व अध्यक्ष अतुल चौरसिया गिरफ्तार कर लिया गया है। उसका पार्टनर शीतल उर्फ मथुरा प्रसाद दुबे अभी फरार है। घटना के संबंध में गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न शर्मा ने बताया कि गढ़ा स्थित अतिथि होटल में असम की लड़की को बंधक बनाकर उससे देह व्यापार कराए जाने कि शिकायत पर अतिथि होटल में छापा मारा गया। यहां असम की एक लड़की मिली उसने शिकायत दर्ज कराई कि उसे बंधक बनाकर रखा गया और उसे देह व्यापार के धंधे में ढकेला गया। उसे पैसे भी नहीं दिए जा रहे थे और न ही उसे घर जाने दिया जा रहा था,



उसकी मां भी बीमार थी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर युवती के बयान पर होटल संचालक भाजपा नेता अतुल चौरसिया को हिरासत में ले लिया है। उसका पार्टनर शीतल उर्फ मथुरा अभी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

ओमती थाने में लोकायुक्त टीम ने की कार्रवाई

# पुलिस आरक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिभूमि जबलपुर।

शहर के पुलिस थानों में भ्रष्टाचार चरम पर हैं। हर काम का पैसा लगता हैं किसी के चरित्र का सत्यापन कराना है तो पैसा, लेनदेन का विवाद निपटाना है तो पैसा, एफआईआर कराना है तो पैसा, चलान के बाद भी ऊपर से पैसा वसूलना आम बात है। ऐसे ही एक मामलें मे ओमती थाने में पदस्थ एक आरक्षक को सोमवार की शाम 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त की टीम ने रंगे हाथो पकड़ा। लोकायुक्त संजय साहू ने बताया कि अंधेर देव निवासी शुभम चौरसिया ने शिकायत की थी कि उसका किसी का लेन देन का विवाद चल रहा है जिसके बदले में उसकी मोटर सायकिल बुलट और




जेवर थाने में रखे थे। दोनों मामलों को थाने से निपटाने के लिए ओमती थाने के आरक्षक नितेश शुक्ला ने फरियादी शिवम चौरसिया से 55 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी जिसकी शिकायत लोकायुक्त में की गई। शिकायत के बाद लोकायुक्त की टीम ने जांच पड़ताल के बाद जाल बिछाया। सोमवार को रिश्वत की पहली रकम 5 हजार रुपए जैसे ही आरक्षक ने ली वैसे ही लोकायुक्त की टीम ने उसे दबोच लिया। ट्रैप करने के बाद आरक्षक को सर्किट हाउस ले जाया गया, जहां फरियादी और उसके बयान दर्ज किए गए। लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

जबलपुर मण्डल के स्टेशनों पर विशेष टिकट चैकिंग अभियान

# 202 यात्रियों से सवा लाख जुर्माना वसूला

हरिभूमि जबलपुर।

प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के निर्देशन में जबलपुर मण्डल पर यात्रियों को ट्रेनों में अधिक भीड़ के दौरान आरामदायक यात्रा के उद्देश्य से समय-समय पर यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों में टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी मे गत दिवस जबलपुर कटनी एवं सतना स्टेशनों पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-2 शशांक गुप्ता के नेत्रत्व मे चल टिकट निरीक्षकों की टीम द्वारा सुबह 7.25 बजे से दोपहर 02.40 बजे तक टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। शशांक गुप्ता की निगरानी में चलाये गए इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन एवं ट्रेनों एवं स्टेशन के बाहर जाने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जाँच के स्टेशन के बाहर न जा



सकें। इस जांच मे आरपीएफ़ व जीआरपी का बल भी उपस्थित था।

इस दौरान कुल 3 यात्री गाडियों को जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर रोककर 202 यात्रियों को पकड़कर उनसे लगभग 1 लाख 26 हजार से अधिक रुपए का रेल राजस्व एकत्रित किया गया। यात्री गाड़ियों में डेली अप डाउन करने वाले एम एस टी धारक आरक्षित कोचों मे यात्रा करते हुए पकड़े गए, एवं अनियमित टिकट लेकर तथा अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वालों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे द्वारा एक दिवसीय औचक विशेष जांच अभियान चलाया गया।

इस जांच के दौरान यात्री गाड़ियों के साथ ही अवैध वेंडरो, प्लेटफार्म पर आने वाले ऑटो चालक, बिना प्लेटफॉर्म टिकट लिए प्लेटफार्म पर घूमने वाले लोगों के साथ ही प्लेटफॉर्म में गंदगी करने वाले लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की भी जांच की गई।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक डॉ. मधुर वर्मा नें बताया कि रेलवे द्वारा प्रारंभ किया गया यह जांच अभियान और आगामी दिनों में भी विभिन्न स्टेशनों पर निरंतर चलेगा। यह जांच अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया कि सभी यात्री उचित टिकट के साथ यात्रा करें। अनियमित यात्राओं को रोकने से जहां रेल राजस्व में वृद्धि होती है, वहीं यह यात्रियों के लिए सुगम, सुरक्षित और स्वच्छ यात्रा सुनिश्चित करता है। साथ ही उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। प्रतिक्षा सूची ई-टिकट एवं प्लेटफार्म टिकट पर यात्रा करने की अनुमति नहीं है। प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिए यात्रा टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट होना आवश्यक है।

गोंदिया-बरौनी का मार्ग किया गया डायवर्ट

# अंबिकापुर इंटरसिटी 6 दिन तक निरस्त

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर-अंबिकापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस सोमवार से 6 दिन तक नहीं चलेगी। वापसी में भी अंबिकापुर-जबलपुर ट्रेन 6 दिन तक निरस्त रहेगी। रेलवे की ओर से कटनी में अधोसंरचना संबंधी कार्य किया जाना है। इस दौरान न्यू कटनी जंक्शन से उमरिया रेलखंड पर 1 से 7 जून के बीच रेल यातायात प्रभावित रहेगा। रेलमार्ग से होकर चलने वाली कुल 18 ट्रेनों को एक से 8 जून तक निरस्त किया गया है।



वहीं, गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का संचालन परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा। जबलपुर से अंबिकापुर के बीच एकमात्र सीधी ट्रेन इंटरसिटी एक्सप्रेस है।

## नैनपुर-जबलपुर के रास्ते चलेगी ट्रेन

रेल अधोसंरचना कार्य के दौरान बरौनी-गोंदिया-बरौनी (15231/32) एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय किया गया है। यह ट्रेन दो से 6 जून के बीच अपने आरंभिक स्टेशनों से निर्धारित समय पर प्रस्थान करेगी। दुर्ग-बिलासपुर-शहडोल-कटनी के स्थान पर नैनपुर-जबलपुर-कटनी के रास्ते गंतव्य आएगी-जाएगी।

## झलवारा स्टेशन से जोड़ी जाएगी कार्ड लाइन

न्यू कटनी जंक्शन के पास रेल अधोसंरचना संबंधी कार्य के दौरान कटनी ग्रेड सेपरेटर की नई लाइन का विस्तार किया जाएगा। सिंगरौली रेलमार्ग पर स्थित कटंगी-खुर्द से झलवारा स्टेशन तक बनी कार्ड लाइन को जोड़ा जाएगा। इससे बनने पर सिंगरौली से आकर बिलासपुर की ओर ट्रेनों सीधे आवाजाही कर सकेंगी। अभी सिंगरौली से बिलासपुर आने-जाने वाली मालगाड़ी का एनकेजे यार्ड में इंजन बदलना पड़ता है, जिससे अब निजात मिल जाएगी।

## ये ट्रेन की गई निरस्त

अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस 3 से 8 जून तक, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 7 जून तक, भोपाल- बिलासपुर एक्सप्रेस 3 से 9 जून तक, रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस 2, 4 व 6 जून तक, चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस 3, 5 व 7 जून तक, लखनऊ-रायपुर गरीबरथ एक्सप्रेस 2 व 5 जून, रायपुर-लखनऊ गरीबरथ एक्सप्रेस 3 व 6 जून, हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर 3 व 6 जून, दुर्ग-निजामुद्दीन हमसफर 4 व 7 जून, चिरमिरी-अनूपपुर पैसेंजर 3, 5 व 7 जून, अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर 3, 5 व 7 जून, गाड़ी संख्या 61601 कटनी-चिरमिरी मेमू 2 से 7 जून, ट्रेन नंबर 61602 चिरमिरी-कटनी मेमू 3 से 8 जून तक निरस्त रहेगी।

पाटन रोड पर हादसा, 2 गंभीर

# तेज रफ्तार कार पलटी, सरपंच की मौत

हरिभूमि जबलपुर।

पाटन थाना अंतर्गत पौड़ी -पाटन मार्ग पर ग्राम मादा के पास तेज रफ्तार एक कार पलट जाने से उसमें सवार ग्राम सरपंच की मौत हो गई, जबकि उसके पुत्र सहित एक अन्य व्यक्ति जो कार में सवार थे वो गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया है कि ये लोग कार में सवार होकर पाटन जा रहे थे। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई।



पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मादा निवासी 45 वर्षीय बेनी प्रसाद एवं उनका 22 वर्षीय पुत्र निखिल यादव एवं 48 वर्षीय रिश्तेदार मुन्ना यादव किसी काम से सकरा गांव गए हुए थे। जब यह सभी कार सवार होकर अपने ग्राम मादा लौट रहे थे। इसी दौरान मोड़ में उनका वाहन अनियंत्रित हो गया और मार्ग किनारे जाकर पलट गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची सभी घायलों को उपचार के लिए पहले पाटन अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद बेनी प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। वहीं दुर्घटना में घायल निखिल यादव एवं मुन्ना यादव को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल रवाना किया गया। पाटन पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें को जांच में लिया है।

धूल भरी आंधी के बीच बूंदाबांदी की संभावना


# बिना तपे निकल गए नौतपा

**जबलपुर।** नौतपा के नौवें और अंतिम दिन भी पारा 37 डिग्री पर ही स्थिर रहा। इस साल नौतपा अपने तेवर दिखाए बिना विदा हो गए। पूरे 9 दिन तक पारा 36 से 38 के बीच झूलता रहा, लेकिन उमस भरी गर्मी ने जमकर परेशान किया। नौतपा के छटवें दिन जहां हल्की वर्षा दर्ज



हुई वहीं कुछ दिन बूंदाबांदी भी हुई। आखिरी दिन जमकर तपन महसूस हुई। दोपहर बाद बादल छाये और उमस का वातावरण बना रहा। शाम ढलने के बाद भी तपन और उमस हावी रही। नौतपा में पूरे नौ दिन बादलों और हवाओं के बीच गुजरे, एक भी दिन पारा 40 डिग्री के ऊपर नहीं जा पाया। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग में वर्षा और धूल भरी आंधी की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग की मानें तो प्री मानसून का सिस्टम अभी डेवलप नहीं हुआ है और दक्षिण पश्चिम मानसून 16 जून तक आने की संभावना है। आसमान पर बादलों की आवक जावक बनी रही। इससे उमस घेरे रही।

सोमवार की सुबह से ही मौसम साफ रहा। जिससे तापमान को उछाल लेने का मौका मिला। तेज तपन से गर्मी महसूस की गई और बादलों की वजह से उमस ने हलाकान किया। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 37.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.2 सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 49 प्रतिशत और सायंकाल 43 प्रतिशत दर्ज की गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतमान तापमान 39.05 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30.02 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान संभाग में कहीं कहीं धूल भरी आंधी के बीच छुटपुट वर्षा होने की संभावना जताई गई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240